सूर्योदय 5:44 सूर्यास्त 7:9

आज का तापमान

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 17.0 न्यू | 24.6 अधि |
| धर्मशाला | 19.5 न्यू | 26.5 अधि |

बाजार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 80981.95 |
| निफ्टी | 24717.70 |
| सोना 70,580 | चांदी 85,778 |

www.anantgyaan.in

# अनंत ज्ञान

आरएनआई नं. HPHIN01099 | कांगड़ा | रविवार, 4 अगस्त 2024 | 20 श्रावण, विक्रमी संवत 2081 | वर्ष 1, अंक 228, कुल पृष्ठ 14 | मूल्य : 5 रुपए | follow us on: | 8894521702




अमेरिका चुनाव: डेमोक्रेटिक पार्टी से कमला हैरिस राष्ट्रपति उम्मीदवार बनीं

पृष्ठ 13 पर

## न्यूज शॉर्ट्स

### असम राइफल्स की दो बटालियन जाएंगी जम्मू



**नई दिल्ली।** जम्मू रीजन में आतंकवादी हमलों में लगातार हो रही बढ़ोतरी के बीच केंद्र ने सुरक्षा ग्रिड को मजबूत करने के लिए असम राइफल्स की 2 बटालियनों को जम्मू क्षेत्र में स्थानांतरित करने का निर्णय लिया है। मणिपुर से असम राइफल्स की 2 बटालियनें जम्मू क्षेत्र में स्थानांतरित की जाएंगी। हाल ही में जम्मू क्षेत्र में 3000 अतिरिक्त सेना जवानों और 2000 बीएसएफ कर्मियों को तैनात किया गया था।

### जापान में अमेरिकी सेना का हेलिकॉप्टर क्रैश

**टोक्यो।** जापान के कणागावा प्रिफेक्चर में अमेरिकी सेना का हेलिकॉप्टर क्रैश गया। यह घटना टोक्यो के दक्षिण-पश्चिम में हुई। राष्ट्रीय प्रसारक एनएचके के अनुसार, इस दुर्घटना में कोई घायल नहीं हुआ है। हेलिकॉप्टर एक नियमित मिशन पर था, जब यह क्रैश हुआ। सभी लोग सुरक्षित रहे।

### भारतीय सेना को मिला नया एडजुटेंट जनरल



**दिल्ली।** लेफ्टिनेंट जनरल वीपीएस कौशिक ने भारतीय सेना के एडजुटेंट जनरल का पदभार ग्रहण कर लिया है। वीपीएस कौशिक त्रिशक्ति कोर में जनरल ऑफिसर कमांडिंग (जीओसी) के रूप में कार्यरत थे।

### नेमप्लेट मामले में सुप्रीम कोर्ट में हलफनामा दाखिल

**नई दिल्ली।** होटल और रेस्टोरेंट पर नेमप्लेट मामले में उत्तराखंड सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में हलफनामा दाखिल किया है। हलफनामे में कहा कि याचिकाओं में उठाए गए सवाल निराधार हैं, जिनके पीछे कोई पुख्ता आधार नहीं है। दुकान मालिकों के नाम और पहचान बताने की आवश्यकता पारदर्शिता सुनिश्चित करने को लेकर है।

### केंद्र ने बीएसएफ चीफ व डिप्टी चीफ को हटाया

**नई दिल्ली।** गृह मंत्रालय ने बीएसएफ के दो वरिष्ठ अधिकारियों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए उन्हें उनके पदों से हटा दिया है। डीजी बीएसएफ नितिन अग्रवाल और स्पेशल डीजी वाईबी खुरानिया को उनके पदों से हटाकर उनके मूल कैडर में वापस भेजा है। जम्मू-कश्मीर में पिछले एक साल से लगातार आतंकियों की घुसपैठ रोकने में डीजी बीएसएफ और स्पेशल डीजी बीएसएफ नाकाम रहे हैं, जिस कारण उन्हें हटाया गया है।

## अंदर के पन्नों पर पढ़ें


- कहलूर खेल परिसर में बनेगा इंडोर स्टेडियम -पेज 2
- पोस्टकार्ड 556 की सुनवाई पूरी होने के बाद ही घोषित होगा रिजल्ट -पेज 6
- पंचकूला से चिट्टा सप्लाई करने आए युवक-युवती गिरफ्तार -पेज 12
- पाकिस्तान में आईएसआईएस कमांडर समेत तीन गिरफ्तार -पेज 13
- स्पिनरों से पार पाना होगा टीम इंडिया को -पेज 14


# तीसरे दिन भी 45 लोगों का सुराग नहीं, एक शव बरामद

## लापता लोगों की तलाश में सेना ने लगाए खोजी कुत्ते, अतिरिक्त जेसीबी मशीनें मंगवाईं

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

**हिमाचल** प्रदेश में छह जगह बादल फटने के तीसरे दिन शनिवार को भी सर्च ऑपरेशन जारी रहा। सर्च ऑपरेशन के दौरान राजबन में एक महिला का शव बरामद किया गया। अभी भी 45 लोग लापता हैं। रामपुर के समेज में 36 और राजबन में चार लोग लापता हैं। अब तक आठ शव मिल चुके हैं।

समेज, बागीपुल, राजबन में सेना, एनडीआरएफ, एसडीआरएफ, पुलिस और होमगार्ड जवानों ने सर्च ऑपरेशन चलाया। 250 जवानों का रेस्क्यू दल तलाश में जुटा हुआ है। शनिवार से जेसीबी मशीन तैनात कर दी है। सेना के खोजी कुत्ते भी लगाए गए हैं। अब रविवार सुबह फिर से सर्च ऑपरेशन शुरू होगा। गौर रहे कि बुधवार देर रात को श्रीखंड में बादल फटने के कारण आई बाढ़ से समेज कस्बे में 27 मकान बह गए थे। चार प्रवासी मजदूर, ग्रीनको समेज परियोजना के सात कर्मचारी, 22 स्थानीय लोगों सहित 36 लोग लापता हो गए हैं। जिला प्रशासन ने मलबा हटाने के लिए अतिरिक्त छह मशीनें मंगवाई हैं और रविवार को लापता लोगों की तलाश की जाएगी। उपायुक्त मंडी अपूर्व देवगन ने बताया कि तेरंग गांव में लापता लोगों को तलाश जारी रही। राजबन में एक महिला का शव बरामद हुआ है, जिसकी शिनाख्त नहीं हो पाई है। छह शव बरामद हो चुके हैं, चार लोग लापता हैं।



### लाइव डिटेक्टर डिवाइस का इस्तेमाल

**समेज** में एनडीआरएफ टीम ने मलबे के नीचे दबे लोगों को ढूंढने के लिए लाइव डिटेक्टर डिवाइस का इस्तेमाल किया। डीसी अनुपम कश्यप ने बताया कि जब तक सर्च अभियान चलेगा उक्त डिवाइस का इस्तेमाल किया जाएगा। वहीं, रामपुर कोषाधिकारी कार्यालय भी अगले आदेशों तक हर रात को 12 बजे तक खुला रहेगा, ताकि आपदा राहत कार्य प्रभावित न हो।

### मृतकों के परिजनों को चार-चार लाख की राहत राशि जारी

**मुख्यमंत्री** सुखविंद्र सुक्खू के निर्देश पर प्रशासन राहत और बचाव अभियान में पहले दिन से लगा हुआ है। पांच मृतकों के परिवारों को चार-चार लाख रुपए की राहत राशि जारी कर दी गई है। प्रभावित परिवारों को राशन, मेडिकल किट और तिरपाल दिए गए हैं। राजबन में एहतियात के तौर पर 25 घरों को खाली करवा दिया है। मलाणा परियोजना के पास बादल फटने के बाद मची तबाही से मलाणा गांव का संपर्क कट गया है। उधर, लाहौल-स्पीति के तांदी में फंसे 80 लोगों को सुरक्षित बचाया गया है।

### दारचा-शिंकुला मार्ग पर बादल फटने से दो पुल क्षतिग्रस्त

**कमलेश वर्मा, केलांग।** लाहौल-स्पीति जिले के दारचा-शिंकुला मार्ग पर दारचा से लगभग 16 किलोमीटर दूर शुक्रवार रात को बादल फटने से दो पुल क्षतिग्रस्त हो गए। सड़क यातायात के लिए बंद है। पुलों के क्षतिग्रस्त होने से जंस्कार घाटी का मनाली से संपर्क कट गया है। वाहनों को जंस्कार घाटी में, जबकि मनाली से जंस्कार जाने वाले वाहनों को दारचा में रोक दिया है। डीसी लाहौल-स्पीति राहुल कुमार हालात पर नजर रखे हुए हैं।

**जंस्कार घाटी का मनाली से संपर्क कटा**

# हाटियों के संवैधानिक हक का मुद्दा फिर गरमाया, अब अधिकार मिलने की उम्मीद

## हाटियों के साथ खड़ी हुई केंद्र सरकार, कानून के बावजूद पात्र नहीं बन पाए हजारों छात्र

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

**हिमाचल** प्रदेश के गिरिपार में बसे हाटियों के हकों का मामला फिर गरमा गया है। अब जल्द अधिकार मिलने के आसार हैं, क्योंकि मोदी सरकार एक बार फिर से मजबूती के साथ हाटियों के पक्ष में खड़ी हो गई है। अनुसूचित जनजाति संशोधन कानून के बावजूद हजारों छात्र नौकरियों के लिए पात्र नहीं बन पा रहे हैं। एक वर्ष पूर्व चार अगस्त को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने अधिसूचना जारी की थी, लेकिन अब भी संवैधानिक और कानूनी अधिकारों से वंचित रहना पड़ रहा है।

**सीएम सुक्खू से तत्काल हस्तक्षेप की मांग**

केंद्रीय हाटी समिति ने मुद्दे को नई धार दी है। हाटियों के हकों की दशकों से लंबी लड़ाई लड़ रही समिति ने अपना पक्ष केंद्र के समक्ष मजबूती के साथ रखा है। समिति के शिमला इकाई के पदाधिकारियों ने शनिवार को पत्रकार वार्ता की। समिति के अध्यक्ष डॉ. रमेश सिंगटा और महासचिव खजान सिंह ठाकुर, वरिष्ठ सलाहकार कपिल चौहान ने केंद्र और राज्य सरकार से आग्रह किया कि वह उनके अधिकारों को दिलाने के लिए जरूरी कार्रवाई करे। हाटी समिति ने मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू से तत्काल हस्तक्षेप करने की मांग की है। समिति का कहना है कि हाटी समुदाय पिछले 6 दशकों से राजनीतिक उपेक्षा का शिकार हुआ है। वहीं, कानून को जल्द क्रियान्वित करवाने की दिशा में पहल करने के लिए हाटी समिति की शिमला इकाई ने केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह, जनजातीय मामलों के मंत्री जुएल ओरांव, कानून मंत्री अर्जुन सिंह मेघवाल, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष व केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा, हिमाचल के पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर, सांसद सुरेश कश्यप, शिलाई के पूर्व विधायक बलदेव सिंह तोमर का आभार जताया।



पत्रकार वार्ता करते हाटी समिति के अध्यक्ष डॉ. रमेश सिंगटा व अन्य पदाधिकारी।

### संसद से पारित कानून को नहीं किया लागू

**राष्ट्रीय** अनुसूचित जनजाति आयोग ने 1979 में हाटियों को अनुसूचित जनजाति का दर्जा देने की सिफारिश की, लेकिन इस सिफारिश को केंद्र सरकार में लागू नहीं किया। फाइल को दशकों तक दबाए रखा। मोदी सरकार ने हाटी समुदाय को एसटी का कानूनी दर्जा प्रदान किया। लेफ्टआउट के लिए लंबा संवैधानिक रूट लेना पड़ा। अलग-अलग चरणों से होकर गुजरने के बाद संसद ने जिस कानून को पारित किया, वह आज भी लागू नहीं हो पा रहा है।

### गिरिपार में आंदोलन करेगा युवा वर्ग

**युवा** वर्ग गिरिपार में हाटी मामले पर आंदोलन करेगा। छात्रों को पूरे छात्रवृत्ति और नौकरियों में नुकसान आंदोलन का प्रमुख मुद्दा होगा। पहले भी महाखुमलियों में युवाओं ने बड़ी भूमिका निभाई है। अब फिर अगुवाई करेंगे।

#### संसद सुरक्षा चूक मामला

### आरोपियों की हिरासत 9 सितंबर तक बढ़ी

**नई दिल्ली।** दिल्ली की पटियाला हाउस कोर्ट ने संसद सुरक्षा चूक के मामले में दिल्ली पुलिस की ओर से दाखिल चार्जशीट पर संज्ञान लिया है। एडिशनल सेशंस जज हरदीप कौर ने सभी आरोपियों की न्यायिक हिरासत 9 सितंबर तक बढ़ा दी है। दिल्ली पुलिस ने 15 जुलाई को इस मामले में पूरक चार्जशीट दाखिल की थी। दिल्ली पुलिस ने 7 जून को दाखिल पहली चार्जशीट करीब एक हजार पन्नों की है। उसमें मनोरंजन डी, ललित झा, अमोल शिंदे, महेश कुमावत, सागर शर्मा और नीलम आजाद शामिल हैं।

# वैश्विक खाद्य सुरक्षा के समाधान पर काम कर रहा भारत : मोदी

## देश में 65 साल बाद आयोजित कृषि अर्थशास्त्रियों के 32वें अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में बोले पीएम

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने कहा कि भारत एक खाद्य अधिशेष देश बन गया है और वह वैश्विक खाद्य एवं पोषण सुरक्षा के लिए समाधान प्रदान करने की दिशा में काम कर रहा है। खाद्य अधिशेष से मतलब देश में उपभोग से ज्यादा खाद्यान्न उपलब्ध होने से है।

पीएम मोदी ने भारत में 65 साल बाद आयोजित किए जा रहे कृषि अर्थशास्त्रियों के 32वें अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन (आईसीएई) का उद्घाटन करते हुए कहा कि देश का आम बजट 2024-25 पर्यावरण अनुकूल खेती पर केंद्रित है। पीएम ने कहा कि पिछली बार जब भारत ने इस सम्मेलन की मेजबानी की थी, तब उसे आजादी मिले ज्यादा समय नहीं हुआ था और वह दौर देश में कृषि एवं खाद्य सुरक्षा के लिहाज से बेहद चुनौतीपूर्ण दौर था। भारत अब एक खाद्य अधिशेष देश है। यह दुनिया में दूध, दालों और मसालों का सबसे बड़ा उत्पादक है। भारत खाद्यान्न, फल, सब्जी, कपास, चीनी और चाय का दूसरा सबसे बड़ा उत्पादक भी बन गया है। खाद्य प्रणाली परिवर्तन पर चर्चा के लिए भारत का अनुभव मूल्यवान है और इससे वैश्विक दक्षिण को लाभ होगा। सम्मेलन में दुनिया के 70 देशों के लगभग 1,000 प्रतिनिधि हिस्सा ले रहे हैं। इंटरनेशनल एसोसिएशन ऑफ एग्रीकल्चरल इकोनॉमिस्ट्स की ओर से यह त्रिवार्षिक सम्मेलन दो से सात अगस्त तक आयोजित होगी।

### रसायन मुक्त प्राकृतिक खेती को बढ़ावा




**मोदी** ने कहा कि भारत रसायन मुक्त प्राकृतिक खेती को बढ़ावा दे रहा है। भारतीय कृषि में 90 प्रतिशत किसानों के पास बहुत कम जमीन है और ये छोटे किसान भारत की खाद्य सुरक्षा की सबसे बड़ी ताकत हैं। इसका मकसद युवा शोधकर्ताओं और अग्रणी पेशेवरों को वैश्विक समकक्षों के साथ अपने काम और नेटवर्क को पेश करने के लिए एक मंच प्रदान करना है।

#### चंडीगढ़ फैमिली कोर्ट में हत्या

# पंजाब पुलिस के पूर्व एआईजी ने आईआरएस दामाद को गोली मारी

**जगदीश शर्मा, चंडीगढ़**

**चंडीगढ़** के जिला फैमिली कोर्ट में शनिवार को पंजाब पुलिस के रिटायर्ड एआईजी मलविंदर सिंह सिद्धू ने अपने दामाद दिल्ली में तैनात आईआरएस ऑफिसर हरप्रीत सिंह को गोली मार दी।

आरोपी ने पांच गोलियां चलाईं, जिसमें से दो उसके दामाद को लगी। दोनों परिवारों के बीच कुछ महीनों से घरेलू विवाद चल रहा था। इस मामले में दोनों पक्ष शनिवार को चंडीगढ़ फैमिली कोर्ट में तीसरी बार मीडिएशन के लिए पहुंचे थे। करीब डेढ़ महीने पहले ही फैमिली कोर्ट में दोनों पक्षों के बीच समझौता करवाने के लिए एक अधिवक्ता धीरज ठाकुर को नियुक्त किया गया था। अधिवक्ता ने उन्हें कमरे में से ही बाहर शौचालय जाने का रास्ता बताया, लेकिन दामाद हरप्रीत सिंह ने कहा कि चलिए वह बाथरूम का रास्ता दिखा देता है। हरप्रीत अपने ससुर को लेकर मीडिएशन कमरे से बाहर आया तो कुछ सेकेंड बाद ही बाहर से गोली चलने की आवाज आने लगी। (अनंत ज्ञान)

# सिल्ट बढ़ने से पंडोह डैम के दो गेट जाम

## 990 मेगावॉट विद्युत परियोजना का उत्पादन बंद, चंडीगढ़ से पंडोह पहुंची स्पेशल टीम

**अनंत ज्ञान, पंडोह**

**पंडोह** डैम के दो गेट सिल्ट बढ़ने से जाम हो गए हैं। वहीं, चंडीगढ़ से स्पेशल टीम पहुंची है। डैम के 2 गेट पहली अगस्त से बंद बताए जा रहे हैं। चंडीगढ़ से बुलाई स्पेशल टीम पंप के माध्यम से सिल्ट निकालने की कोशिश कर रही है।

बीबीएमबी के चेयरमैन अपने लाव लश्कर के साथ डैम पर डेरा जमाए हुए हैं। ऐसे में साफ है कि डैम के रखरखाव में भारी कोताही हुई है। 990 मेगावॉट विद्युत परियोजना का उत्पादन दो दिनों से बंद है, जिससे करोड़ों का नुकसान हो रहा है। पंजाब, हरियाणा और दिल्ली को विद्युत सप्लाई मुश्किल हो रही है। बता दें कि उत्पादन बंद होने का सबसे बड़ा कारण बग्गी टनल की ओर डैम पर फ्लड की लकड़ी भर गई है। जब तक लकड़ी बाहर नहीं निकाली जाती, तब तक पानी बग्गी की ओर नहीं भेजा जा सकता है। कर्मचारियों की ओर से गेट के पास की सिल्ट को हटाया जा रहा है और अन्य तकनीकों पर भी विचार चल रहा है। झील को खाली कर दिया गया है, ताकि पानी के बहाव को कम किया जा सके। प्रदेश में चार दिनों का मौसम अलर्ट जारी किया है। यदि कुल्लू-मनाली में फिर से भारी बारिश होती है तो पानी का स्तर बढ़ने से पंडोह डैम पर खतरा बढ़ सकता है। सूत्रों के अनुसार, डैम की देखरेख भी पार्ट टाइम वर्कर्स से करवाई जाती है। राष्ट्र गौरव परियोजना को संकट का ग्रहण लग गया है।

बीबीएमबी के चेयरमैन इंजीनियर मनोज त्रिपाठी ने इस मामले में कुछ भी कहने से इनकार कर दिया। उन्होंने कहा कि जब गेट खुल जाएंगे तो आपसे बात करूंगा।



पंडोह डैम के दो गेट सिल्ट बढ़ने से जाम हुए। (दाएं) पंप से सिल्ट निकालने की कोशिश करती चंडीगढ़ से आई स्पेशल टीम।

# राजस्व लोक अदालतें लगाकर दस माह में निपटाए 1,87,565 मामले : सुक्खू

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

**मुख्यमंत्री** सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा कि प्रदेशभर में अक्तूबर 2023 से जुलाई 2024 तक प्रदेश सरकार ने विशेष राजस्व लोक अदालतों के माध्यम से 1,87,565 राजस्व मामलों का निपटारा किया है। विशेष राजस्व लोक अदालतों में 1,63,268 इंतकाल, 9,417 तकसीम, 12,453 निशानदेही और 2,427 राजस्व त्रुटियों के मामलों का निस्तारण किया है।

मुख्यमंत्री सुक्खू ने कहा कि देश में पहली बार किसी प्रदेश सरकार ने वर्षों से लंबित पड़े राजस्व मामलों की समस्या का समाधान करने के लिए इस तरह की लोक अदालतों का आयोजन कर मिशन मोड में कार्य किया, जिसके सकारात्मक परिणाम सामने आ रहे हैं। इनके माध्यम से प्रदेश में 30 और 31 जुलाई, 2024 को 10,746 इंतकाल, 408 तकसीम और 541 निशानदेही के मामले निपटाने के साथ-साथ 131 राजस्व त्रुटियों को सुधारा गया है। जुलाई 2024 में 16,514 इंतकाल, 554 तकसीम और 2,142 निशानदेही व 464 राजस्व त्रुटियों के मामलों का निस्तारण किया गया और जुलाई में 31,500 राजस्व मामलों का निपटारा हुआ।

### लोगों की समस्याओं का घर-द्वार समाधान

**सुक्खू** ने कहा कि प्रदेश के लोगों को इन अदालतों के माध्यम से घरद्वार पर अपनी समस्याओं का समाधान मिल रहा है। सरकार की इस पहल से वर्षों से लंबित पड़े मामलों का समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित हो रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार के प्रयासों के फलस्वरूप ही आमजन को राहत मिल रही है। सरकार ने अक्तूबर 2023 से राजस्व लोक अदालतों का आयोजन करने के लिए विशेष अभियान शुरू किया है। इस अभियान के अंतर्गत प्रत्येक माह के अंतिम दो कार्य दिवस में इन लोक अदालतों का आयोजन कर लंबित राजस्व मामलों का समाधान किया जाता है, जिससे लोगों को राजस्व कार्यालयों के बार-बार चक्कर न लगाने पड़ें।

# प्रदेश में सरकारी कर्मियों के तबादलों पर लगी रोक

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

**प्रदेश** में एक बार फिर सरकारी विभागों में होने वाले तबादलों पर पूर्ण रोक लग गई है। सरकार ने पांच अगस्त यानी सोमवार से कर्मचारियों के तबादलों पर पूरी तरह से प्रतिबंध लगा दिया है। इस संबंध में शनिवार को आदेश जारी हुए हैं।

आगामी आदेशों तक सरकारी विभागों में पूर्ण रूप से प्रतिबंध रहेगा। केवल विशेष परिस्थितियों में मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू की स्वीकृति पर ही तबादले हो सकेंगे। सभी विभागों के प्रशासनिक सचिवों, विभाग अध्यक्षों, जिला उपायुक्तों और उपमंडल आयुक्तों को आदेशों का कड़ाई से पालन करने के निर्देश दिए हैं। कर्मचारियों के तबादलों पर रोक का मकसद सरकारी कार्यों में स्थिरता और निरंतरता सुनिश्चित करना है। साथ ही यह फैसला सरकारी कार्यों में पारदर्शिता और जवाबदेही को बढ़ावा देगा। बता दें कि राज्य सचिवालय में तबादले करवाने के लिए कर्मचारियों की भीड़ लगी रहती है। प्रदेश सरकार ने पिछले दिनों कैबिनेट बैठक में शैक्षणिक सत्र के बीच शिक्षकों के तबादलों पर रोक लगाने का फैसला लिया था। इसके बाद पहली अगस्त से शिक्षकों के तबादलों पर रोक लग गई थी।

**सीएम सुक्खू की स्वीकृति पर ही तबादला होगा**

### रडार की मदद से ढूंढे जाएंगे मलबे में दबे लोग

**वायनाड (केरल)।** केरल में भू-स्खलन से तबाह हुए गांवों में मलबे में दबे लोगों का पता लगाने के लिए प्रभावित इलाकों में गहराई तक खोज करने में सक्षम रडार तैनात किए जाएंगे। रक्षा जनसंपर्क अधिकारी ने बताया कि केरल सरकार ने प्रभावित इलाकों में उन्नत रडार उपकरणों को तैनात करने का अनुरोध किया है, जिसमें एक जेवर रडार और चार रीको रडार शामिल हैं। वहीं, केरल के मुख्यमंत्री पिनराई विजयन ने कहा कि आपदा प्रभावित वायनाड में तलाश और बचाव अभियान अपने अंतिम चरण में है, लेकिन 206 लोग अब भी लापता हैं। उन्होंने कहा कि भू-स्खलन प्रभावित क्षेत्रों से अब तक 218 लोगों के शव बरामद किए जा चुके हैं।

**वायनाड हादसा : 218 से ज्यादा पहुंची मृतकों की संख्या**




# शिमला-बिलासपुर



## न्यूज ब्रीफ

### अतिरिक्त मुख्य सचिव ने किए हाटेश्वरी माता के दर्शन



**अनंत ज्ञान, जुब्बल।** हिमाचल प्रदेश सरकार में अतिरिक्त मुख्य सचिव ओंकार शर्मा ने देर रात को हाटकोटी में मां हटेश्वरी के दर्शन किए, इससे पूर्व वे शराचली क्षेत्र के रौंटान गांव में आयोजित बागवत शिवपुराण में शामिल हुए। इस दौरान पुलिस, प्रशासन एवं तहसीलदार जुब्बल गुरमीत नेगी, हिमाचल प्रदेश कब्बडी एसोसिएशन के अध्यक्ष राजकुमार भ्रांटा, हिमाचल प्रदेश पैरा बैडमिंटन एसोसिएशन के अध्यक्ष बलवंत झौटा एवं मंदिर कमेटी के सभी सदस्य मौजूद रहे।

### दो लोगों से चिट्टा बरामद, मामला दर्ज

**अनंत ज्ञान, रोहड़ू।** मेंहदली में गश्त के दौरान रोहड़ू पुलिस को गुप्त सूचना मिली कि एचपी 06बी-1034 वाहन में कुछ सदेंहास्पद व्यक्ति सवार है। पुलिस ने जब तलाशी ली तो वाहन में दो व्यक्ति बैठे हुए पाए , जिसमें जोगिंद्र सिंह (41)गांव अढाल व अनुप कुमार (47) गांव बराडा से पुलिस ने 15-15 ग्राम चिट्टा बरामद किया है। एसडीपीओ रोहडू रविंद्र नेगी ने बताया कि मादक पदार्थ अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है।

### यूनिवर्सल कार्टन लागू करना कांग्रेस की देन : बलदेव



**अनंत ज्ञाना, रोहड़ू।** भाजपा नेत्री व कार्यकर्ताओं द्वारा रोहड़ू में प्रेस वार्ता आयोजित कर प्रदेश सरकार द्वारा यूनिवर्सल कार्टन लागू करने के फैसले के पक्ष में अपना समर्थन दिया है। रोहड़ू युवा कांग्रेस के ब्लाक अध्यक्ष बलदेव ने बताया कि उसके लिए सरकार गंभीर है और रोहड़ू विधानसभा क्षेत्र के विधायक व मुख्य संसदीय सचिव मोहन लाल ब्राक्टा ने तेज तूफान के कारण रोहड़ू विधानसभा में जो नुकसान हुआ है, उस विषय पर उन्होंने मुख्यमंत्री व बागवानी मंत्री से चर्चा की। बलदेव सींटियाण ने कहा कि जिस यूनिवर्सल कार्टन की आज भाजपा के कार्यकर्ता तारीफ कर रहे हैं उस यूनिवर्सल कार्टन को लागू करवाने में मुख्य संसदीय सचिव बागवानी मोहन लाल और बागवानी मंत्री जगत सिंह नेगी की बहुत बड़ी देन हैं।

### डॉ. राजीव ने रामपुर व आनी का किया दौरा



**अनंत ज्ञान, शिमला।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल ने कहा की रामपुर व आनी के क्षेत्र में आई प्राकृतिक आपदा से अथाह नुकसान हुआ है। बिंदल ने कहा की रामपुर क्षेत्र के गानवी पहुंचने पर पाया कि मध्य रात्रि में बड़े-बड़े पेड़ों के साथ हजारों टन मलवा गानवी खड्ड में आ गया और 6 पक्के मकान मलवे के साथ बह गए। एक परिवार जिसमें बेटी की शादी की तैयारियां चल रही थी, खुशियों का माहौल था, इस घटना से सब कुछ मिनटो में तबाह हो गया। शादी के लिए खरीदा गया सारा साजो-सामान, सोना, चांदी, कपड़े इत्यादि सब पानी के साथ बह गए। इस प्रकार समेज में, गानवी में, बागी में, केदस में सब जगह जो तबाही हुई है वह श्रीखंड पर्वत पर किसी एक स्थान पर बादल फटने से हुई।

### एमबीबीएस प्रशिक्षु छात्रों ने निकाली रैली

**अनंत ज्ञान, शिमला।** शिमला के आईजीएमसी में स्टेट ऑर्गन एंड टिशु ट्रांसप्लांट आर्गेनाइजेशन की ओर से इंडियन ऑर्गन डोनेशन-डे मनाया गया। इसमें एमबीबीएस के प्रशिक्षु छात्रों ने आईजीएमसी से लेकर रीगल तक अंगदान जन जागरूकता रैली निकाली। आईजीएमसी की संयुक्त निदेशक ईशा ठाकुर, डिप्टी एमएस डॉक्टर प्रवीण भाटिया व नोडल अधिकारी डॉक्टर पुनीत महाजन ने हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया। इस दौरान दौरान एमबीबीएस के प्रशिक्षक को छात्रों द्वारा बनाए गए पोस्टर और स्लोगन राइटिंग प्रतियोगिता में भाग लेने वाले छात्रों को सम्मानित किया गया। छात्रों को प्रोत्साहन राशि सहित गोल्ड सिल्वर और ब्रॉन्ज मेडल से नवाजा गया। नेत्र रोग विभाग अध्यक्ष डॉ. रामलाल ने बताया कि आईजीएमसी में नेत्र रोग विभाग के तहत आई बैंक साल 2010 से अभी तक सुचारू रूप से चल रहा है।

### स्वयंसेवियों ने की स्कूल परिसर की साफ-सफाई



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला कोठीपुरा में एक दिवसीय विशेष एनएसएस शिविर का आयोजन किया गया। इस मौके पर स्वयंसेवियों ने स्कूल परिसर की साफ-सफाई की। स्कूल एनएसएस प्रभारी सुरेंद्र कुमार ने बताया कि इस विशेष शिविर के दौरान स्वयंसेवियों ने स्कूल में उगी खरपतवार को उखाड़ा। परिसर की क्यारियों को भी संवारा गया। साथ ही सूखे और गीले कचरे का निष्पादन किया गया। समय-समय पर बच्चे स्कूल के आने जाने वाले रास्ते और जल स्रोतों की सफाई करते हैं। प्रधानाचार्य ने शिविर में स्वयंसेवियों को एनएसएस के महत्व के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि एनएसएस से जुडक़र बच्चे राष्ट्रनिर्माण में भूमिका निभाते हैं। बच्चों के लिए आगे आने का यह एक अच्छा माध्यम है। पढ़ाई के साथ हर गतिविधि में बच्चों को आगे आना चाहिए। इससे बच्चों का सर्वांगीण विकास होता है और शिक्षा का मूल उद्देश्य बच्चों का सर्वांगीण विकास करना है। इस मौके पर सभी अध्यापक मौजूद रहे।

### स्वतंत्रता दिवस समारोह की तैयारियों पर की बैठक

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** स्वतंत्रता दिवस की तैयारियों को लेकर उपायुक्त आबिद हुसैन सादिक ने शनिवार को बचत भवन में अधिकारियों के साथ आवश्यक बैठक की। उन्होंने बताया कि स्वतंत्रता दिवस कार्यक्रम रावमापा बिलासपुर (छात्र) के खेल मैदान में आयोजित होगा। उन्होंने बताया कि स्वतंत्रता दिवस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि द्वारा सर्वप्रथम शहीद स्मारक चंगर में माल्यार्पण किया जाएगा। उसके उपरांत मुख्य अतिथि ध्वाजारोहण और राष्ट्रगान, परेड का निरीक्षण, भव्य मार्च पास्ट सलामी तथा जिलावासियों को संबोधित करेंगे। उन्होंने बताया कि समारोह के दौरान देश भक्ति और स्थानीय संस्कृति से ओत-प्रोत सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए जाएंगे। उन्होंने सांस्कृतिक कार्यक्रम की तैयारियों के लिए संबंधित अधिकारियों से जानकारी ली। इसके साथ ही उपायुक्त ने समारोह स्थल में बैठने की व्यवस्था, पेयजल, विद्युत तथा अन्य सभी व्यवस्थाएं निर्धारित समय अवधि पर करने के लिए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

### संस्कार सोसायटी ने चिट्‌टे के खिलाफ मुहिम को सराहा

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं।** संस्कार सोसायटी घुमारवीं, बिलासपुर जिला प्रशासन द्वारा नशे के खिलाफ विशेष कर चिट्टे के खिलाफ निर्णायक अभियान शुरू करने को एक अच्छी व सार्थक पहल बताया है। संस्कार सोसायटी के संस्थापक महेंद्र धर्मानी ने कहा कि आज जिस प्रकार से चिट्टा हमारे बच्चों को व परिवारों को खोखला व नष्ट कर रहा है वह एक जागरूक समाज व जिम्मेदार समाज के लिए चिंता वह बड़ा खतरा है। महेंद्र धर्माणी ने कहा कि संस्कार सोसायटी ने अक्टूबर 2023 से घुमारवीं अगेंस्ट चिट्टा अभियान के अंतर्गत जागरूकता अभियान प्रारंभ किया है। जागरूकता अभियान में पंचायत प्रतिनिधियों से संवाद, स्कूली छात्र-छात्राओं की बैठकें, आईटीआई और कोचिंग सेंटर में युवाओं से बातचीत, युवाओं से एक सर्वेक्षण के माध्यम से कार्यक्रम आयोजित किए गए हैं।

### तकनीकी शिक्षा मंत्री होंगे टूर्नामेंट में मुख्यातिथि

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला डंगार में अंडर-14 बाल जोनल टूर्नामेंट (भराड़ी जोन) के उद्घाटन समारोह में तकनीकी शिक्षा, वोकेशनल, औद्योगिक प्रशिक्षण, शहरी एवं ग्रामीण नियोजन मंत्री राजेश धर्माणी मुख्यातिथि होंगे। यह जानकारी देते हुए पाठशाला प्रधानाचार्य रेखा शर्मा ने कहा कि मंत्री पांच अगस्त 2024 को ग्यारह बजे इस टूर्नामेंट का उद्घाटन करेंगे। इस आयोजन के लिए पाठशाला प्रबंधन समिति, अध्यापक, अविभावक तथा विद्यार्थी उत्साहित तथा उत्सुकता से प्रतीक्षा कर रहे हैं। रेखा शर्मा ने कहा कि 5 से 7 अगस्त 2024 तक भराड़ी जोन के इस टूर्नामेंट के सफल आयोजन के लिए विभिन्न समितियां गठित कर पाठशाला परिसर में तैयारियां चल रही हैं। उन्होंने कहा कि इस टूर्नामेंट में उपस्थिति के लिए सम्बंधित ज़ोन के प्रधानाचार्यों, मुख्याध्यापकों माध्यमिक पाठशालाओं के प्रभारियों को टीम भेजने के लिए तथा अविभावकों तथा क्षेत्रवासियों को आमन्त्रित किया गया है।

---

### अगस्त का महीना सबसे अधिक विषैला, सांप काटने पर जल्द पहुंचें अस्पताल

# इस साल 200 से अधिक लोगों को डसा



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

हिमाचल में सर्पदंश के मामले प्रत्येक वर्ष बढ़ते ही जा रहे हैं। जो की चिंता की विषय बन चुका है। इन दिनों बरसात के चलते सांप काटने के मामले लगातार बढ़ रहे है। ऐसे में अब लोगों को अलर्ट रहना होगा। इस वर्ष भी प्रदेश के अस्पतालों में 200 से अधिक सर्पदंश के आ चुके हैं।

इस बारे में आईजीएमसी फोरेंसिक मैडिसन विभाग के विशेषज्ञ डॉ. राहुल गुप्ता ने कहा कि वैसे तो जून व जुलाई में सांप काटने के मामले अधिक आते थे, लेकिन अगस्त का महीना सबसे विषैला है। ऐसे में लोगों को अर्लट रहना होना। हिमाचल में अधिकांश सर्पदंश ग्रामीण इलाकों में खेत, गसियानी और घर के अंदर होते हैं। जहां 90 प्रतिशत लोग खेतों और जंगलों के करीब घरों वाले गांवों में रहते हैं। सर्दियों में सांप काटने के मामले नगण्य होते हैं, लेकिन जून से अक्तूबर के बीच यह संख्या बढ़ जाती है।

डा. राहुल ने बताया कि कोबरा और करैट सांप के काटने के बाद इनका न्यूरोटॉक्सिक जहर इंसान के स्नायु तंत्र को निष्क्रिय करता है और मौत का कारण है। करैट ज्यादातर जमीन पर सो रहे लोगों को काटता है। प्रदेश में सबसे ज्यादा मामले कांगड़ा जिले में पाए जाते हैं, उसके बाद मंडी, सोलन, हमीरपुर और शिमला में मिलते हैं। 54 प्रतिशत पुरूष जबकि 46 प्रतिशत महिलाएं सर्पदंश का शिकार बनते हैं। बहुत से लोग अभी भी चिकित्सा सेवा का लाभ नहीं उठाते हैं और इसके बजाय उन्हें पहले ओझा (पारंपरिक चिकित्सकों) के पास ले जाया जाता है, जिसके परिणामस्वरूप समय चूक जाता है और ये जानलेवा साबित होता है।

ओझाओं पर विश्वास का कारण यह है कि केवल पांच प्रकार के सांपों की प्रजातियां जहरीली होती हैं और बाकी सभी विषैले नहीं होते हैं यानी 70 प्रतिशत से अधिक सांप विषैले नहीं होते हैं। कई लोग घबराहट में प्राथमिक उपचार तथा उपचार के गलत तरीके अपनाकर मामला बिगाड़ देते हैं। करैट लंबाई में एक मीटर तक होता हैं।

#### इन बातों का रखें ध्यान

**ध्यान** रहे सर्पदंश वाली बाजू या टांग को सपोर्ट और स्थिर करते हैं, ताकि जहर ज्यादा न फैल जाए।

स्प्लिंट्स के साथ अंग की पकड़ बनाने के लिए पट्टियों या कपड़े का हलके से बांधने के लिए प्रयोग करें, रक्त आपूर्ति को अवरुद्ध न करें या अंग पर ज्यादा दबाव न डालें। रोगी को अपने सांस सुरक्षित रखने के लिए बाईं ओर करवट देकर झुका हुआ लेटाना चाहिए। पीड़ित को चिकित्सा स्वास्थ्य सुविधा तक नहीं पहुंचाया जाता, तब तक मुंह से कुछ भी न डालें। सर्पदंश पीड़ित को शीघ्र अस्पताल में जाएं।

#### यह रहा पिछले दो सालों का आंकड़ा

**दो** सालों में कांगड़ा जिला में 356 लोगों को सांप ने अपना शिकार बनाया है। जबकि मंडी जिला में 179 लोगों व हमीरपुर में 175 लोग सांप के शिकार हुए हैं। इसी प्रकार प्रदेश के बिलासपुर में 141 मामले, चंबा में 166 मामले, किन्नौर में 16 मामले, कुल्लू में 62, लाहुल-स्पीति में 1 मामला, शिमला में 144, सिरमौर में 89, सोलन में 126 और ऊना में 82 मामले सामने आए हैं। इन सब लोगों को समय रहते 108 के माध्यम से नजदीकी अस्पताल में लाया गया।

---

### चिकित्सा महाविद्यालयों में प्रदान की जाएंगी विश्वस्तरीय स्वास्थ्य सेवाएं : सीएम

**अनंत ज्ञान, शिमला**

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने डॉ. राजेंद्र प्रसाद चिकित्सा महाविद्यालय टांडा, जिला कांगड़ा तथा इंदिरा गांधी चिकित्सा महाविद्यालय शिमला की समीक्षा बैठक की। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार राज्य के चिकित्सा महाविद्यालयों को सशक्त करने के लिए साधन और संसाधनों को व्यापक स्तर पर सृजित और सुदृढ़ करेगी। उन्होंने कहा कि महाविद्यालयों में विशेषज्ञ चिकित्सकों और पर्याप्त स्टाफ की समुचित तैनाती सुनिश्चित की जाएगी।

उन्होंने चिकित्सा महाविद्यालयों में स्नातकोत्तर विषयों की सीटों की संख्या बढ़ाने के लिए आवश्यक प्रक्रिया पूर्ण करने के निर्देश भी दिए। उन्होंने सभी स्वास्थ्य संस्थानों में कमियों को चिन्हित कर उनका उचित समाधान सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि गुणात्मक चिकित्सा देखभाल के लिए छह मरीजों के अनुपात पर एक स्टाफ नर्स तैनात की जाएगी। मुख्यमंत्री ने डॉ. राजेन्द्र प्रसाद चिकित्सा महाविद्यालय टांडा की कार्यप्रणाली की समीक्षा करते हुए कहा कि अस्पताल में चिकित्सकों से परामर्श के लिए प्रतीक्षा अवधि कम की जाएगी और परामर्श अवधि बढ़ाई जाएगी।

मुख्यमंत्री ने टांडा महाविद्यालय में विभिन्न परियोजनाओं के निर्माण कार्य की समीक्षा भी की। उन्होंने कहा कि बीएससी नर्सिंग कक्षाएं भी शुरू की जाएंगी। मुख्यमंत्री ने महाविद्यालय में विशेषज्ञ चिकित्सकों, पैरा मेडिकल तथा अन्य श्रेणियों के विभिन्न पदों को भरने की स्वीकृति भी दी। सुक्खू ने इंदिरा गांधी चिकित्सा महाविद्यालय शिमला की समीक्षा करते हुए इसमें विभिन्न श्रेणियों के पदों के सृजन और लोगों को विश्व स्तरीय स्वास्थ्य सुविधाएं सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए। बैठक में बताया गया कि वर्ष 2023 में इंदिरा गांधी चिकित्सा महाविद्यालय के मेडिसिन विभाग में 1,43,291 मरीजों, आर्थोपेडिक्स विभाग में 85,161, जनरल सर्जरी विभाग में 77,012 मरीजों सहित सभी विभागों में 8,72,829 मरीजों ने चिकित्सा सुविधा का लाभ उठाया।

---

### पर्यावरण को साफ और सुरक्षित बनाए रखने के लिए करें पौधरोपण : रोहित

**अनंत ज्ञान, शिमला**



स्थानीय लोगों के साथ शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर।

शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने एक दिवसीय प्रवास के दौरान अपने विधानसभा क्षेत्र जुब्बल नावर कोटखाई के प्रवास पर थे। इस दौरान उन्होंने जुब्बल उपमंडल के अंतर्गत मांदल में हिमाचल प्रदेश वन विभाग द्वारा आयोजित खंड स्तरीय वन महोत्सव में शिरकत की जहां पर उन्होंने पौधरोपण अभियान के अंतर्गत देवदार के पौधे भी रोपे। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि आज अपने विधानसभा क्षेत्र के दौरे पर उन्हें पौधारोपण जैसे अत्यंत पुनीत एवं महत्वपूर्ण कार्य करने का सुअवसर प्राप्त हुआ है।

वहीं शिक्षा मंत्री ने कहा कि हिमाचल प्रदेश में पिछले दिनों हुई भारी वर्षा के दौरान प्रदेश के विभिन्न स्थानों पर कुछ दु:खद घटनाएं हुई हैं। रोहित ठाकुर ने कहा कि इस बार हिमाचल में मानसून देरी से आया है और शुरुआत में ही हिमाचल को काफी नुकसान का सामना करना पड़ा है।

शिक्षा मंत्री ने कहा कि सेब सीजन अब शुरू हो चुका है तथा सरकार और सभी संबधित विभाग इस वर्ष सेब सीजन को निर्विघ्न और सुचारु रूप से चलाने और पूरा करने हेतू कटिबद्ध है। बागवानों को अपनी फसल मंडियों तक पहुँचाने में कोई असुविधा न हो इसलिए सरकार द्वारा सभी विभागों एवं अधिकारियों को निर्देश दिए जा चुके है।

### एसडीएम रोहडू ने किया मेहंदली फल मंडी का निरीक्षण

**अनंत ज्ञान, रोहडू।** उपमंडलाधिकारी रोहडू विजय वर्धन सारस्वत ने मेहंदली फल मंडी का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण का मुख्य उद्देश्य सेब सीजन की प्रगति और मंडी में चल रहे कार्यों की समीक्षा करना था।

निरीक्षण के दौरान एसडीएम ने किसानों, व्यापारियों व अधिकारियों से मुलाकात की और सेब की खरीद, बिक्री व भंडारण की व्यवस्था का गहन निरीक्षण किया। उन्होंने सेब के यूनिवर्सल कार्टन की गुणवत्ता, तोल व बोली प्रक्रिया और मंडी में साफ–सफाई की स्थिति की भी समीक्षा की।

निरीक्षण के दौरान मंडी में लगे कांटों की वजन मानकीकरण भी जांची गई। इस अवसर पर उनके साथ संजय ठाकुर प्रभारी, एपीएमसी रोहडू आदि भी मौजूद रहे।

### समेज में दो बैली ब्रिज किए जाएंगे स्थापित : विक्रमादित्य

**रविन्द्र जस्टा, शिमला**



घटनास्थल का निरीक्षण करते विक्रमादित्य व अन्य।

लोक निर्माण एंव शहरी विकास मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने शनिवार को समेज घटना स्थल का निरीक्षण किया। इस दौरान प्रभावित लोगों और पीड़ितों से भी मिले। घटना स्थल पर स्थानीय लोगों ने घटना के बारे में कैबिनेट मंत्री को बताया।

कैबिनेट मंत्री ने कहा कि समेज गांव में दो बैली ब्रिज स्थापित किए जाएंगे। इसके लिए शिमला से वैली ब्रिज का सामान मंगवा लिया गया है। कुछ ही दिनों में वैली ब्रिज सुचारू हो जाएंगे ताकि स्थानीय लोगों को आवागमन की सुविधा उपलब्ध हो सके। उन्होंने कहा कि यहां पर अतिरिक्त मशीनरी की तैनाती की जा रही है ताकि खोज एवं बचाव कार्य को और तीव्रता मिल सके। इस बारे में संबंधित विभाग को निर्देश दे दिए गए है। कैबिनेट ने कहा कि यह त्रासदी झकझोरने वाली है। हम पूरी तरह लोगों के साथ खड़े है।

उपायुक्त शिमला अनुपम कश्यप ने इस दौरान कैबिनेट मंत्री को खोज एवं बचाव कार्यो के बारे में विस्तृत जानकारी दी। इस दौरान 7वें राज्य वित्त आयोग के अध्यक्ष एवं विधायक रामपुर नंद लाल, पूर्व सांसद एवं कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष प्रतिभा सिंह आदि मौजूद रहे।

### डिजिटली भी बैठकों से जुड़ सकेंगे समिति सदस्य : पठानिया

**अनंत ज्ञान, शिमला।** हिमाचल प्रदेश विधान सभा सचिवालय के मुख्य समिति कक्ष में समितियों के सभापति की बैठक की अध्यक्षता करते हुए हिमाचल प्रदेश विधान सभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने कहा कि अब समिति सदस्य समिति की बैठकों में ऑनलाइन भी जुड़ सकेंगे।

पठानिया ने कहा कि जिस तरह से टैक्नोलॉजी का विकास निरन्तर हो रहा है उसी तरह हमें भी व्यवहारिक होना आवश्यक है। पठानिया ने कहा कि इससे समिति के कोरम की समस्या भी नहीं रहेगी तथा समिति के कार्य में दक्षता भी आएगी। पठानियां ने कहा कि जो सदस्य व्यक्तिगत रूप से विधान सभा सचिवालय में बैठक में उपस्थित रहेंगे केवल वही के पात्र होंगे। पठानिया ने सभापति को कहा कि उन्हें समिति सदस्यों को जिम्मेदारियों का एहसास करवाने की आवश्यकता है।

---

# कहलूर खेल परिसर में बनेगा इंडोर स्टेडियम

### खेल विभाग बिलासपुर ने शुरू की कवायद, 3 करोड़ होंगे खर्च, डीपीआर की जा रही है तैयार

**शुभम राही, बिलासपुर**



बिलासपुर के ऐतिहासिक कहलूर खेल परिसर में जल्द ही 3 करोड़ का इंडोर स्टेडियम बनने जा रहा है। इस इंडोर स्टेडियम के बनने से एक तरफ जहां खिलाड़ियों को इसकी सुविधा मिलेगी वहीं, खेल विभाग बिलासपुर के पास दो इंडोर स्टेडियम हो जाएंगे। इससे पहले विभाग के पास मात्र एक ही कम स्पेस का इंडोर स्टेडियम है। परंतु अब दूसरे इंडोर स्टेडियम के बनने से यहां पर खिलाड़ियों की संख्या में भी इजाफा होगा साथ ही यहां पर खेल विभाग के पास अन्य कई और गेम्स शुरू करने की भी प्लानिंग बनेगी।

जानकारी के अनुसार कहलूर खेल परिसर में बनने जा रहा दूसरा इंडोर स्टेडियम कहलूर खेल परिसर में बनेगा। जिसके लिए विभाग ने स्थान भी चिन्हित कर लिया है और इसकी डीपीआर भी तैयार की जा रही है। वहीं, इस इंडोर स्टेडियम को बनाने के लिए 3 करोड़ रुपए भी पहुंच चुके है। जिसको इस इंडोर स्टेडियम में आधुनिक सुविधा प्रदान करवाने के लिए खर्च किए जाएंगें। विभागीय जानकारी के अनुसार इस इंडोर स्टेडियम में बॉक्सिंग, टायकमांड़ों, कराटे, कब्बड़ी सहित कई अन्य प्रकार की इंडोर गेम्स खेली जाएंगी। वहीं, आपको यह भी बता दें कि एक समय में यह सारी गेम्स यहां पर खेली जा सकती है। क्योंकि इसको बनाने के लिए काफी स्पेस कवर किया जा रहा है। ताकि विभाग को किसी भी प्रकार की कोई दिक्कत न हो। गौरतलब है कि बिलासपुर जिला में कुछ समय से खेलों का प्रचलन कम होता नजर आ रहा था। इसका मुख्य कारण नशे का बढ़ता प्रचलन और खेल सुविधाएं कम होना भी है। लेकिन यहां पर तैनात जिला खेल अधिकारी रवि शंकर के प्रयासों से यह सब धीरे–धीरे संभव हो रहा है। वहीं, बिलासपुर जिला में इस तरह से इंडोर स्टेडियम के बनने से यहां पर खिलाड़ियों की संख्या भी बढ़ेगी।

साथ ही यहां पर पहले से एक ही इंडोर स्टेडियम होने के चलते खिलाड़ियों को कम समय भी मिलता था। क्योंकि यहां पर बैडेमिंटन के समय दो कोट होने के चलते खिलाड़ियों को कम समय मिलता था। अगर यह इंडोर स्टेडियम भी तैयार हो जाता है तो खिलाड़ी दूसरे इंडोर स्टेडियम में जाकर अपना अभ्यास कर सकते हैं। (अनंत ज्ञान)

#### घुमारवीं में भी बनाया जा रहा इंडोर स्टेडियम

**बता** दें कि घुमारवीं क्षेत्र में भी इंडोर स्टेडियम बनाया जा रहा है। जिसके लिए कवायद शुरू हो गई है और स्थान भी चिन्हित कर लिया गया है। जल्द ही यहां पर कार्य शुरू होने जा रहा हैं।



**कहलूर** खेल परिसर में 3 करोड़ रुपए की लागत से इंडोर स्टेडियम बनाया जा रहा है। इसके लिए डीपीआर तैयार की जा रही है। खिलाड़ियों को बेहतर सुविधा देने के लिए विभाग कार्यरत हैं।

**- रवि शंकर, जिला खेल अधिकारी बिलासपुर।**

### एचआईवी के बारे में जागरूकता फैलने के लिए करवाई मैराथन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

जिला मुख्यालय के शहीद स्मारक पर स्वास्थ्य विभाग की ओर से एचआईवी के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए मैराथन का आयोजन किया गया। इसमें जिला बिलासपुर के सभी कॉलेजों के रेड रिबन क्लाइंट के छात्र–छात्राओं ने भाग लिया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी प्रवीण कुमार ने मैराथन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। मैराथन शहीद स्मारक से होते हुए शहर के विभिन्न हिस्सों से होकर वापस शहीद स्मारक पर समाप्त हुई।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि मैराथन का उद्देश्य जिला में एड्स से बचाव को लेकर जागरूक करना है। एसटीआई–एचआईवी के बारे में ज्ञान और जागरूकता होना आवश्यक है। यदि परिवार और अभिभावक पहले खुद जागरूक होंगे तो वे अपने बच्चों को जागरूक कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि मैराथन में लड़कों और लड़कियों की श्रेणी में प्रथम तीन स्थान प्राप्त करने वालों को राज्य स्तरीय एचआईवी जागरूकता कार्यक्रम के मैराथन में भाग लेने का मौका मिलेगा जहां जिला स्तर के विजेता और राज्य स्तर के विजेताओं को पुरस्कृत किया जाएगा।

#### लविश प्रथम, आयुष रहे तीसरे स्थान पर

**बिलासपुर, घुमारवीं।** इस मैराथन में जिला बिलासपुर के विभिन्न संस्थानों के विद्यार्थियों ने भाग लिया। लड़कियों के वर्ग में राजकीय महाविद्यालय बिलासपुर की तृतीय वर्ष की छात्रा कोमल ने प्रथम स्थान, गौरवी ने द्वितीय स्थान तथा पलक ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। लड़कों के वर्ग में राजकीय महाविद्यालय बिलासपुर के लविश ने प्रथम स्थान प्राप्त और अमित कुमार ने चौथा स्थान प्राप्त किया। वहीं, स्वामी घुमारवीं महाविद्यालय से तीन छात्र और तीन छात्राओं ने प्रतियोगिता में हिस्सा लिया। इनमें बीकॉम द्वितीय वर्ष के छात्र आयुष वर्मा ने तीसरा स्थान हासिल किया।

---

# माइनिंग की बैठक में अपनी नीयत साफ कर जाएं त्रिलोक जम्वाल : बंबर ठाकुर

### कहा, माइनिंग फंड का पैसा संबंधित क्षेत्र में कम और झंडूता में ज्यादा लगा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**



जिला प्रशासन द्वारा कुछ ही दिनों के भीतर माइनिंग फंड्स की बैठक आयोजित की जा रही है। इस बैठक में माइनिंग फंड्स के तहत जिला के विकासात्मक कार्यों पर चर्चा और फंडिंग की बात की जाएगी। ऐसे में सदर के विधायक त्रिलोक जम्वाल इस बैठक में अपनी नीयत साफ करके जाएं और माइनिंग फंड्स के तहत आने वाले संबंधित क्षेत्र का पैसा उसी क्षेत्र में लगाया जाए। ताकि संबंधित क्षेत्र के लोगों को इसका लाभ मिल सके। यह बात शनिवार को नगर के सर्किट हाउस में प्रेसवार्ता करते हुए सदर पूर्व विधायक बंबर ठाकुर ने कही।

बंबर ने कहा कि भाजपा सरकार के कार्यकाल में माइनिंग फंड्स के अंतर्गत त्रिलोक जम्वाल द्वारा काफी बदलाव किया गया। जिसके बाद उन्होंने बिलासपुर सदर क्षेत्र के तहत आने वाले उक्त एरिया में विकास कार्य कम और झंडूता में अधिक करवाए गए हैं। विधायक त्रिलोक जम्वाल ने अपने घर के रास्ते तक माइनिंग फंड्स से पक्के करवाए हैं। यहीं नहीं उन्होंने कहा कि माइनिंग फंड्स के तहत झंडूता विधायक जेआर कटवाल ने भी अपने क्षेत्र में कार्य करवाएं, जबकि माइनिंग फंड्स संबंधित फैक्टरी के पांच किलोमीटर के दायरे में खर्च किए जाते थे। उन्होंने कहा कि बिलासपुर जिला में एसीसी, एनटीपीसी और अल्टटेक सीमेंट फैक्टरी आती है। यह सभी के नजदीकी एरिया सदर विस क्षेत्र. के तहत आते हैं। उन्होंने कहा कि आज भी मल्यावर, धारटटोह, पंजगाई, गुग्गाघाट, हरलोग, रोहिण, कंदरौर व अन्य स्थानों कई जगह सड़कें नहीं है। यहीं नहीं कुछ स्थानों पर पाने के पानी की अधिक मुश्किल है। परंतु यह विधायक उक्त क्षेत्र का विकास कम और अपनों को ज्यादा लाभ देने के लिए कार्य कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि आज के समय में सदर विधायक त्रिलोक जम्वाल भाजपा कार्यकर्ताओं के काम करवा रहे हैं। अपने कार्यकर्ताओं की लिस्ट तैयार करवाकर उनके घरों के लिए पक्की सड़कें, पानी व अन्य सुविधा देने में लगे हुए हैं। लेकिन असल में प्रभावित लोगों को आज तक इस माइनिंग फंड्स के पैसे का लाभ नहीं मिल पाया है। बंबर ठाकुर ने उपायुक्त बिलासपुर से भी आग्रह किया है कि इस बैठक में आप स्वयं क्षेत्रों को निर्धारित करें और सभी स्थानों का निरीक्षण करें की कौन सा पैसा कहां खर्च हुआ है। उन्होंने चेतावनी दी है कि अगर यह विधायक इस तरह से करते रहे तो वह आने वाले समय में इसका कड़ा विरोध करते हुए सड़कों पर आंदोलन भी करेंगे।

---


## कार्यालय ग्राम पंचायत पारसा
### विकास खंड रोहड़ू, जिला शिमला (हि.प्र.)

### निविदा सूचना

ग्राम पंचायत पारसा विकास खंड रोहड़ू, जिला शिमला हिमाचल प्रदेश को वित्त वर्ष 2024-25 के लिए विभिन्न मदों के अंतर्गत भिन्न-भिन्न विकास कार्यों के निष्पादन हेतु निम्नलिखित सामग्री की आवश्यकता है अतः संबंधित फर्मों से निविदाएं आमंत्रित की जाती है। पंचायत का संबंधित निविदाताओं से निवेदन है कि दिनांक 04-08-2024 से 10-08-2024 को सांय 5 बजे तक अपनी-अपनी निविदाएं बंद लिफाफे के अंदर प्रत्यक्ष व डाक द्वारा पंचायत कार्यालय में जमा करें, पंचायत द्वारा दिनांक 11-08-2024 को समय 11 बजे निविदाओं को पंचायत द्वारा गठित समिति के सामने खोला जाएगा।

**सामग्री का विवरण:-** 1 रेता क्रेशर/खान, रेता, बजरी 10,20,40 एमएम, 4 पत्थर, 5 पक्की ईंट, एमएम बीबीसी, 6 सामग्री ढुलान चड़गांव व रोहडू से ट्रैक्टर, कैंपर, पिकअप, आदि द्वारा, 7 चादरें/ सरिया 8 एमएम, 10 एमएम, 12 एमएम, 16 एमएम हर प्रकार का, 7 एंगल हर प्रकार के, 8 टाइलें / इंटरलॉक टाइलें हर प्रकार की, 9 लकड़ी व लोहे के दरवाजे, खिड़की चौखट, कुंडे व कब्जे आदि , 10 पेंट व पुटी, 11 कंप्यूटर / लैप टॉप खरीद व मुरम्मत, 12 पीबीसी पाइप /पानी की पाइप आदि, 13 बिजली की फिटिंग सामग्री, फर्नीचर टेबल कुर्सी आदि।

**निविदाओं की अन्य शर्ते निम्र प्रकार से हैं:-** 1. निविदाएं सील बंद लिफाफे में होनी चाहिए। 2. दरें 1 साल तक मान्य होंगी। 3. प्रत्येक सामग्री को सूचिबद्ध कर वस्तु का मूल्य अंकित किया जाना आवश्यक है। 4. निविदा पत्र साफ-साफ शब्दों में लिखा होना चाहिए जिसे सरलता से पड़ा जा सके किसी प्रकार की कटिंग मान्य नही होगी निविदा में त्रुटी या समझ नहीं आने पर निविदा निरस्त की जाएगी। 5. निविदाकर्त्ता द्वारा तमाम औपचारिकताएं पूर्ण की जानी आवश्यक है जो सरकार/ विभाग द्वारा मांगी जाती है। 6.अन्य नियम व शर्ते दिनांक 11-08-2024 को बताई जाएगी। 7.पंचायत के सभी वार्डो को एक ही मूल्य मान्य होगा। 8. समस्त प्रकार की अदायगी का नकद भुगतान नही होगा सभी प्रकार की अदायगी RTGS/NEFT द्वारा की जाएगी। 9. ढुलान के अलावा अन्य सभी प्रकार की सामग्री के लिए जीएसटी नम्बर अनिवार्य होगा।

हस्ता/- प्रधान/सचिव ग्राम पंचायत पारसा, विकास खंड रोहडू , जिला शिमला हि.प्र

# देव आस्था : यहां दहकते अंगारों पर होता है नृत्य...

ADMISSION OPEN
DMLT | DOTT | DRIT | B.MLT | B. OTT
B.RIT | BMLT(LE) | MSc MLT | MSc MICRO
MSc MEDICAL | MICROBIOLOGY | BCA
MCA | MBA | BA | MA | BBA | HM | LAW
REASONABLE FEES ₹16500/- PER SEMESTER
NIMT - MOHALI: 7307307171





जिला कुल्लू के भुंतर स्थित पिपलागे में नैणा माता मंदिर में माता के 24वें जाग उत्सव के मौके पर माता के गूरों व चेलियों ने देव खेल आने पर दहकते अंगारों पर नृत्य कर आस्था का परिचय दिया।



पौराणिक वस्तु संग्रहण व एक ही छत के नीचे हिमाचल को दर्शाने वाली मंडी स्थित हिमाचल दर्शन फोटो गैलरी हिमाचली संस्कृति की जान है।

## संस्कृति हमारी पहचान



हिमाचल की संस्कृति अपने आप में बेहद समृद्ध है, जिसकी चर्चा चहुंओर है। मंडी के संस्कृति सदन में गत दिनों सांस्कृतिक नृत्य पेश करते हुए पहाड़ी कलाकार।



मंडी में पारंपरिक वेशभूषा में सजे कलाकार अपनी प्रस्तुति के लिए बारी का इंतजार करते हुए ।

## पौने दो सौ साल पुराना धूना



ऊना के नारी बसाल में ऐतिहासिक धार्मिक स्थल डेरा बाबा रुद्रानंद आश्रम हिमाचल ही नहीं, बल्कि उत्तरी भारत में प्रसिद्ध है। यहां अखंड धूना करीब पौने दो सौ साल पुराना है, जहां लाखों लोगों की आस्था जुड़ी है।



जिला कुल्लू के भुंतर में सावन माह में माता नैणा का जागरण (जाग) धूमधाम से नैणा माता मंदिर पिपलागे में मनाया गया। इस जाग महोत्सव में माता भद्रकाली, माता कोयला, माता शीतला, माता नागरानी अपने कारकूनों और हारियानों सहित विशेष रूप से शामिल हुई। इस मौके पर भजन मंडली ने भजन–कीर्तन के माध्यम से माता की महिमा का बखान कर श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध किया। जाग के दिन माता ने सभी भक्तों के दुखों का निवारण किया। जाग में माता के गूरों और चेलियों का दहकते अंगारों पर नृत्य देखने के लिए लोग दूर–दूर से आए थे।

## अंतरराष्ट्रीय मिंजर मेला





यह है मंडी स्थित हिमाचली संस्कृति को दर्शाने वाली हिमाचल दर्शन फोटो गैलरी। लोग यहां अपनी जिज्ञासा शांत करते हैं।



चंबा जिले में चल रहे अंतरराष्ट्रीय मिंजर मेले के दौरान प्रस्तुति देते स्थानीय कलाकार

## सिरमौरी नाटी की धूम







सोलन : देश–विदेश में सिरमौरी नाटी की खूब धूम है। यहां आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान आसरा सांस्कृतिक दल ने जोगिंदर हॉबी के नेतृत्व में सिरमौरी नाटी को नई पहचान दिलाई । नाटी से पहले तैयार कलाकार तथा सिमौरी नाटी करते आसरा सांस्कृतिक दल के सदस्य।

# न्यूज ब्रीफ

## उद्योग मंत्री ने श्री बृजराज स्वामी मंदिर में नवाया शीश

**अनंत ज्ञान, नूरपुर।** उद्योग, संसदीय कार्य, श्रम व रोजगार मंत्री हर्षवर्धन चौहान ने शुक्रवार सायं नूरपुर के ऐतिहासिक श्री बृजराज स्वामी मंदिर में शीश नवाया और पूजा-अर्चना की। उन्होंने प्रदेशवासियों के सुखद भविष्य के लिए कामना की। इस दौरान पूर्व विधायक अजय महाजन भी उनके साथ मौजूद रहे। मंदिर कमेटी के अध्यक्ष देवेंद्र शर्मा सहित अन्य सदस्यों ने उद्योग मंत्री को पटका पहना कर तथा श्री बृजराज स्वामी की तस्वीर भेंट कर सम्मानित किया। बता दें, उद्योग मंत्री नूरपुर के 2 दिन के प्रवास पर हैं। वे कल सुबह 10 बजे संयुक्त कार्यालय भवन में नूरपुर प्रशासन तथा खनन विभाग के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक करेंगे।

## ढलियारा मार्ग पर पेड़ गिरने से 4 घंटे बंद रहा यातायात

**अनंत ज्ञान, डाडासीबा।** मूसलाधार बारिश से शनिवार सुबह डाडासीबा से ढलियारा मार्ग गांव बीहन के पास एक भारी भरकम पेड़ गिर जाने से 4 घंटे यह मार्ग वाहनों के लिए बंद रहा। स्थानीय ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि जो सड़क किनारे खतरनाक पेड़ों को समय रहते कटवाया जाए, ताकि कोई बड़ी अनहोनी से बचा जा सके। इस भारी भरकम पेड़ को स्थानीय लोगों की मदद से सड़क के बीच से हटाया गया फिर वाहनों की आवाजाही चालू की गई। उधर, इस संबंध में देहरा लोक निर्माण विभाग के सहायक अभियंता राजेंद्र कुमार से बात की गई तो उन्होंने बताया मीडिया के माध्यम से पता चला है पेड़ को सड़क से हटा दिया गया है। वाहनों के लिए रोड खोल दिया गया है।

## कै. विक्रम बतरा मैदान में होगा स्वतंत्रता दिवस समारोह

**अनंत ज्ञान, पालमपुर।** उपमंडल स्तरीय स्वतंत्रता दिवस समारोह का आयोजन शहीद



कैप्टन विक्रम बतरा मैदान में हर्षोल्लास के साथ किया जाएगा। समारोह के सफल आयोजन को लेकर एसडीएम पालमपुर, नेत्रा मेती की अध्यक्षता में स्वतंत्रता दिवस समारोह की तैयारियों को लेकर बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में विभिन्न विभागों के अधिकारी तथा शिक्षण संस्थानों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। बैठक में स्वतंत्रता दिवस के महत्व को देखते हुए अधिकारियों को समय रहते पुख्ता प्रबंध सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा कि इस अवसर पर विभिन्न शिक्षण संस्थानों के विद्यार्थियों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए जाएंगे। इस अवसर पर पुलिस, होम गार्ड, एनसीसी व एनएसएस की टुकड़िया द्वारा आकर्षक मार्च पास्ट प्रस्तुत किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इसके अतिरिक्त उपमंडल से संबंधित उत्कृष्ट कार्य करने वाले कर्मियों और छात्रों को सम्मानित भी किया जाएगा।

## जयसिंहपुर में धूमधाम से मनाया जाएगा स्वतंत्रता दिवस

**अनंत ज्ञान, जयसिंहपुर।** जयसिंहपुर में इस बार स्वतंत्रता दिवस हर्षोल्लास से मनाया



जाएगा। स्वतंत्रता दिवस के कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर एसडीएम कार्यालय जयसिंहपुर में एसडीएम संजीव ठाकुर की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में तहसीलदार अभिषेक भास्कर ,एक्सईन विजय वर्मा, बीडीओ सिकंदर सिंह सहित विभिन्न विभागों के विभागाध्यक्ष मौजूद रहे। बैठक को सम्बोधित करते हुए एसडीएम संजीव ठाकुर ने विभिन्न विभागों को अलग अलग जिम्मेदारियां सौंपी। एसडीएम ने कहा कि 15 अगस्त हमारा राष्ट्रीय पर्व है और हर व्यक्ति को इसमे बढ-चढ़ कर भाग लेना चाहिए। उन्होंने सभी विभागाध्यक्षों को हिदायत दी कि वो 15 अगस्त को अपनी उपस्थिति सुनिश्चित करें।

# 'पारदी गिरोह' ने नूरपुर, ऊना और चंबा में भी चोरी की वारदातों को दिया था अंजाम

## पुलिस ने पकड़ने के लिए प्लानिंग के तहत 10 दिन से कर रखी थी घेराबंदी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

देश के कुख्यात चोर गिरोहों में शामिल बावरिया चोर गिरोह के पैटर्न पर चोरियों को अंजाम देने वाले मध्य प्रदेश और पंजाब के एक चोर गिरोह के 10 सदस्यों को पुलिस

### एसपी अग्निहोत्री ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में दी जानकारी

ने शुक्रवार को गिरफ्तार किया था। पारदी गिरोह के ये लोग गुलेल से छत पर पत्थर मारकर किसी के भी न होने की पुष्टि करने के बाद शरीर पर तेल लगाकर कच्छा-बनियान पहनकर नंगे पांव चोरी करते थे। ये लोग नूरपुर, ऊना तथा चंबा आदि जिलों में भी चोरियों को अंजाम दे चुके हैं। इनके पास से ताले काटने वाला कटर, रेंच, टॉर्च आदि चोरी की वारदातों में प्रयुक्त होने वाला सामान बरामद किया गया है। पुलिस



प्रेस कॉन्फ्रेंस करतीं एसपी कांगड़ा डॉ. शालिनी अग्निहोत्री।

ने कई दिन इनका पीछा कर ज्वालामुखी से गिरोह के 10 सदस्यों को गिरफ्तार किया है तथा चोरी में प्रयुक्त होने वाला सामान बरामद किया है। इसको लेकर शनिवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस करते हुए एसपी कांगड़ा डॉक्टर शालिनी अग्निहोत्री ने बताया कि देहरा तथा ज्वालामुखी क्षेत्र में काफी दिनों से एक चोर गिरोह सक्रिय था। यह गिरोह कई यहां चोरियां अंजाम दे चुका था। पुलिस ने पिछले 10 दिनों से रणनीति बनाकर उनकी घेराबंदी की प्लानिंग कर रखी थी, जिसके बाद एक गेस्ट हाउस से इन लोगों को गिरफ्तार किया गया है। गिरोह में मध्य प्रदेश तथा पंजाब के लोग शामिल हैं। सभी को कोर्ट से पांच दिन का पुलिस रिमांड मिला है।

### डीएसपी देहरा के नेतृत्व में बनाई थी टीम

**एसपी** कांगड़ा ने डीएसपी देहरा अनिल कुमार के नेतृत्व में टीम का गठन किया था। पुलिस थाना देहरा व साइबर सेल धर्मशाला की टीम ने सीसीटीवी कैमरा के विश्लेषण में पाया कि घटना में चार लोगों संलिप्त हैं, जो घटना को अंजाम देने के बाद चोरीशुद्धा मोटरसाइकिल पर ज्वालामुखी की तरफ को भागे थे। घटना की कड़ी से कड़ी जोड़ते हुए व सीसीटीवी फुटेज की मदद से पुलिस टीम ज्वालामुखी स्थित आशीष गेस्ट हाउस में पहुंची। जहां पता चला कि घटना में संलिप्त अपराधी 21 से 23 जुलाई तक इसी गेस्ट हाउस में ठहरे थे। रजिस्टर में कंचन बाई पत्नी रामदास पारदी निवासी गुना मध्य प्रदेश ने अपने नाम पर तीन कमरे बुक किए थे, जिसमें यह 8 पुरुष, 6 औरतें व 4 बच्चे, कुल 18 लोग थे। पारदी समुदाय के लोगों ने इससे पूर्व भी ज्वालामुखी पुलिस थाना के अंतर्गत सेंध लगा करके गहनों की चोरी की थी।

### पुलिस टीम में ये थे शामिल

डीएसपी देहरा अनिल कुमार की अगुवाई में पुलिस टीम में निरीक्षक विजय कुमार ज्वालामुखी, सुरजीत सिंह, देहरा, उपनिरीक्षक मनजीत कुमार, हरिपुर, मुख्य आरक्षी आजाद सिंह, आरक्षी साइबर सेल, पुष्पेंदर, विकास कुमार, राजिंद्र सिंह, दिनेश कुमार, आशीष कुमार तथा शमिला शामिल रहे।

### पुलिस ने ऐसे किया गिरोह का पर्दाफाश

**साइबर** टीम द्वारा होटल से मिले मोबाइल नंबर व आधार कार्ड के नाम पर बुक किए गए 3 कमरों का विश्लेषण करने पर पाया गया कि रामदास उपरोक्त की चोरी करने वाले पारदी गिरोह से काफी बातचीत है व गेस्ट हाउस के कैमरों को चेक करने पर पाया कि 22 जुलाई को रात 9:45 बजे गेस्ट हाउस से 4 लोग निकल कर बाहर जाते हैं व 23 जुलाई को सुबह 3:45 पर वापस आते हैं। इस हर पहलू के विश्लेषण करके चोरों को पकड़ने के लिए थाना देहरा, ज्वालामुखी, हरिपुर की संयुक्त रेडिंग पार्टी तैयार की गई व टीम ने मोबाइल लोकेशन के आधार पर बगलामुखी तथा देहरा से कुल 10 लोगों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की। इसमें 8 पुरुष व 2 औरतें सम्मलित हैं।

## खड्ड में मिला बुजुर्ग महिला का शव

**कांगड़ा।** पुलिस थाना के कांगड़ा के तहत पड़ते क्षेत्र कलेड की दरुंह खड्ड में शनिवार को एक 75 वर्षीय बुजुर्ग महिला का शव मिलने की सूचना प्राप्त हुई है। जानकारी के अनुसार महिला का शव कलेड दरुंह खड्ड में मिला है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार आज सुबह उन्हें सूचनी मिली की कलेड खड्ड में किसी महिला का शव पड़ा हुआ है। सूचनी मिलते ही कांगड़ा पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और शव को अपने कब्जे में ले लिया और मृतक महिला की पहचान प्रमेश्वरी देवी (75) पत्नी जगदीश चंद गांव व डाकघर रौंखर तहसील नगरोटा बगवां के रूप में हुई है। परिजनों का कहना है कि पिछले कल वह लगभग 11 बजे अपने घर से निकली थीं और उसके बाद शाम तक घर नहीं पहुंची। परिजनों ने उसकी तलाश शुरू कर दी, लेकिन कहीं भी उसका कोई सुराग नहीं लगा। शनिवार सुबह लोगों ने कलेड दरुंह खड्ड में महिला का शव देखा तो इसकी सूचना स्थानीय प्रधान को दी और प्रधान ने मौके पर पहुंचकर इसकी सूचना पुलिस थाना कांगड़ा को दी गई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सौंप दिया है। मामले की पुष्टि पुलिस थाना प्रभारी कांगड़ा संजीव कुमार की है।

# आपदा प्रभावितों को केंद्र देगा हर संभव मदद : विश्व चक्षु

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

प्रदेश भाजपा के मीडिया सह-प्रभारी एडवोकेट विश्व चक्षु ने जारी प्रेस विज्ञप्ति में कहा कि बरसात में कई जिलों में हुए भारी नुकसान व पीड़ित परिवारों के प्रति भाजपा अपना दायित्व निभा रही है। प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर इस आपदा को लेकर दिल्ली में प्रधानमंत्री, गृहमंत्री, राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा से मिले। केंद्र के नेताओं ने भी पूर्व मुख्यमंत्री से बात कर हर प्रकार से सहयोग देने का भरोसा दिया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में लापता लोगों के प्रति उन्होंने अपनी संवेदनाएं भी प्रकट की हैं तथा कहा है कि दुख की इस घड़ी में केंद्र सरकार पीड़ित परिवारों



को हर संभव मदद व राहत प्रदान करेगी। विश्व चक्षु ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर तथा भाजपा के अन्य नेता व कार्यकर्ता खुद प्रभावित क्षेत्रों का दौरा कर वहां की स्थिति का जायजा ले रहे हैं। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ने पूर्व मुख्यमंत्री को राहत के अलावा अन्य सुविधाएं देने का भी आश्वासन दिया है, ताकि दुख की इस घड़ी में आपदा प्रभावित अपने आप को अकेला महसूस न करें।

### सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बीड़ में हेल्थ कैंप के शुभारंभ करने के बाद बोले सीपीएस किशोरी लाल

# उत्तम स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध करवाना है प्राथमिकता

**जितेंद्र कौशल, बैजनाथ**

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बीड़ में एक दिवसीय मल्टी स्पेशलिटी हेल्थ कैंप का आयोजन किया गया। हेल्थ कैंप का शुभारंभ मुख्य संसदीय सचिव पशुपालन, ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज, किशोरी लाल ने किया। कैंप में मेडिसिन, सर्जरी, स्त्री रोग, रेडियोलॉजी, हड्डी रोग, स्किन, आंख, इएनटी तथा बच्चों के विशेषज्ञ चिकित्सकों ने करीब 350 लोगों की जांच की। सीपीएस ने सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र की व्यवस्थाओं का जायजा लिया और जांच करवाने आए लोगों से भेंट की। उन्होंने शिविर में आए हुए लोगों के उपचार को सुनिश्चित करने के लिये स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को निर्देश भी दिए।

इसके अतिरिक्त इस कैंप में लेप्रोस्कोपीके लिए 9 महिलाओं का रजिस्ट्रेशन की गई। किशोरी लाल ने अल्ट्रा साउंड सुविधा का शुभारंभ भी किया। सीपीएस किशोरी लाल ने कहा कि अल्ट्रा



सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बीड़ में हेल्थ कैंप का शुभारंभ करते सीपीएस किशोरी लाल।

साउंड मशीन लगने से यहां के मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा देने की दिशा में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बीड़ एक कदम आगे बढ़ा है। अल्ट्रासाउंड मशीन का लाभ सबसे अधिक गर्भवती महिलाओं एवं अन्य बीमारियों से ग्रसित लोगों को होगा।

उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार का मुख्य उद्देश्य लोगों को सुगम एवं गुणात्मक स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध करवाना है। सरकार ने प्रदेश के दुर्गम, दूरदराज और ग्रामीण क्षेत्रों में भी लोगों को घरद्वार तक बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध करवाने के लिए स्वास्थ्य ढांचे को सुदृढ़ कर स्वास्थ्य सेवाओं की उपलब्धता को सुगम बनाया है। उन्होंने कहा कि इस तरह के मल्टीस्पेशलिटी कैंपों के माध्यम से भी लोगों को एक ही स्थान पर विशेषज्ञ चिकित्सक उपलब्ध करवाकर सुविधा देने का प्रयास किया जा रहा है। (अनंत ज्ञान)

### बीड़ में नबंवर में होगा पैराग्लाइडिंग वर्ल्ड कप

**सीपीएस** किशोरी लाल ने कहा कि बीड़ बैजनाथ विधानसभा क्षेत्र का एक ऐसा क्षेत्र है, जहां वर्ष भर लाखों की संख्या में देसी तथा विदेशी पर्यटक इस मनोरम घाटी को निहारने आते हैं। बीड़-बिलिंग घाटी की पहचान अंतरराष्ट्रीय पर्यटक स्थल के रूप में है और इसके अतिरिक्त लगभग वर्ष भर यहां पैराग्लाइडिंग गतिविधियां के आयोजन होता रहता है। उन्होंने कहा कि नवंबर महीने में वर्ल्ड कप का आयोजन किया जा रहा है। इस मौके पर पैराग्लाइडिंग एसोसिएशन के अध्यक्ष अनुराग शर्मा, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष वीरेंद्र जम्वाल, प्रधान बीड़ सुरेश ठाकुर, सीएमओ कांगड़ा राजेश गुलेरी, जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर राजेश सूद, बीएमओ महाकाल डॉ दिलावर दयोल, बीडीओ बैजनाथ राकेश पटियाल , मीडिया प्रभारी अमित शर्मा, मीडिया कॉर्डिनेटर अजय गौड़ , डॉक्टर सुरिंद्र सिंह , डॉक्टर कमल, डॉक्टर अक्षय शर्मा, डॉक्टर राज कुमार, किशोरी लाल शर्मा, हरबंस लाल और क्षेत्र के लोग उपस्थित रहे।

## छात्र खेलें एक ही दिन शुरू होने से शारीरिक शिक्षक नाखुश

**अनंत ज्ञान, डरोह।** अंडर-14 छात्राओं की जिला स्तरीय प्रतियोगिता और अंडर-19 छात्राओं की ब्लॉक स्तरीय प्रतियोगिता का शेड्यूल एक ही होने के कारण शारीरिक शिक्षा संघ खुंडियां ने नाराजगी जाहिर की है। राज्य



शारीरिक शिक्षा संघ के कार्यकारिणी सदस्य राकेश राणा ने बताया कि जिला कांगड़ा में छात्राओं की अंडर-14 जिला स्तरीय प्रतियोगिता 22 अगस्त से शुरू हो रही है, वहीं अंडर-19 छात्राओं की ब्लॉक स्तरीय प्रतियोगिता भी उसी दिन शुरू हो रही है। जिला कांगड़ा में अधिकांश स्कूलों में एक ही शारीरिक शिक्षक कार्यरत है। शारीरिक शिक्षक संघ के सदस्य सुनील कुमार, राजेश राणा, रवि कुमार, विजय कुमार व सुरेंद्र कुमार आदि ने जिला अधिकारी से इस गलती को सुधारने की मांग की है, ताकि अध्यापकों को किसी भी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े।

# 1962, 1965 और 1971 का युद्ध लड़ चुके ठाकुर शक्ति चंद नहीं रहे

## आर्मी कैंट योल से आई सैनिकों की टुकड़ी ने सलामी देकर दी अंतिम विदाई

**सालबिया शर्मा, गरली**

वर्ष 1962,1965 और 1971 के युद्ध में दुश्मनों के साथ कड़ा मुकाबला कर चुके गांव निचला करियाड़ा के 93 वर्षीय पूर्व सैनिक ठाकुर शक्ति चंद अब इस दुनिया में नहीं रहे। आर्मी कैंट योल से आई सैनिकों की टुकड़ी ने 15 डोगरा रेजिमेंट से रिटायर्ड हुए ठाकुर शक्ति चंद को सलामी देकर उन्हें अंतिम विदाई दी।

इस दौरान रिटायर्ड कर्नल हेम राज, कैप्टन ठाकुर रणवीर सिंह, कैप्टन विजय सिंह, सूबेदार जगदीश चंद, हवलदार रविंद्र कुमार, हवलदार धनी राम आदि रिटायर्ड सैनिकों ने नम आंखों से शक्ति चंद को अंतिम विदाई दी और उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। क्षेत्र के लोगों का कहना है कि रिटायरमेंट के उपरांत भी सैनिक ठाकुर शक्ति चंद पंचायत ठाकुरद्वारा



योल कैंट से आए आर्मी जवान सलामी देते हुए। (इनसेट) शक्ति चंद का फाइल फोटो।

(करियाड़ा ) में ग्राम सुधार सभा लोअर करियाड़ा स्थित बार्ड नंबर. 4 में वरिष्ठ पदाधिकारी रहे और सभा ने उनके मार्गदर्शन में बहुत सराहनीय विकास कार्य किए।

वह पंचायत ठाकुरद्वारा करियाड़ा के वार्ड पंच भी रहे। उन्होंने वार्ड सहित गांव के कई विकास कार्य करवाने में अहम भूमिका अदा की। अंतिम विदाई में स्टेशन हेडक्वार्टर योल कैंट के द्वारा सैन्य टुकड़ी भेजी, जिन्होंने चीफ ऑफ आर्मी स्टाफ की ओर से श्रद्धा सुमन अर्पित किए और सैल्यूट कर रिटायर्ड सैनिक शक्ति चंद को श्रद्धांजलि दी। (अनंत ज्ञान)

# नशे की हालत में देवर ने भाभी पर किया दराट से हमला, अरेस्ट

**अशोक ठाकुर, इंदौरा**

थाना इंदौरा के अंतर्गत एक देवर ने नशे का आदी था उसने अपनी भाभी पर दराट से हमला करके उसे लहूलुहान कर दिया। सूचना मिलते पर पुलिस द्वारा कार्रवाई करते हुए थाना प्रभारी आशीष पठानिया द्वारा उसे गांव चन्नौर में मौके पर ही पकड़ लिया गया।

पकड़े गए आरोपों की पहचान अजय कुमार के तौर पर की गई है। एएसपी नूरपुर धर्मचंद वर्मा ने बताया के आरोपी नशे का आदी है। इस वजह से उसकी पत्नी भी उसे छोड़ कर चली गई है। शुक्रवार देर रात आरोपी नशे की हालत में घर पहुंचा और परिवार वालों के साथ गाली गलौज करना शुरू कर दिया। उसके बड़े भाई ने उसे समझाने की कोशिश की, परंतु उसने दराट से उस पर हमला कर दिया, जिसके चलते उसकी पत्नी सुमन वाला उन्हें छुड़ाने के लिए पहुंची तो उसके देवर ने उस पर भी तेज हथियार से हमला करके उससे गंभीर रूप से घायल कर दिया।

वहीं, पुलिस ने आरोपी अजय कुमार को गिरफ्तार कर लिया है। बीएनएस की धारा 118(1) के तहत उस पर मामला दर्ज कर उसे शनिवार को अदालत में पेश किया गया, यहां से उसे चार दिन के पुलिस रिमांड पर भेज दिया गया है। (अनंत ज्ञान)

## एनएचएआई को दिए राजोल-ठानपुरी फोरलेन का कार्य जल्द करने के निर्देश

**अनंत ज्ञान, गगल।** कांगड़ा के विधायक पवन काजल द्वारा राजोल से ठानपुरी तक फोरलेन के निर्माण के बारे में पिछले महीने केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी को लिखे पत्र के बारे विधायक को भेजे पत्र में गडकरी ने लिखा है कि उन्होंने इस बारे में कार्रवाई के लिए पत्र को एनएचएआई से संबंधित अधिकारियों को प्रेषित कर दिया है। उल्लेखनीय है कि पिछले लंबे समय से राजोल ठानपुरी वाला प्रस्तावित फोरलेन बनाने का कार्य बीच में ही लटका पड़ा है।


## कार्यालय ग्राम पंचायत पन्द्रेहड़
### विकास खंड नूरपुर, जिला कांगड़ा (हि.प्र.)

### निविदा सूचना

ग्राम पंचायत पन्द्रेहड़ विकास खंड नूरपुर, जिला कांगड़ा द्वारा वित्त वर्ष 2024-25 के लिए सभी मदों विकास कार्यों के निष्पादन हेतु आवश्यकता अनुसार अधिकृत विक्रेताओं से मुहर बंद निविदाएं हि.प्र. पंचायती राज (वित्त, बजट, लेखे, संपरीक्षा, संकर्म, कराधान और भत्ते) नियम, 2002 के नियम 67(5) क तथा ख के अंतर्गत आमंत्रित की जाती हैं। निविदाएं दिनांक 11.08.2024 को सायं पांच बजे तक कार्यालय ग्राम पंचायत पन्द्रेहड़ में पहुंच जानी चाहिए। निविदाएं दिनांक 12.08.2024 को 12 बजे ग्राम पंचायत की कमेटी निविदाताओं या उनके द्वारा अधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष पंचायत कार्यालय पन्द्रेहड़ में खोली जाएंगी। सामग्री व मात्रा का विवरण निम्न प्रकार से है:-

| क्रं. सं. | सामग्री का विवरण | मात्रा जिसमें मूल्य वांछित है |
|---|---|---|
| 1. | रेता, बजरी (जबर खड्ड से कार्य तक) | 1 क्यूविक मीटर |
| 2. | रेता (क्रशर का) कार्य तक | 1 क्यूविक मीटर |
| 3. | बजरी 10,20,40 एमएम क्रशर की | 1 क्यूविक मीटर |
| 4. | बोल्डर पत्थर | 1 क्यूविक मीटर |
| 5. | कटे पत्थर | 1 पत्थर |
| 6. | सीमेंट ढुलाई किराया नूरपुर से कार्य स्थल तक | 1 बैग |
| 7. | शटरिंग | 1 वर्ग फुट |
| 8. | मिक्सचर मशीन तेल सहित | 1 दिन |
| 9. | वाटर टैंक | 1 टैंक |
| 10. | साईन बोर्ड | 1 बोर्ड |
| 11. | पक्की ईंट | 1 ईंट |
| 12. | रोड़ी 63 एमएम | 1 क्यूविक मीटर |

**नियम व शर्तें:-** 1. निविदादाता के पास अपना पंजीकरण जीएसटी नंबर होना आवश्यक है। 2. ठेकेदार/आपूर्तिकर्ता को खनन विभाग से हस्ताक्षरित एम-फार्म जमा करवाने होंगे। एम-फार्म उपलब्ध न करवाने की स्थिति में सामग्री संबंधी वर्तमान में मु. 80 रुपए प्रति 1 क्यूविक मीटर के हिसाब से काटी जाएगी। 3.सामग्री की आपूर्ति लोक निर्माण विभाग के स्पेशिफिकेशन के अनुरूप होगी। 4. निर्माण सामग्री कार्य स्थल/सड़क तक उपलब्ध करवानी होगी। 5. ग्राम पंचायत के समस्त क्षेत्राधिकार में एक ही मूल्य देय होगा व अस्वीकृत सामग्री की कोई अदायगी देय नहीं होगी। 6. निविदादाता यदि सामग्री आपूर्ति समय अनुसार नहीं कर पाता है तो उसकी गत समय में दी गई सामग्री की देय राशि का भुगतान नहीं किया जाएगा। 7. किसी भी निविदा का बिना कारण बताए स्वीकृत/अस्वीकृत करने समान दर रहने की स्थिति में एक या एक से अधिक निविदादाताओं के लिए कार्य आदेश निर्गत करने सामग्री की गुणवत्ता के चयन तथा निविदाएं किसी समय रद्द करने का पूर्ण अधिकार ग्राम पंचायत/विभाग के पास सुरक्षित रहेगा। 8. जीएसटी रेट भी दर्ज किया जाए। 9. निविदादाता पंचायत क्षेत्र से हो तो मु. 50000/- तथा बाहरी क्षेत्र के मु. 100000/-रुपए का अग्रिम चेक साथ जमा करवाए। जो अग्रिम चेक जमा नहीं करवाएगा उसकी कोटेशन मान्य नहीं होगी।

**प्रधान/सचिव**
**कार्यालय ग्राम पंचायत पन्द्रेहड़**
**विकास खंड नूरपुर, जिला कांगड़ा (हि.प्र.)**


**प्रेरणा** — 2500 सदस्यों वाले एनजीओ ने कहा, समस्याओं के समाधान के लिए प्रशासन के साथ काम करने के लिए प्रतिबद्ध

# एनजीओ ने बढ़ाए कदम, प्रशासन ने भरा कूड़ामुक्त योल का दम

**पुनीत शर्मा, धर्मशाला**

सैन्य छावनी शब्द सुनते ही साफ-सुथरे क्षेत्र की तस्वीर सामने आ जाती है। वहीं योल छावनी से लगते क्षेत्र में गंदगी से लोग परेशान हैं। पहले ये क्षेत्र सेना के कंटोनमेंट एरिया में आता था वहीं अब यह क्षेत्र पंचायतीराज में आता है। ऐसे में अब स्थानीय संगठनों ने मदद की पेशकश करते हुए समस्या के स्थायी हल की मांग की है। वहीं प्रशासन ने इसको लेकर जल्द ही कंटोनमेंट को पत्र लिखने के अलावा पंचायत से बात करने की बात कहते हुए इस समस्या के हल की बात कही है।

अनंत ज्ञान खास खबर

बताते चलें कि सामाजिक होने के नाम पर कई संगठन भले ही मुद्दों को उठाते हों लेकिन पहल करने की इच्छाशक्ति कम ही संगठन दिखा पाते हैं। वहीं, योल के लोगों तथा कुछ एनजीओ ने कूड़ा, स्वच्छ पेयजल तथा बरसात में निकासी जैसे मुद्दों के हल के लिए अब धर्मशाला उपमंडल प्रशासन को सहायता की पेशकश करने की पहल की है। एनजीओ के अनुसार वह कूड़ा निष्पादन को मदद मुहैया करवाएंगे। धर्मशाला के योल में सड़क के किनारे सालों से कूडे को ठिकाने लगाने का कोई प्रबंध न होने के कारण स्थानीय लोगों तथा संगठनों में आक्रोश है। इसके चलते एक प्रतिनिधिमंडल ने शुक्रवार को एसडीएम धर्मशाला प्रदीप कुमार से मुलाकात की। प्रशासन को सौंपे पत्र में लोगों ने कहा है कि कंटोनमेंट तथा पंचायत के फेर में सालों से यहां कूड़ा बिखरा पड़ा रहता है, जिससे लोगों को असुविधा का सामना करना पड़ता है। ज्ञापन में योल कैंट, धर्मशाला में कचरा संचय और जल आपूर्ति के मुद्दों के समाधान की मांग की गई है।

ज्ञापन के अनुसार करीब 2500 सदस्यों वाले कांगड़ा अगेंस्ट कोविड-19 समूह की ओर से यह डेलिगेशन योल कैंट, धर्मशाला में कूड़े के ढेर वाले स्पॉट, बंद नालियों और स्वच्छ पेयजल आपूर्ति के मुद्दों की बिगड़ती स्थिति के बारे में अपनी गहरी चिंता व्यक्त करता है। डेलिगेशन में सारिका कटीच, रुचि, नितिन तथा रोहित आदि मौजूद रहे। ज्ञापन के अनुसार योल कैंट के कुछ स्पॉट



में कूड़ा-कचरा बारिश के दौरान सड़कों पर फैल जाता है, जिससे चलने योग्य और वाहन योग्य क्षेत्र संकीर्ण हो जाते हैं, नालियां अवरुद्ध हो जाती हैं और बाढ़ का खतरा बढ़ जाता है। इससे विशेष रूप से आस-पास के स्कूलों के रोजाना इन कूड़े-कचरे से भरे रास्तों से गुजरने वाले 3000 से अधिक स्कूली बच्चों के लिए महत्वपूर्ण सुरक्षा खतरे पैदा होते हैं।

उधर, मानेकशॉ गेट पर भी यही स्थिति है। बारिश से सभी हिस्सों में कूड़ा फैल जाता है तथा यह स्कूली बच्चों के लिए खतरा है।

इन मार्गों को स्वच्छ और सुरक्षित रखने के लिए इनका नियमित रखरखाव और निगरानी के अलावा स्वच्छ पेयजल की नियमित आपूर्ति सुनिश्चित करने की मांग भी डेलिगेशन ने की। प्रतिनिधिमंडल के अनुसार वे लोग इन समस्याओं का स्थायी समाधान खोजने के लिए प्रशासन के साथ मिलकर काम करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। एनजीओ प्रशासन द्वारा की जाने वाली किसी भी पहल का समर्थन करने के लिए अपने सदस्यों को संगठित करने के लिए तैयार है। (अनंत ज्ञान)

### समस्या के हल के लिए जल्द जरूरी कदम उठाएगा प्रशासन

**आरटीओ** धर्मशाला तथा एसडीएम धर्मशाला का अतिरिक्त कार्यभार संभाल रहे प्रदीप कुमार से संपर्क करने पर उन्होंने बताया कि सालों से चल रही इस समस्या को जल्द हल किया जाएगा। उन्होंने कहा कि एनजीओ के लोगों ने सहायता देने की बात कर पहल की है तो प्रशासन भी इस समस्या के हल के लिए जल्द जरूरी कदम उठाएगा, ताकि क्षेत्र में गंदगी न पसरे। उन्होंने कहा कि इसके लिए कंटोनमेंट तथा पंचायतों से बात की जाएगी। इसके अलावा नालियों तथा स्वच्छ पानी को लेकर भी कोई कदम उठाया जाएगा।

## न्यूज ब्रीफ

### पुलिस चौकी प्रभारी ने दिया पौधरोपण का संदेश



**अनंत ज्ञान, इंदौरा।** राज्य स्तरीय वन महोत्सव की मुहिम को जारी रखते हुए थाना डमटाल के अंतर्गत प्रति पुलिस चौकी प्रभारी राजपाल ठाकुर द्वारा अपने स्टाफ सहित चौकी के बाहर पौधरोपण किया। इस मौके पर उन्होंने बताया कि पर्यावरण को स्वच्छ बनाए रखने के लिए वन महोत्सव मनाया जा रहा है इस मुहिम को प्रदेश स्तर पर चलाए जा रहा है इस मौके पर उन्होंने लोगों से आह्वान किया कि हर व्यक्ति एक पौधा देश के नाम जरूर लगाए तथा उनकी देखभाल भी जरूर रखें।

### प्लेसमेंट ड्राइव में 38 विद्यार्थियों का हुआ चयन



**अनंत ज्ञान, नगरोटा बगवां।** राजकीय महाविद्यालय नगरोटा बगवां के ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट सेल के सौजन्य से आयोजित प्लेसमेंट ड्राइव में 38 छात्रों का चयन हुआ है। बीकॉम से साक्षी, अंकिता, बीबीए से सूजल, अभिनव, कनिष, संजोगिता एवं बीएससी से रजत, अंशुल वहीं बीसीए से वैष्णवी, अभिनव सहित 38 बच्चों का चयन किया। शुरुआती तौर पर इन्हें सालाना 2.5 लाख पैकेज देंगे। उसके वाद निष्पदन क्षमता के आधार पर सालाना पकैज बड़ा दिया जायेगा। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सुरेंद्र सोनी ने छात्रों को बधाई देते हुए कहा कि यह उनके कठिन परिश्रम और समर्पण का परिणाम है। उन्होंने ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट सेल की भी सराहना की, जिसने इस आयोजन को सफल बनाने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस ड्राइव में नेक ग्लोबल मल्टी नेशनल बिलिंग कंपनी ने भाग लिया और छात्रों के कौशल और प्रतिभा को पहचानते हुए उन्हें चयनित किया।

### सड़क का किनारा धंसने से पुलिया को खतरा



**अनंत ज्ञान, पंचरुखी।** भारी बरसात के कारण पंचरुखी-पालमपुर सड़क पर दियोंग्रा के पास पुलिया के साथ सड़क का एक किनारा धंस जाने से पुलिया को भी खतरा बना हुआ है। यह कभी भी ढह सकती है। पुलिया के साथ गड्ढा बनने से सड़क में दरारें आ गई हैं। हालांकि विभाग ने गड्ढे को मिट्टी डालकर भर दिया है, परंतु फिर भी खतरा बना हुआ है।

### स्तनपान दिवस पर बताया मां के दूध का महत्व

**अनंत ज्ञान, बैजनाथ।** स्वास्थ्य एवंपरिवार कल्याण विभाग जिला कांगड़ा द्वारा महाकाल हेल्थ ब्लॉक के सीएचसी बीड़ में विश्व स्तनपान सप्ताह के उपलक्ष्य में गतिविधी का आयोजन किया गया। इसकी अध्यक्षता मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ.राजेश गुलेरी द्वारा की गई। इस गतिविधि के दौरान जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. राजेश सूद, महाकाल ब्लॉक बीएमओ डॉ. दिलावर सिंह, जिला कार्यक्रम अधिकारी डॉ वंदना , डॉ राजकुमार, महाकाल ब्लाक व जिला स्वास्थ्य विभाग कर्मचारी, आशा कार्यकर्ता भी उपस्थित रहे। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. राजेश गुलेरी ने जानकारी देते हुए बताया कि विश्व स्तनपान सप्ताह मनाने का उद्देश्य मां में नवजात शिशु को स्तनपान के लिए जागरूकता बढ़ाना है। विश्व स्तनपान सप्ताह के थीम 'क्लोजिंग द गैप- ब्रेस्टफीडिंग सपोर्ट फॉर ऑल' की जानकारी देते हुए बताया कि मां का दूध शिशू के लिए सर्वोत्तम आहार है।

# चक्की खड्ड और मंड क्षेत्र में स्थापित की जाएंगी चेक पोस्ट : हर्षवर्धन चौहान

## उद्योग मंत्री बोले, प्रदेश सरकार अवैध खनन को रोकने के लिए गंभीर, लगाए जाएंगे सीसीटीवी कैमरे

**संजीव महाजन, नूरपुर**



उद्योग, संसदीय कार्य, श्रम एवं रोजगार मंत्री हर्षवर्धन चौहान ने कहा है कि बॉर्डर एरिया में अवैध खनन गतिविधियों पर अंकुश लगाने के साथ इन क्षेत्रों में निगरानी बढ़ाने के लिए चक्की खड्ड तथा मंड क्षेत्र में चेक पोस्ट बनाने के साथ सीसीटीवी कैमरे भी लगाए जाएंगे। उद्योग मंत्री ानिवार को नूरपुर के संयुक्त कार्यालय भवन के सभागार में प्रशासन, पुलिस तथा खनन विभाग के अधिकारियों के साथ आयोजित समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए बोल रहे थे।

उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार राज्य में अवैध खनन गतिविधियों को रोकने के प्रति गंभीर है और इसके खिलाफ कठोर पग उठाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के नेतृत्व में प्रदेश सरकार अवैध खनन को किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं करेगी। इसमें किसी भी तरह का राजनीतिक हस्तक्षेप बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और इस कार्य में सम्मिलित लोगों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की जाएगी, चाहे वे कितना भी प्रभावशाली क्यों न हो।

उन्होंने कहा कि सीमांत जिला होने के कारण यहां अवैध खनन के मामले अक्सर सुर्खियों में रहते हैं। इस दौरान उन्होंने प्रशासन, पुलिस, खनन विभाग समेत सभी संबंधित विभागों को अवैध खनन में संलिप्त लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने के भी निर्देश दिए। बैठक में अवैध खनन पर अंकुश लगाने के लिए त्वरित उपायों और दीर्घकालिक योजनाओं पर भी चर्चा की गई। (अनंत ज्ञान)

### अधिकारी क्षेत्रवार जेसीबी मशीनों का ब्यौरा दें

**हर्षवर्धन** चौहान ने कहा कि राज्य सरकार प्रदेश में अवैध खनन पर नकेल कसने के लिए प्रतिबद्ध है। सीमांत जिलों में अवैध खनन गतिविधियों पर लगाम लगाने के लिए विशेष फोकस के साथ काम किया जाएगा। उन्होंने खनन विभाग के अधिकारियों को विधानसभा क्षेत्रवार जेसीबी मशीनों और उनके ऑपरेटरों की संख्या का ब्यौरा जुटाने के निर्देश दिए। उन्होंने फर्जी एम-फॉर्म के मामलों में भी गहनता से जांच करने पर भी बल दिया। हर्षवर्धन चौहान ने कहा कि इस क्षेत्र के क्रशर उद्योग में बिजली चोरी की समस्या भी आम है,जिससे प्रदेश सरकार के राजस्व को काफी नुकसान पहुंचता है। उन्होंने इस समस्या से निपटने के लिए बिजली बोर्ड के अधिकारियों को स्मार्ट एनर्जी मीटर लगाने के निर्देश दिए ताकि बिजली की चोरी रोकने के साथ राजस्व में भी बढ़ौतरी हो सके। उन्होंने कहा कि माल ढुलाई वाहनों की ओवरलोडिंग को रोकने के लिए सभी क्रशर पर वे-ब्रिज लगाना अनिवार्य किया जाएगा।

### एक समिति गठित करने के निर्देश

**उद्योग** मंत्री ने खनन पट्टों और सरकारी रॉयल्टी में विसंगतियों को दूर करने के लिए खुली बोली के माध्यम से निजी एजेंसी को वैज्ञानिक तरीके से खनन के लिए रॉयल्टी एकत्रण सुनिश्चित बनाने का जिम्मा सौंपने के लिए उत्तराखंड राज्य के रॉयल्टी एकत्रण मॉडल का अध्ययन करने के लिए एक समिति के गठन का निर्देश दिया। इस समिति में एसपी पुलिस जिला नूरपुर, एसडीएम नूरपुर, फतेहपुर, इंदौरा, जवाली,खनन विभाग और बिजली बोर्ड के अधिकारी शामिल होंगे। समिति निजी एजेंसी को वैध खनन के लिए रॉयल्टी एकत्रण सुनिश्चित करने का जिम्मा सौंपने के मॉडल की व्यवहार्यता का अध्ययन कर अपनी रिपोर्ट उद्योग मंत्री को सौंपेगी।

## हैप्पी बर्थडे



दव्यांश शर्मा को जन्मदिन पर 'अनंत ज्ञान' परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।



मंडी जिले के सुंदरनगर के सौल के हरीश चौहान को जन्मदिन पर 'अनंत ज्ञान' परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।

### बर्थडे व सालगिरह के फोटो भेजें

बर्थडे हो या शादी की सालगिरह। आपकी खुशियों में हम भी हैं शामिल। अपना फोटो अनंत ज्ञान में प्रकाशित करवाने के लिए नाम और पते सहित व्हाट्सऐप नंबर 88945-21702 पर भेजें।

# गांवों में मुहैया कराएंगे स्वरोजगार के अवसर: बाली

## विधायक बोले, जनसमस्याओं का त्वरित निदान सुनिश्चित करें अधिकारी

**अनंत ज्ञान, नगरोटा बगवां**



पर्यटन निगम के अध्यक्ष कैबिनेट रैंक मंत्री आरएस बाली ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में स्वरोजगार के नए अवसर प्रदान किए जाएंगे, ताकि ग्रामीण क्षेत्रों से युवाओं का पलायन नहीं हो सके और घर द्वार पर ही रोजगार प्राप्त हो सके।

शनिवार को पर्यटन निगम के अध्यक्ष आरएस बाली ने नगरोटा के ओबीसी भवन में जनसमस्याएं सुनने के उपरांत कहा कि कि स्टार्ट अप योजना को ग्रामीण क्षेत्रों तक पहुंचाया जाएगा इसमें ग्रामीण क्षेत्रों के युवाओं की विशेष तौर पर करियर कांउसिलिंग भी की जाएगी, ताकि ज्यादा से ज्यादा युवा स्टार्ट अप के साथ जुड़कर स्वाबलंबी बन सकें।

उन्होंने कहा कि प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री के मार्गदर्शन में नगरोटा विधानसभा क्षेत्र के गांव और गरीब का विकास करना मेरा प्रथम कर्तव्य है। उन्होंने सभी विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि गांव और गरीब के विकास कार्यो में किसी भी तरह की कोताही बिल्कुल बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा विधानसभा क्षेत्र में बड़े विकास कार्यो के साथ-साथ गांव और गरीबों तक विकास पहुंचाना सबसे महत्वपूर्ण कार्य है ताकि प्रत्येक व्यक्ति तक सभी तरह की मूलभूत सुविधाएं पहुंचाई जा सके। उन्होंने कहा कि गांव और गरीब की समस्याओं को जानने के लिए उन्होंने पंचायत संवाद कार्यक्रम शुरू किया है जिसके अंतर्गत विधानसभा क्षेत्र की प्रत्येक पंचायत के ग्रामीणों से मिलकर उनकी प्राथमिकताओं के बारे में जानकारी हासिल की जा रही है।

उन्होंने प्रत्येक गांव के अति निर्धन परिवारों के सदस्य को रोजगार के अवसर देने के कार्य को भी प्रमुखता में लिया है, ताकि इन परिवारों का जीवन बेहतर हो सके। उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्देश दिए कि सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं को उसके उचित हकदार तक पहुंचना हमारा प्रथम लक्ष्य होना चाहिए।

# देहरा में मनाया जाएगा राज्य स्तरीय स्वतंत्रता दिवस समारोह

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

- कार्यक्रम में मुख्यमंत्री करेंगे शिरकत, तैयारियों में जुटा प्रशासन

78वां राज्य स्तरीय स्वतंत्रता दिवस समारोह इस बार जिला कांगड़ा के उपमंडल देहरा में धूम-धाम से मनाया जाएगा। उपायुक्त कांगड़ा हेमराज बैरवा ने बताया कि मुख्यमंत्री श्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू इस अवसर पर देहरा में राज्य स्तरीय स्वतंत्रता समारोह की अध्यक्षता करेंगे। 15 अगस्त, 2024 को सुबह 11 बजे देहरा के शहीद भुवनेश डोगरा स्टेडियम में राज्य स्तरीय स्वतंत्रता दिवस समारोह की शुरूआत होगी। इस दौरान मुख्य संसदीय सचिव आशीष बुटेल और किशोरी लाल भी मुख्यमंत्री के साथ राज्य स्तरीय स्वतंत्रता दिवस समारोह में शिरकत करेंगे।

### विभागों को जिम्मेदारियां

**डीसी** ने बताया कि जिला प्रशासन द्वारा राज्य स्तरीय समारोह के सफल संचालन को लेकर विभागों की जिम्मेदारियां तय की गई हैं। विभागीय अधिकारियों को संबंधित कार्यो और व्यवस्थाओं के लिए निर्देश दिए गए हैं। कार्यक्रम में शिक्षण संस्थानों द्वारा देशभक्ति से ओत-प्रोत सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए जाएंगे। उपायुक्त ने अधिकारियों व विभागों को समारोह के सफल आयोजन के लिए पूर्व योजना एवं पूर्ण योजना से तैयारी करने के निर्देश दिए।

# आईबीएम और एसएसजीआई मिलकर चलाएंगे इंडस्ट्रियल कोर्स : एसके पुंज

**अशोक ठाकुर, पठानकोट**



श्री साई विश्वविद्यालय पालमपुर ने कल के नवप्रवर्तकों के लिए अत्याधुनिक प्रौद्योगिकी शिक्षा और करियर तैयार कौशल प्रदान करने के लिए आईबीएम आईसीई के साथ साझेदारी की है। श्री साई ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूट्स बधानी, पठानकोट अध्यक्ष एसके पुंज ने आईबीएम मुख्यालय बेंगलुरु में उच्च अधिकारियों के साथ शानदार बातचीत की। उन्हें आईबीएम के साथ उद्योग के लिए तैयार पाठ्यक्रम चलाने के लिए आईबीएम के विशेष शैक्षणिक भागीदार की सुविधा प्रदान की गई। आईबीएम ने श्री साई ग्रुप की मैनेजमेंट को किया सम्मानित। आईबीएम इंजीनियरिंग टेस्ट मैनेजमेंट एक सहयोगी, गुणवत्ता प्रबंधन समाधान है, जो आवश्यकताओं से लेकर दोषों तक एंड-टू-एंड परीक्षण योजना और परीक्षण परिसंपत्ति प्रबंधन प्रदान करता है। आईबीएम द्वारा कंप्यूटर विज्ञान और इंजीनियरिंग कार्यक्रम बहुराष्ट्रीय आईटी दिग्गज द्वारा एक अनूठी वैश्विक पहल है, जो भारतीय और विदेशी मेधावी छात्रों के लिए विभिन्न डोमेन और भविष्य के प्रौद्योगिकी क्षेत्रों में स्नातक छात्रों को बहुत आवश्यक व्यावहारिक सूचना प्रौद्योगिकी ज्ञान प्रदान करता है। हमारे आईबीएमर्स के पास अनगिनत शैक्षिक संसाधनों तक पहुंच है और उन्हें हमारे व्यवसायों के बारे में सीखना जारी रखने और उन क्षेत्रों में समय निवेश करने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है जो उन्हें दिलचस्प और रोमांचक लगते हैं। आईबीएम कंसल्टिंग सहयोगियों, पेशेवरों और अधिकारियों के लिए पारदर्शी करियर रूपरेखा प्रदान करता है। इस अवसर पर एमडी तृप्ता पुंज, सीएमडी कंवर तुषार पुंज और उपाध्यक्ष रिया पुंज, प्रिंसिपल डॉ. विपिन गुप्ता मौजूद थे। (अनंत ज्ञान)

## सीएचसी बीड़ में मनाया विश्व हेपेटाइटिस दिवस

**अनंत ज्ञान, बैजनाथ।** स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग कांगड़ा द्वारा विश्व हेपेटाइटिस दिवस महाकाल हेल्थ ब्लॉक के सीएचसी बीड़ में मनाया गया। इसकी अध्यक्षता कांगड़ा जिला मुख्यचिकित्सा अधिकारी डॉ राजेश गुलेरी ने की । इस दौरान जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ राजेश सूद, जिला कार्यक्रम अधिकारी डॉ तरुण सूद, बीएमओ महाकाल डॉ दिलावर सिंह व विभाग के कर्मचारी भी उपस्थित रहे। इस अवसर पर डॉ राजेश गुलेरी ने जानकारी देते हुए बताया कि इस दिन को मनाने का मुख्य उद्देश्य हेपेटाइटिस जैसी गंभीर बीमारियों के प्रति लोगों को जागरूक करना है। डॉ गुलेरी ने कहा कि हेपेटाइटिस होने पर व्यक्ति के लिवर में सबसे पहले सूजन आ जाती है और खाना पचाने में भी कई सारी परेशानियों होने लगती है।

11 कंडक्टरों को दिया एक दिवसीय प्रशिक्षण

# निगम परिचालक जिम्मेदारी से निभाएं अपनी ड्यूटी : डीएम

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

हिमाचल पथ परिवहन निगम के मंडलीय कार्यालय धर्मशाला में परिवहन निगम में मंडल में अभी भर्ती हुए 11 परिचालकों को एक दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया। निगम के 3 इंस्ट्रक्टरों ने यह प्रशिक्षण दिया। इस मौके पर मंडलीय प्रबंधक पंकज चड्ढा ने नए परिचालकों का निगम में स्वागत किया। डीएम पंकज चड्ढा ने उन्हें यात्रा के दौरान किए जाने वाले अच्छे व्यवहार के बारे में विस्तार से जानकारी दी, वहीं उन्होंने बसों के चालन परिचालन तथा चालकों संबंधी जिम्मेदारियों के बारे में भी परिचालकों को अवगत करवाया। इसमें यात्रियों का अभिवादन करना तथा स्टॉप की घोषणा करने, समय सारिणी व परमिट की जानकारी होने, फर्स्ट एड बॉक्स तथा दस्तावेज होना सुनिश्चित करने, टिकट, पास व किराए के साथ जारी वेद पास की वैधता टिकट करने के बारे में बताया गया। इसके अलावा संकरी सड़कों पर बस से उतरकर ड्राइवर की मदद करने, वर्दी में रहने, ड्राइवर को रोकने तथा आगे बढ़ने के संकेत देने आवश्यकता अनुसार तथा विशेषकर बुजुर्ग तथा बीमार यात्रियों को बोर्डिंग, सिटिंग और सामान में सहायता प्रदान करने तथा बस को पीछे करते समय सीटी बजाने के बारे में बताया गया।



धर्मशाला में डीएम और इंस्ट्रक्टर्स के साथ भर्ती हुए नए 11 निगम परिचालक।

# पालतू पशुओं को टोकन लगाते वक्त उनके मालिकों की फोटो लेकर रखा जाए रिकॉर्ड

**अजय पाल, पंचरुखी**



हर जगह बेसहारा जानवरों की वजह से हादसे देखने को मिल रहे हैं । पंचरुखी के आसपास के क्षेत्रों की सड़कों पर भी बेसहारा पशुओं की तादात दिन-प्रतिदिन बढ़ती ही जा रही है। दिनभर ये सड़कों पर बैठे रहते हैं और रात होते ही खेतों व घासनियों में तबाही मचाना शुरू कर देते हैं। सड़कों मे हमेशा इन बेसहारा जानवरों के जमघट लगे रहने से वाहन चालकों को भी परेशानी हो रही है और कब यह अक्रामक हो जाए, इसका पता नहीं होता, जिसकी वजह से राहगीरों का पैदल चलना भी मुश्किल हो गया है। पहले इन बेजुबान जानवरों की संख्या कम देखने को मिलती थी, लेकिन बरसात के दिनों मे इनकी संख्या बहुत बढ़ गई है। बेसहारा पशु सड़कों व खेतों में घूम रहे हैं। जब तक गाय दूध दे रही है, तब तक तो उसकी पूरी देखरेख की जाती हैं, लेकिन जैसे ही दूध देश बंद कर देती है, लोग उसे मरने के लिए सड़कों पर छोड़ रहे हैं।

हालांकि पशुपालन विभाग ने पशुओं की पहचान के लिए टोकन भी लगाए हैं, लेकिन लोगों ने पशुओं को छोड़ने से पहले ही उनके टोकन निकाल लिए हैं, ताकि कहीं पकड़े न जाएं। लोगों ने पशुपालन विभाग से मांग की है कि जब पालतू पशुओं को टोकन लगाए जाते हैं तब पशुपालक के साथ उनका फोटो लेकर उसको अपने रिकॉर्ड में रख लें, ताकि अगर कोई टोकन निकाल कर पशुओं को छोड़ता है तो उसको पहचाना जा सके। (अनंत ज्ञान)

**पौधरोपण** पर्यावरण संरक्षण के लिए कोठी पंचायत में पूर्व मंत्री राजेंद्र गर्ग के नेतृत्व में लगाए गए फलदार पौधे

# घुमारवीं में 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान का शुभारंभ

**नीरज शर्मा, घुमारवीं**

भाजपा ने घुमारवीं में शनिवार को 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान की शुरुआत की। भाजपा द्वारा एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत शनिवार को कोठी पंचायत में पूर्व मंत्री राजेंद्र गर्ग के नेतृत्व में दर्जनों फलदार पौधा लगाए। राजेंद्र गर्ग ने कहा कि आज पूरा विश्व पर्यावरण को लेकर चिंतित हैं, जिसे लेकर सभी को इस पर विचार करने की जरूरत है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विश्व पर्यावरण दिवस पर एक पेड़ मां के नाम का अभियान शुरू किया। जिसमें सभी देश व प्रदेशवासी इस अभियान से जुड़ें और अपनी मां के नाम एक पेड़ लगाए और अपनी मां की तरह उसकी सेवा करे और उसकी रक्षा करे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश को हराभरा रखने, पर्यावरण संरक्षण के अंतर्गत 'एक पेड़ मां के नाम' जो अभियान शुरू किया है, उसके बहुत दूरगामी परिणाम निकलकर आएंगे।



'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत कोठी में पौधा रोपित करते पूर्व मंत्री राजेंद्र गर्ग।

गर्ग ने कहा कि पौधरोपण से जहां प्रकृति का संरक्षण होता है, वहीं हमारी धरती माता का भी संवर्धन होता है। इसलिए सभी की जिम्मेदारी है कि प्रकृति की रक्षा में एक पेड़ मां के नाम अभियान से जुड़ें और पर्यावरण संरक्षण के आंदोलन को और अधिक प्रभावी एवं गतिशील बनाने में अपना सक्रिय योगदान दें।

प्रधानमंत्री की इस पहल का उद्देश्य है मां के प्रति अपने प्यार और सम्मान को एक नए रूप में दर्शाना। वृक्ष ही हमारे जीवन का आधार है वृक्ष ही हमारा वर्तमान है और वृक्ष ही हमारा भविष्य हैं। गर्ग ने कहा कि यह अभियान सिर्फ भाजपा का नहीं बल्कि लोगों के सहयोग से जन जागरण अभियान बनाने का प्रयास किया जाएगा, ताकि आज जो जलवायु परिवर्तन के कारण अत्यधिक गर्मी, लू, अत्यधिक बारिश, बाढ़, बादल फटना इत्यादि हो रही त्रासदी जैसी घटनाओं से प्रदेश और देश को बचाया जा सके।

इस मौके पर मंडलाध्यक्ष सुरेश ठाकुर, जिला उपाध्यक्ष राजेश शर्मा, सेक्टर प्रभारी राम गोपाल, ग्राम केंद्र प्रमुख कर्म चंद, बूथ अध्यक्ष भावना पठानीय, मदन लाल, विजय पाठक, होशियार सिंह चमन लाल, प्रताप सिंह, सुभाष, राजपाल सहित अन्य मौजूद रहे। (अनंत ज्ञान)



## न्यूज ब्रीफ

### मोहिंद्र पाल बने स्कूल प्रबंधन समिति के प्रधान

**अनंत ज्ञान, भरेड़ी।** राजकीय उच्च पाठशाला नगरोटा गाजियां में मुख्याध्यापक रविंद्र सिंह पटियाल की अध्यक्षता में स्कूल प्रबंधन समिति का गठन किया गया। जिसमें भी मोहिंद्रपॉल को स्कूल प्रबंधन समिति का प्रधान चुना गया और मीरा देवी, राज कुमारी, सरोजा देवी, राजो, रेतु, सुषमा देवी, बंदना, सुनील कुमार, बलजीत सिंह समिति के सदस्य बनाए गए। इस बैठक में नशा विरोधी प्रकोष्ठ समिति का गठन भी किया गया जिसका अध्यक्ष रविंद्र सिंह पटियाल को बना गया।

### पुनर्मूल्यांकन परिणाम में दिशा बोर्ड की मेरिट सूची में



**अनंत ज्ञान, नादौन।** हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड ने जमा दो का पुनर्मूल्यांकन परिणाम घोषित कर दिया है। जिसमें राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बदारन की छात्रा दिशा ठाकुर ने कला संकाय विषय में हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड की मेरिट सूची में जगह बनाते हुए प्रदेश भर में दसवां स्थान प्राप्त किया। जिससे गांव क्षेत्र व स्कूल में खुशी का महौल है। दिशा ठाकुर ने हिमाचल प्रदेश शिक्षा बोर्ड की वार्षिक परीक्षा के परिणाम में 473 अंक प्राप्त किए थे लेकिन मात्र 5 अंक कम आने से वह मेरिट सूची में जगह नहीं बना पाई थी दिशा को भरोसा था कि उसने काफी मेहनत की है और मेरिट सूची में नाम आना चाहिए था इस लिए उसने अपने पेपरों का पुनर्मूल्यांकन करवाया जिसमें उसके अंक बढ़कर 478 हो गए और प्रदेश की मेरिट सूची में दसवां स्थान पा लिया।

### फूड एंड सेफ्टी विभाग ने लिए 20 सैंपल

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** बरसात के दिनों में लोग खराब खाद्य पदार्थ खाने से बीमार हो सकते हैं। इसके लिए स्वास्थ्य विभाग की फूड एंड सेफ्टी विभाग की मोबाइल टैस्टिंग वैन ने मटन सिद्ध में 20 सैंपल लिए। फूड एनालिस्ट भुवनेश्वरी सोनी व उनकी टीम ने जांच की। जांच के दौरान सभी सैंपल सही पाए गए। फूड सेफ्टी विभाग के आयुक्त अनिल कुमार ने बताया कि मोबाइल वैन की टीम ने 20 अलग-अलग खाद्य पदार्थों के सैंपल लिए हैं। उन्होंने दुकानदारों से आग्रह किया है कि बरसात के मौसम में ग्राहकों को खराब खाद्य पदार्थ न बेचें।

### कांग्रेस कर्मचारियों को कर रही परेशान : राणा

**अनंत ज्ञान, सुजानपुर।** पूर्व विधायक राजेंद्र राणा ने कहा कि सुजानपुर विधानसभा क्षेत्र में कुछ कांग्रेस नेताओं को नई-नई सत्ता मिली है, जिसका जन सेवा के लिए इस्तेमाल करने की बजाय कर्मचारियों को परेशान करने के लिए इस्तेमाल किया जा रहा है। कई महिला कर्मचारियों को जिनकी गोद में साल डेढ़ साल के बच्चे हैं, उन्हें भी नहीं बक्शा जा रहा। उन्होंने कहा राजनीतिक दुर्भावना से सरकारी कर्मचारियों का उत्पीड़न करने वाली सरकार कभी भी जनहितैषी नहीं हो सकती। राणा ने कहा कि सुजानपुर उपचुनाव के दौरान सत्तारूढ़ दल ने लोगों को कई सब्ज बाग दिखाए गए थे, लेकिन वादे पूरे करने की बजाय सतरूढ दल ने यहां दमन चक्र चलाना शुरू कर दिया है।

### भाजपा हर बूथ पर रोपेगी 50 पौधे : लखनपाल

**एसके ठाकुर, बिझड़ी।** भाजपा मंडल बड़सर की बैठक अमर प्लेस बल्याह में आयोजित कि गई। बैठक कि अध्यक्षता भारतीय जनता पार्टी मंडल अध्यक्ष यशवीर पटियाल ने की। बैठक में बड़सर के विधायक इंद्रदत्त लखनपाल ने बतौर मुख्यातिथि भाग लिया। बैठक में भाजपा के आगामी कार्यक्रमों को लेकर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई। विधायक ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के आह्वान पर भाजपा द्वारा देश भर में चलाए जा रहे एक पेड़ मां के नाम अभियान की पौधरोपण कर शुरुआत की। इस अवसर पर विभिन्न प्रजातियों के 50 से अधिक पौधे रोपे जाएंगे। इस अवसर पर भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य कमल नयन, श्याम सिंह डटवालिया, किरण, सुखदेव राणा आदि उपस्थित रहे। (अनंत ज्ञान)

### सुषमा बनी सर्वसम्मति से एसएमसी प्रधान

**अनंत ज्ञान, रंगस।** राजकीय सीनियर सेकेंडरी स्कूल रंगस में स्कूल प्रबंधन समिति का त्रिवार्षिक चुनाव सर्वसम्मति से हुआ। सर्वप्रथम एसएमसी प्रधान अजय कुमार ने गत तीन वर्षों में उन्हें सहयोग देने के लिए सभी का आभार व्यक्त किया तथा पुरानी कार्यकारिणी को भंग करने की घोषणा की। इसके उपरांत नई समिति के चुनाव हेतु प्रक्रिया प्रारंभ हुई। जिसमें सुषमा देवी को सर्वसम्मति से प्रधान चुना गया। प्रिंसिपल नरेश ठाकुर समिति के सदस्य सचिव होंगे। इसके अतिरिक्त किशोर चंद, कविता, पूजा, मीरा, नीलम, ममता, महेंद्र, मीना आदि को सदस्य चुना गया।

### हमीरपुर में क्षेत्रीय परिवहन प्राधिकरण की बैठक 21 को

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** क्षेत्रीय परिवहन प्राधिकरण की बैठक 21 अगस्त को क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय हमीरपुर में आयोजित की जाएगी। क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी अंकुश शर्मा ने बताया कि जिला हमीरपुर के संबंधित वाहन मालिक और अन्य आवेदक 14 अगस्त तक अपने आवेदन क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी कार्यालय में प्रस्तुत कर दें, ताकि 21 अगस्त को होने वाली बैठक में इन पर विचार किया जा सके। उन्होंने बताया कि 14 अगस्त के बाद प्राप्त किसी भी आवेदन और अधूरे आवेदनों को क्षेत्रीय परिवहन प्राधिकरण की बैठक में शामिल नहीं किया जाएगा।

### पट्टा स्कूल में प्रबंधन समिति का चुनाव संपन्न

**अनंत ज्ञान, जाहू।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला पट्टा में स्कूल प्रबंधन समिति का गठन किया गया। सभी अभिभावकों ने सर्वसमिति से मुकेश कुमार शर्मा को स्कूल प्रबंधन समिति का प्रधान चुना गया। कुसुम लता, सीमा देवी, नीलम कुमारी, राकेश कुमार, पवन कुमार, ममता, कृष्णा कुमारी, मनोहर लाल, देवराज, सुरेश चंद, दुलंबी देवी, पंकज राणा और सुनीता देवी को सदस्य चुना गया।

### गांव में एचआरटीसी की बस पहुंचने पर चहके छत्रैलवासी



**अनंत ज्ञान, टौणी देवी।** टौणी देवी से छत्रैल गांव तक पहली बार एचआरटीसी की बस पहुंची और इसे देखकर सभी चहक उठे। लोगों ने मिठाइयां बांटी तथा महिलाओं ने स्वागत गीत गाए। सभी के लिए यह किसी दिवाली से कम नहीं था। टौणी देवी से छत्रैल गांव के लिए प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के तहत पूर्व मुख्यमंत्री प्रेम कुमार धूमल के कार्यकाल में सड़क का निर्माण किया गया था तथा कुछ रुकावटों के चलते यह अभी तक पास नहीं हो पाया था। जिसके कारण ग्रामीणों और लोक निर्माण विभाग को दिक्कत हो रही थी। लेकिन शनिवार को इस रूट पर सरकारी बस पहुंची और इस रोड पास कर दिया गया। शनिवार को एसडीएम हमीरपुर मनीष सोनी ने पहुंचकर टौणी देवी से छत्रैल तक सरकारी बस की पहली सीट पर बैठकर सड़क का मुआयना किया तथा इसे अपनी हरी झंडी प्रदान की।

# पोस्टकार्ड 556 की सुनवाई पूरी होने के बाद ही घोषित होगा रिजल्ट

## 5 अगस्त को हाईकोर्ट में पेशी, जेओए अभ्यर्थियों का क्रमिक अनशन 15 दिन बाद भी जारी

**विक्रम ढटवालिया, हमीरपुर**

हिमाचल में रिजल्ट को लेकर राज्य चयन आयोग से नाराज जेओए पोस्टकोड 817 के अभ्यर्थियों का क्रमिक अनशन 15 दिन बाद भी जारी है। वे शनिवार को भी दिनभर बारिश के बीच कार्यालय के गेट के बाहर धरना-प्रदर्शन कर रहे हैं। वे इस बात से नाराज हैं कि उनका रिजल्ट काफी समय से अनावश्यक रूप से विलंबित किया जा रहा है, लेकिन आयोग के सूत्रों के मुताबिक हाई कोर्ट में 5 अगस्त को पोस्टकार्ड 556 की सुनवाई होनी है उसी के बाद तय होगा रिजल्ट कब निकलेगा?

बार-बार कहा जा रहा है कि दो-चार दिन में रिजल्ट घोषित कर दिया जाएगा, लेकिन देरी जारी है। 15 दिन पहले आयोग के मुख्य प्रशासक ने एक सप्ताह के भीतर रिजल्ट घोषित करने को कहा था, मगर अब दो सप्ताह से ज्यादा समय हो गया है। धरना-प्रदर्शन कर रहे कई अभ्यर्थी बीमार भी हो चुके हैं। एक का मोटरसाइकिल चोरी हो चुका है। अब बारिश भी उन्हें तंग कर रही है। उनके परिजन भी इसमें शामिल हो चुके हैं। लेकिन रिजल्ट घोषित हुए बिना यहां से वे लौटने वाले नहीं हैं। शनिवार को भी वे शाम तक आयोग कार्यालय के बाहर डेरा डाले रहे।

एक अन्य पोस्टकार्ड 556 मामले में हाईकोर्ट में 5 अगस्त को पेशी है, लेकिन जिस कोड के रिजल्ट को घोषित करने की अभ्यर्थी मांग कर रहे हैं, उससे उसका कोई लेना देना नहीं है। इसीलिए अभ्यर्थी बेचैनी में हैं। इसी को लेकर अभ्यर्थी भड़के हुए थे।



क्रमिक अनशन पर बैठे अभ्यर्थी।

अभ्यर्थियों का कहना है कि हर बार परिणाम घोषित करने को लेकर नई तिथि बता दी जाती है। आयोग की तरफ से परिणाम घोषित करने की तिथि 17 जुलाई 2024 बताई गई थी। निर्धारित समय अवधि में परिणाम घोषित न करने को लेकर अभ्यर्थी प्रदर्शन पर उतर आए हैं।

प्रदेश भर से अभ्यार्थी चयन आयोग पहुंच कर नई उम्मीदों को लेकर संघर्ष कर रहे हैं। लेकिन उनकी बात भीतर से कोई सुनने वाला कोई भी दिख नहीं रहा।

इधर आयोग के सहायक प्रशासक जितेंद्र सांजटा ने बताया कि हाई कोर्ट में एक अन्य मामले में अब 5 तारीख को पेशी है। उसी के बाद फैसला होगा। जिस पोस्ट कोड 817 के तहत रिजल्ट घोषित करने को कहा गया है, उसका नतीजा इस फैसले के बाद ही घोषित होगा रिजल्ट ओके है। केवल हाई कोर्ट के फैसले की इंतजार है। (अनंत ज्ञान)

# जोल सप्पड़ पंचायत के सचिव को कारण बताओ नोटिस जारी

**शशि सोनल, नादौन**

नादौन ब्लॉक की पंचायत जोलसप्पड़ के सचिव को बिना अनुमति के ड्यूटी पर गैरहाजिर रहने पर बीडीओ नादौन ने कारण बताओ नोटिस भेजा है। नोटिस में कहा गया है कि आप बिना अनुमति के ड्यूटी से गैरहाजिर रहे हैं। दो दिनों के भीतर स्पष्टीकरण दें अन्यथा एक तरफा कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

शिकायतकर्ता जोलसप्पड़ पंचायत के गांव सोरड़ के दलीप सिंह ने पंचायत सचिव के खिलाफ शिकायत की है। उन्होंने कहा है कि करीब अढ़ाई साल पहले मैंने पंचायत सचिव से सूचना के अधिकार के तहत जानकारी मांगी थी कि पंचायत में बार्ड वाइज जो विकास कार्य हुए हैं उनकी सूचना उन्हें दी जाए, लेकिन अभी भी उन्हें पूरी जानकारी नहीं मिली है। सूचना न मिलने पर उन्होंने बीडीओ नादौन के पास अपील की।

शिकायतकर्ता ने बताया कि बीडीओ नादौन ने तीन पेशी डाली, लेकिन पंचायत सचिव हाजिर नहीं हुआ। आरटीआई के तहत सूचना न मिलने का मामला राज्य सूचना अधिकारी शिमला के पास विचाराधीन है। वहां भी सुनवाई हो रही है। जन सूचना अधिकारी के आदेश पर वर्ष 2022 में मांगी गई सूचना का रिकार्ड लेने जब मैं पंचायत घर जोलसप्पड़ में गया तो पंचायत सचिव ने कोई रिकार्ड नहीं दिया। उसके बाद फिर गया तो न तो पंचायत सचिव पंचायत घर में उपस्थित था और न ही उसने फोन उठाया। उन्होंने बताया कि पंचायत सचिव के व्यवहार के खिलाफ उन्होंने पुलिस और बीडीओ नादौन को भी शिकायत की है। मामले की छानबीन करके रिपोर्ट उच्च अधिकारियों को सौंप दी है। (अनंत ज्ञान)

> जोलसप्पड़ पंचायत के सचिव विनय कुमार को बिना अनुमति के ड्यूटी से गैरहाजिर रहने पर कारण बताओ नोटिस जारी करके दो दिनों के भीतर स्पष्टीकरण देने को कहा गया है।
> –निशांत शर्मा बीडीओ नादौन।

> जोलसप्पड़ पंचायत के सचिव के खिलाफ शिकायत की जांच की जा रही है। जांच करके डीसी हमीरपुर को भेजी जाएगी।
> –अपराजिता चंदेल एसडीएम नादौन

# हमीरपुर में कर्नल शांडिल फहराएंगे राष्ट्रीय ध्वज

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

78वां स्वतंत्रता दिवस 15 अगस्त को हमीरपुर में भी हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। जिला प्रशासन ने इसके लिए तैयारियां आरंभ कर दी हैं। उपायुक्त अमरजीत सिंह ने शनिवार को विभिन्न विभागों और स्थानीय नगर परिषद के अधिकारियों के साथ बैठक करके जिला स्तरीय समारोह की तैयारियों की समीक्षा की।

उन्होंने कहा कि इस समय ब्वॉयज सीनियर सेकेंडरी स्कूल हमीरपुर के मैदान का कार्य चला हुआ है। इसलिए, जिला स्तरीय स्वतंत्रता दिवस समारोह अणु के सिंथेटिक ट्रैक के मैदान में आयोजित किया जाएगा, जिसमें स्वास्थ्य, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता एवं सैनिक कल्याण मंत्री कर्नल डॉ. धनीराम शांडिल राष्ट्रीय ध्वज फहराएंगे और भव्य परेड की सलामी लेंगे। इस परेड में हिमाचल प्रदेश पुलिस, होमगार्ड, एनसीसी, एनएसएस और स्काउट्स एंड गाइड्स की टुकड़ियां भाग लेंगी। उपायुक्त ने कहा कि समारोह में परेड के अलावा विभिन्न शिक्षण संस्थानों के विद्यार्थियों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि परेड और सांस्कृतिक कार्यक्रम उच्च स्तर के होने चाहिए। इसके लिए उन्होंने पुलिस, सूचना एवं जनसंपर्क विभाग, भाषा, कला एवं संस्कृति विभाग और शिक्षा विभाग के अधिकारियों को तुरंत तैयारियां शुरू करने के निर्देश दिए। बैठक में सहायक आयुक्त पवन शर्मा ने समारोह की तैयारियों की विस्तृत जानकारी दी।


15 अगस्त को लेकर अधिकारियों से बैठक करते उपायुक्त अमरजीत सिंह।

# सब्जी मंडियों में निर्माण कार्यों को जल्द पूरा करवाएगी एपीएमसी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर**



कृषि उपज मंडी समिति (एपीएमसी) हमीरपुर की बैठक शनिवार को समिति के अध्यक्ष अजय शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में मंडी समिति ने वर्ष 2023-24 में प्राप्त कुल 1,90,76,289 रुपए की आय और 1,40,65,900 रुपए के व्यय का मद्वार अनुमोदन किया। इसके साथ-साथ वर्ष 2024-25 में माह जून तक प्राप्त कुल 49,48,254 रुपए की आय और 39,92,254 रुपए के व्यय का भी मद्वार अनुमोदन कर दिया।

समिति ने हिमाचल प्रदेश कृषि एवं औद्यानिकीय उपज विपणन (विकास एवं विनियमन) अधिनियम, 2005 की धारा 45 (2) के अंतर्गत 14 दिनों के भीतर देय मंडी शुल्क को जमा करवाने के लिए व्यापारियों की सुविधा हेतु नादौन, सुजानपुर, जाहू और बड़सर में एक-एक दिन अपने कर्मचारियों की ड्यूटी लगाने का निर्णय भी लिया, ताकि व्यापारी अपने मंडी शुल्क का भुगतान समय पर कर सकें।

अजय शर्मा ने कहा कि कृषि उपज मंडी समिति हमीरपुर के अंतर्गत कार्यरत मंडियों में लंबित पड़े विभिन्न निर्माण कार्यों को शीघ्र पूरा करने के लिए तकनीकी शाखा को निर्देश दिए गए हैं। बैठक में विशेष तौर पर माननीय मुख्यमंत्री और जिला प्रशासन के सहयोग से जिला हमीरपुर के किसानों व बागवानों के उत्पादों के विपणन हेतु ग्रामीण हाट (अपनी मंडी) स्थापित करने का निर्णय लिया गया, ताकि किसान और बागवान मंडियों में न जाकर अपने उत्पाद को सीधे ग्राहक को बेच कर अपने उत्पाद का उचित मूल्य प्राप्त कर सकें। बैठक में समिति के व्यापारी सदस्य नीलम कुमार, विजय बन्याल, रमेश चंद पराशर, सुनील कुमार, संतोष कुमार, उत्पादक सदस्य, सरकारी सदस्यों में कृषि उपनिदेशक डॉ. शशि पाल अत्री, विषय वाद विशेषज्ञ डॉ. मोना, डॉ. सतीश वर्मा, पशुपालन विभाग के उपनिदेशक डॉ. सतीश वर्मा, नायब तहसीलदार जगदीश चंद व अन्य सदस्य भी उपस्थित रहे।

# जोलसप्पड़ में 180 श्रमिकों का स्वास्थ्य जांचा

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**



जिला श्रम कल्याण अधिकारी कार्यालय ने शनिवार को जोल सप्पड़ में डॉ. राधाकृष्णन राजकीय मेडिकल कॉलेज के नए परिसर के निर्माण स्थल पर श्रमिकों के लिए निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित किया। शिविर के दौरान चिकित्सकों और स्वास्थ्य कर्मियों ने लगभग 180 श्रमिकों के स्वास्थ्य की जांच की। इस अवसर पर श्रम कल्याण अधिकारी रश्मि कुमारी ने श्रमिकों को हिमाचल प्रदेश भवन एवं सनिर्माण कामगार कल्याण बोर्ड द्वारा श्रमिकों के कल्याण के लिए चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि श्रमिकों और उनके परिजनों के कल्याण एवं उत्थान के लिए बोर्ड के माध्यम से कई योजनाएं शुरू की गई हैं जिनका श्रमिकों को लाभ उठाना चाहिए।

# हमीरपुर में आज बाधित रहेगी बिजली की आपूर्ति

**हमीरपुर।** सब स्टेशन अणु 132,33,11 केवी हमीरपुर द्वारा उपकरणों के जरूरी रखरखाव एवं मरम्मत के लिए आज शटडाउन रहेगा। जिसके तहत सब स्टेशन अणु हमीरपुर के अंतर्गत आने वाले फीडर 11 केवी आरईसी, 11 केवी हाउसिंग बोर्ड, 11 केवी हमीरपुर लोकल, 11 केवी माइक्रोवब, 11 केवी हीरा नगर एरिया फीडर के तहत 4 अगस्त को सुबह 10 से शाम 3 बजे तक पूर्ण रूप से बिजली बाधित रहेगी। इसके अलावा एचआरटीसी वर्कशॉप इलेक्ट्रिकल व्हीकल चार्जिंग स्टेशन के कार्य को करने हेतु भी सुबह से 10 से शाम 5 बजे तक बिजली बाधित रहेगी। यह जानकारी सहायक अभियंता इंजी. सौरभ राय विद्युत उपमंडल नंबर 2 ने दी।

# बीटेक, बी फार्मेसी में लेटरल एंट्री के लिए आवेदन 10 तक

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

हिमाचल प्रदेश तकनीकी विश्वविद्यालय हमीरपुर ने बीटेक, बी फार्मेसी में लेटरल एंट्री के लिए आवेदन प्रक्रिया शुरू की है। पात्र अभ्यर्थी 10 अगस्त तक बीटेक, बी फार्मेसी में लेटरल एंट्री के लिए ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। इसके अलावा बी आर्क के लिए भी उपरोक्त तिथि तक ऑनलाइन आवेदन करने की प्रक्रिया रहेगी।

तकनीकी विवि के अधिष्ठाता शैक्षणिक प्रो जयदेव ने कहा कि बीटेक और बी फार्मेसी लेटरल एंट्री के लिए जिन अभ्यर्थियों ने आवेदन किया है, लेकिन डिप्लोमा की परिणाम न आने के चलते प्रतिशतता नहीं भरी थी, उनके लिए भी तकनीकी विवि ने पोर्टल खोला है। ऐसे अभ्यर्थी भी 10 अगस्त तक अपनी प्रतिशतता अपडेट कर सकते हैं। अधिष्ठाता शैक्षणिक ने कहा कि जल्द ही बीटेक, बी फार्मेसी लेटरल एंट्री की काउंसलिंग का शेड्यूल जारी किया जाएगा। हिमाचल प्रदेश तकनीकी विवि हमीरपुर में शनिवार को 127 अभ्यर्थियों को सीटें आवंटित की गई।

# बच्चों और महिलाओं को पोक्सो अधिनियम बारे किया जागरूक

**टनंत ज्ञान, भरेड़ी**

भोरंज उपमंडल के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला भुक्कड़ में स्कूल प्रधानाचार्य देशराज कमल की अध्यक्षता में शिक्षा विभाग के निर्देशानुकसार स्कूली बच्चों और महिलाओं को पोक्सो अधिनियम के बारे में जागरूक किया गया। इस दौरान स्मार्ट क्लास रूम में वीडियों के माध्यम से बच्चों को अधिनियम के प्रावधनो की जानकार दी गई।

इस दौरान बच्चों को संबोधित करते हुए प्रधानाचार्य देशराज कमल ने कहा कि यौप अपराधों से बच्चों को संरक्षित देने के लिए पोक्सो प्रोटेक्शन ऑफ चिल्ड्रन फ्राम सेक्यूअल अफेंस्सेंस एक्ट अधिनियम बनाया गया है। महिला एवं बाल विकास मंत्रालय ने वर्ष 2012 पोक्सो एक्ट के नाम से बनाया है। इस कानून के अंतर्गत नाबालिग बच्चों के प्रति यौन उत्पीडन, यौन शोषण और पोर्नोग्राफी जैसे यौन अपराध और छेड़छाड़ के मामलों में कार्रवाई की जाती है। इस कानून के तहत अलग-अलग अपराध के लिए अलग-अलग सजा निर्धारित की गई है। यह अधिनियम पूरे भारत वर्ष में लागू किया गया है।

## अंडर-14 खेलकूद प्रतियोगिताएं आज से शुरू

# बारिश हुई तो कैसे आयोजित होंगी खेलकूद प्रतियोगिताएं

**अनिल कुमार, हमीरपुर**

जिला के सरकारी स्कूलों में ब्लॉक स्तर की खेल गतिविधियां रविवार से शुरू हो रही हैं इसके लिए विभिन्न स्कूलों की टीमें पहुंच गई हैं। प्रारंभिक शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित की जा रही ब्लॉक स्तर की खेलकूद प्रतियोगिताओं में बारिश का खतरा मंडरा हुआ है।

पिछले दो दिनों से हो रही बारिश ने आयोजकों को मुश्किल में डाल दिया है। गौर रहे कि रविवार को सभी ब्लॉकों में लड़के और लड़कियों की खेलकूद प्रतियोगिताओं का शुभारंभ किया जा रहा है। इसमें ब्लॉक हमीरपुर लड़के और लड़कियों की खेलें राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला नाल्टी में, ब्लॉक सुजानपुर के लड़के और लड़कियों का टूर्नामेंट राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला पटलांदर में, टौणी देवी ब्लॉक के लड़के और लड़कियों की राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला बोहनी में, ब्लॉक भोरंज के लड़कों का राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला भोरंज में, ब्लॉक बिझड़ी के लड़कों का राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला बिझड़ी में व नादौन ब्लॉक के लड़कों का राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला चैड़ू में 4 से 6 अगस्त तक आयोजित की जा रही हैं। नाल्टी में आयोजित खेलकूद प्रतियोगिताओं का कांग्रेस प्रत्याशी डॉ. पुष्पिंद्र वर्मा शुभारंभ करेंगे। इन प्रतियोगिताओं में सैकड़ों खिलाड़ी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे, लेकिन बारिश ने खलल नहीं डाला तो यह खेलें अच्छे से आयोजित की जाएंगी। यदि बारिश अधिक हुई तो यह प्रतियोगिताएं आगे करवाई जाएंगी। इस दौरान प्रतियोगिता में आए बच्चों की देखभाल और स्वास्थ्य का ध्यान रखना अध्यापकों और आयोजकों की होगी।

इस बारे में प्रारंभिक शिक्षा उपनिदेशक अशोक कुमार ने बताया कि प्रतियोगिता की सारी तैयारी कर ली गई हैं। उन्होंने बताया कि टूर्नामेंट को सफलतापूर्वक आयोजित करने के लिए अध्यापकों की ड्यूटियां लगा दी गई हैं। उन्होंने बताया कि प्रधानाचार्यों को इनकी देखभाल और सुरक्षा के निर्देश दे दिए हैं। उन्होंने बताया कि प्रधानाचार्यों और अध्यापकों के इस कार्य के लिए सराहना भी दी जाएगी। (अनंत ज्ञान)

# कार्यकर्ताओं की मेहनत से जीती हमीरपुर सीट : आशीष

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बड़ू (हमीरपुर)**

भाजपा मंडल हमीरपुर की एक 'आभार बैठक' शनिवार को बड़ू में आयोजित की गई। इसकी अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष आदर्श कांत शर्मा ने की। बैठक में विधायक आशीष शर्मा बतौर मुख्य अतिथि मौजूद रहे।

आशीष शर्मा ने विधानसभा उपचुनाव में उन्हें विजय दिलाने के लिए सभी कार्यकर्ताओं का आभार जताया। उन्होंने कहा कि विपरीत परिस्थितियों में भी सभी कार्यकर्ताओं ने मेहनत कर भाजपा की झोली में हमीरपुर की सीट डाली है। जिसके लिए वह ताउम्र सभी कार्यकर्ताओं के ऋणी रहेंगे। उन्होंने कहा कि वे सभी कार्यकर्ताओं का मान सम्मान करते हैं और आगे भी कार्यकर्ताओं के मान सम्मान में कोई कमी नहीं आने दी जाएगी। कार्यकर्ता ही पार्टी की रीड की हड्डी होते हैं और आगामी समय में पार्टी को और मजबूत करने के लिए विभिन्न कदम उठाए जाएंगे।

उन्होंने कहा कि पार्टी कार्यकर्ताओं के मार्गदर्शन अनुसार ही कार्य किया जाएगा और विधानसभा में क्षेत्र के मुद्दों को जोर-जोर से उठाया जाएगा। प्रदेश कांग्रेस सरकार मात्र झूठ बोलकर लोगों को बरगलाती है। चुनावों के समय विभिन्न वायदे किए गए, लेकिन सरकार ने कोई भी वायदा पूरा नहीं किया। चुनाव के बाद हिमकेयर कार्ड निजी अस्पतालों में बंद कर दिया गया। जिस कारण हजारों मरीजों को अपना उपचार करवाने में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। 1500 रुपए का लालच देकर महिलाओं के साथ ठगी की गई है। चुनावों के समय इक्का-दुक्का महिलाओं को 1500 रुपए देकर लुभाने की कोशिश की गई, लेकिन अब वह 1500 रुपए तो दूर की बात है बल्कि और भी जो सुविधा पूर्व की भाजपा सरकार लोगों को दे रही थी उन्हें भी छीना जा रहा है। इस मौके पर मंडल महामंत्री राजेश ठाकुर, पूर्व जिला अध्यक्ष प्यारे लाल शर्मा, प्रकाश चंद शर्मा आदि मौजूद रहे।


मंडल की बैठक में मौजूद कार्यकर्ता और विधायक आशीष शर्मा।

**उपलब्धि** डेढ़ साल में भोरंज विधानसभा क्षेत्र में सरकार ने बनाईं 19 सड़कें

# एफडीआर आधुनिक तकनीक से तैयार होंगी सड़कें : सुरेश

**वाईके भारद्वाज, भरेड़ी**

भोरंज विधानसभा क्षेत्र में उच्च गुणवत्ता वाली सड़कों का निर्माण किया जा रहा है, ताकि लोगों को अच्छी सड़कों की सुविधा मिल सके। नई तकनीक से बनने वाली सड़कों के कार्य को बुद्धिजीवी लोगों के सामने रखा जाए, ताकि इसका आम जनता को पता चले। इसी उद्देश्य को लेकर भरेड़ी में सड़क के निर्माण कार्य का शुभारंभ किया गया।

यह बात भोरंज विधायक सुरेश कुमार ने भरेड़ी में नई तकनीक एफडीआर से बनने वाली बस्सी को तताहर सड़क वाया चंदरूही सड़क के निर्माण का शुभारंभ करते हुए कही। उन्होंने कहा कि सड़कें क्षेत्र के विकास की भाग्य रेखाएं मानी जाती हैं। इसी उद्देश्य को लेकर हिमाचल में करीब 450 किलो मीटर सडकें एफडीआर आधुनिक तकनीक से बनेंगी। भोरंज विधानसभा क्षेत्र में भी दो सड़कें बस्सी से तताहर वाया चंदरूही और बढ़ाहर से झनिकर सड़क का कार्य शुरू हो गया है। उन्होंने कहा कि इस नई तकनीक से लोगों को भी जागरूक करना जरूरी है। उन्होंने बताया कि इस तकनीक से बनने वाली सड़कें 15 से 20 साल तक खराब नहीं होंगी। सड़कों के उखड़ने वाली सामग्री को फैंका नहीं जाएगा, बल्कि सड़क की उखाड़ी सामग्री, सीमेंट व कैमिकल का कंप्यूटराइज मिश्रण से सड़क का निर्माण होगा। इसके बाद 28 दिन सड़क वाहनों के लिए खुली रहेगी और उसके बाद एक पतली लेअर बिछाई जाएगी। विधायक ने कहा कि भोरंज विधानसभा क्षेत्र की छह मुख्य सड़कों को चौड़ा करने का कार्य चला हुआ है। इसमें पट्टा से अवाहदेवी और कैहरवीं से सुलगवान वाया बाहन्वीं सड़क की शामिल हैं। सड़कों के चौड़ा करने से लोगों के साथ वाहन चालकों को लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा कि भोरंज विधानसभा क्षेत्र में सड़कों का जाल बिछाने का कार्य किया जा रहा है। ग्रामीण क्षेत्रों में करीब डेढ़ साल में करीब 18 सड़कों को निर्माण किया गया है।

इस दौरान हिमाचल ग्रामीण विकास एंव कृषि बैंक के चेयरमैन रामचंद्र पठानिया, एनपी सिंह चीफ इंजीनीयर शिमला, केके भारद्वाज अधिशाषी अभियंता भोरंज, नितीश भारद्वाज सहायक अभियंता, प्रवीण कुमार कनिष्ठ आभियंता, प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सचिव कमल राव व अन्य उपस्थित रहे। (अनंत ज्ञान)


भरेड़ी में सड़क के शुभारंभ अवसर पर विधायक सुरेश कुमार व अन्य।

## न्यूज ब्रीफ

### बाथू स्कूल में लगाया एनएसएस शिविर



**अनंत ज्ञान, टाहलीवाल।** क्षेत्र के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला बाथू में शनिवार को एकदिवसीय एनएसएस शिविर का आयोजन किया गया। स्वयंसेवियों ने कार्यक्रम अधिकारी पुरुषोत्तम कुमार व मंजू वासुदेवा तथा प्रधानाचार्य रविंद्र धीमान के मार्गदर्शन में स्कूल कैंपस में उगे घास व झाड़ियां को काटकर की साफ-सफाई की। प्रधानाचार्य ने कहा कि एनएसएस स्वयंसेवियों में समाजसेवा की भावना उत्पन्न करता है। शिविर के अंत में बच्चों को जलपान करवाया गया। इस अवसर पर सभी अध्यापक उपस्थित रहे।

### छात्रों को नशे के दुष्प्रभावों की दी जानकारी



**विनोद शर्मा, लठियानी।** रायपुर मैदान में स्कूल के राष्ट्रीय सेवा योजना के अधिकारी पवन कुमार ने बच्चों को नशे के दुष्प्रभावों के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि नशों से जवानी समाप्त हो रही है, जो कि बहुत ही चिंता का विषय है। आजकल सबसे भयंकर नशा, जिसे चिट्टा कहा जाता है। यह एक सिंथेटिक नशा है, जो कि बहुत ही हानिकारक रसायनिक पदार्थों से बनाया जाता है। इस प्रकार का नशा करने वाले व्यक्ति के शरीर को बहुत ही जल्दी से नुकसान पहुंचाने के साथ अपने घर का धन भी बर्बाद करता है। राष्ट्रीय सेवा योजना की अधिकारी शोभा ने कहा कि यदि नशे के विरुद्ध छोटी अवस्था के बच्चों को जागृत करने के लिए प्रदेश सरकार स्कूल के पाठ्यक्रम में प्रारंभ कर दिया जाए तो इससे बहुत ही अच्छे परिणाम आ सकते हैं। रायपुर मैदान स्कूल के राष्ट्रीय सेवा योजना के अधिकारी पवन कुमार व सुरेश अग्निहोत्री ने बताया कि स्कूल के स्वयंसेवी नशे के विरुद्ध रैलियों के माध्यम से समाज को समय-समय पर जागरूक करते रहते हैं। (अनंत ज्ञान)

### राज कुमार बने सीएमसी घलुं के अध्यक्ष



**अनंत ज्ञान, बंगाणा।** उपमंडल बंगाणा क्षेत्र के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला पिपलू (घलुं) में शनिवार को स्कूल प्रबंधन कमेटी का चुनाव निश्चित किया गया था। इस कार्यक्रम में स्कूल के प्रधानाचार्य मदन लाल धीमान की अध्यक्षता में स्कूली छात्र-छात्राओं के अभिभावकों की बैठक आयोजित की गई। इसमें सभी अभिभावकों ने सर्वसम्मति से वर्तमान बीडीसी सदस्य राज कुमार मनकोटिया को स्कूल प्रबंधन कमेटी का अध्यक्ष नियुक्त कर दिया गया। वहीं, पर राज कुमार मनकोटिया ने सभी अभिभावकों का अध्यक्ष नियुक्त किए जाने पर आभार व्यक्त किया तथा कहा कि जो जिम्मेदारी उन्हें सौंपी गई है, इस पर वह खरा उतरने की हरसंभव कोशिश करेंगे। इस मौके पर स्थानीय पंचायत प्रधान महिंद्र सिंह राणा, स्कूल के प्रधानाचार्य मदन लाल धीमान, पूर्व स्कूल प्रबंधन कमेटी की अध्यक्ष बिमला देवी, मंजीरा बीबी, किरण देवी, पूनम देवी, अंजना कुमारी, विपन कुमार, राज कुमार, सदीक मुहम्मद सहित स्कूल स्टाफ सदस्यों में राजेश कुमार, बिनीत कुमार, आशा देवी, सुदर्शना कुमारी, कुलदीप सिंह सहित अन्य स्कूल स्टाफ सदस्यों सहित अभिभावक मौजूद रहे।

### वीरेंद्र कंवर ने पलाहटा में किया पौधरोपण



**अनंत ज्ञान, बंगाणा।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर देश भर में भाजपा द्वारा 'एक पौधा मां के नाम' पौधरोपण अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में शनिवार को कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र की पलाहटा पंचायत में भाजपा के वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष व पूर्व मंत्री वीरेंद्र कंवर ने ग्रामीणों के साथ पौधरोपण कार्यक्रम में भाग लिया। इस कार्यक्रम में कुटलैहड़ भाजपा मंडलाध्यक्ष चरणजीत शर्मा, मंडल उपाध्यक्ष राम सिंह, राजिंद्र ठाकुर, सचिव मनु बांका, प्रधान ग्राम पंचायत पलाहटा दीपांकर सिंह कंवर सहित पंचायत निवासी व कार्यकर्ताओं ने भाग लिया।

# अवैध खनन पर जिला प्रशासन की कड़ी कार्रवाई

## डीसी ने खुद दी देर रात दबिश, खननकारियों पर दो एफआईआर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, ऊना**

ऊना जिले में अवैध खनन पर पूर्ण अंकुश लगाने के लिए जिला प्रशासन ने जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाई है। उपायुक्त जतिन लाल ने इस मुहिम को और तेज करते हुए खुद शुक्रवार देर रात खानपुर, फतेहपुर और घालूवाल में दबिश दी। रात 12 से 2 बजे तक चली इस सख्त कार्रवाई में उन्होंने खानपुर में पकड़े गए अवैध खनन भंडारण के दो मामलों में एफआईआर के निर्देश दिए। इस दौरान डीसी ने वाहनों की चेकिंग भी की। उनके साथ एसडीएम ऊना विश्व मोहन देव चौहान, पुलिस उपनिरीक्षक मैहतपुर सौरभ ठाकुर और खनन निरीक्षक पंकज कुमार भी मौजूद थे।



स्वां नदी में डीसी ने आधी रात को खनन माफिया के ठिकानों पर दबिश दी।

ज्ञात रहे कि उद्योग मंत्री हर्षवर्धन चौहान ने बीते कल ऊना में आयोजित बैठक में अधिकारियों को अवैध खनन पर सख्ती से निपटने के निर्देश दिए थे। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के स्पष्ट निर्देश हैं कि अवैध खनन में लिप्त व्यक्तियों पर कठोरतम कार्रवाई की जाए। इन निर्देशों की अनुपालना में ऊना जिला प्रशासन अवैध खनन पर कड़े तेवरों के साथ निगरानी और रोकथाम में जुटा है। उपायुक्त जतिन लाल ने कहा कि ऊना जिले में अवैध खनन किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। अवैध खनन और पर्यावरण को नुकसान पहुंचाने वालों को कतई बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने कहा कि अवैध खनन करने वालों के साथ-साथ अवैध भंडारण करने वाले मालिकों पर भी एफआईआर दर्ज की जाएंगी।

उपायुक्त ने बताया कि उन्होंने शुक्रवार रात खानपुर में पकड़े गए अवैध खनन भंडारण के दो मामलों में एफआईआर के निर्देश दिए हैं। इससे पहले फतेहपुर और उदयपुर में भी माइनिंग विभाग ने कार्रवाई करते हुए अवैध खनन भंडारण के मामलों में 4 एफआईआर दर्ज कराई हैं। उपायुक्त ने कहा कि प्रकृति से खिलवाड़ करने वालों के खिलाफ खनन और पर्यावरण अधिनियम के तहत सख्त से सख्त कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। अवैध खनन के लिए प्रयोग की जा रही वाहन व मशीनरी को भी जब्त किया जाएगा। सभी एसडीएम और संबंधित विभागों को अवैध खनन पर सख्ती से निपटने के निर्देश दिए गए हैं।

# कांवड़ियों का तीसरा जत्था ध्यूंसर सदाशिव मंदिर पहुंचा



ध्यूंसर सदाशिव में गंगाजल से शिवलिंग का जलाभिषेक करते शिव भक्त।

**राजेश ठाकुर, बंगाणा**

ऊना जिले के प्रसिद्ध व ऐतिहासिक सदा शिव ध्यूंसर महादेव मंदिर तलमेहड़ा बही में हर वर्ष कांवड़ियों की ओर से गंगाजल से शिवलिंग का जलाभिषेक किया जाता है।

इस वर्ष भी हरिद्वार से गंगाजल लेकर पैदल सदा शिव धौमेश्वर महादेव मंदिर तलमेहड़ा बही में कांवड़ियों ने हरिद्वार से कांवड़ यात्रा 18 जुलाई से 2 अगस्त तक 15 दिन में पूरी की। तीसरे जत्थे की ओर से गंगाजल से शिवलिंग का जलाभिषेक किया। इस कार्यक्रम में पूरा सहयोग करने के लिए सदा शिव धौमेश्वर महादेव मंदिर कमेटी ट्रस्ट की ओर से सभी कांवड़ियों का सहयोग करने के लिए कांवड़ कमेटी बंगाणा के अध्यक्ष व बजरंग दल प्रखंड के संयोजक राज कुमार मनकोटिया तथा विश्व हिंदू परिषद प्रखंड के अध्यक्ष राजेश ठाकुर सहित अन्य सभी सदस्यों ने आभार व्यक्त किया है।

वहीं, मंदिर कमेटी के पुजारी पंडित राकेश शर्मा ने बताया कि सभी कांवड़ियों की ओर से विधिवत पूजा-अर्चना कर गंगाजल से शिवलिंग पर जलाभिषेक करवाया गया। (अनंत ज्ञान)

## स्वां नदी में प्रशासन ने कड़ा किया पहरा

**ऊना।** मैहतपुर तहसील के खानपुर और फतेहपुर क्षेत्रों में स्वां नदी में अवैध खनन की बढ़ती घटनाओं को देखते हुए जिला प्रशासन ने इन पर नकेल कसने के लिए पहरा कड़ा कर दिया है। दिन-रात की निगरानी सुनिश्चित करने के लिए उपायुक्त जतिन लाल ने विशेष निर्देश जारी किए हैं। उपायुक्त ने निगरानी को और कड़ा करने के लिए इन क्षेत्रों में रात्रि निगरानी के लिए भी अधिकारियों की तैनाती की है।

उपायुक्त ने इसे लेकर आदेश जारी करते हुए बताया कि खानपुर गांव में सहायक खनन निरीक्षक बलराम रात्रि 10 से प्रातः 6 बजे तक ड्यूटी पर रहेंगे। उनके साथ एक पुलिस कांस्टेबल भी ड्यूटी पर रहेगा। वहीं, रोटेशन के आधार पर एक खनन गार्ड वहां चौबीसों घंटे तैनात रहेगा। इसके अलावा फतेहपुर में सहायक खनन निरीक्षक सतनाम सिंह रात्रि 10 बजे से प्रातः 6 बजे तक ड्यूटी देंगे। उनके साथ भी एक पुलिस कांस्टेबल रहेगा। वहीं रोटेशन के आधार पर एक खनन गार्ड चौबीसों घंटे वहां तैनात रहेगा। इन अधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्रों में चौकसी करने और साप्ताहिक कार्यवाही रिपोर्ट खनन अधिकारी, ऊना को प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं। खनन अधिकारी अपनी रिपोर्ट उपायुक्त कार्यालय को भेजेंगे।

## एसडीएम ने डिजिटल साक्षरता के महत्व पर दी जानकारी

**विवेक शर्मा, अंब**



शनिवार को राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय अंब में डिजिटल साक्षरता को लेकर एक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इसकी अध्यक्षता एसडीएम विवेक महाजन ने की।

उन्होंने बच्चों को संबोधित करते हुए डिजिटल साक्षरता के महत्व के बारे में बताया। उन्होंने विद्यार्थियों को अपील की कि हमें डिजिटल मार्केटिंग व सोशल मीडिया का इस्तेमाल बड़े सोच समझकर से करना चाहिए। इसके साथ ही उन्होंने विद्यालयों में एक जामुन का पौधा लगाकर पर्यावरण सुरक्षा का संदेश दिया। आज के कार्यक्रम में बीडीओ ऑफिस अंब से आए रिसोर्स पर्सन पुनीत राणा ने विभिन्न डिजिटल प्लेटफॉर्म की जानकारी दी। जागरूकता शिविर में विद्यालय में अध्यापिका अनु शर्मा व सीमा ढिल्लों ने साइबर क्राइम डिजिटल लर्निंग प्रोग्राम, ऑनलाइन ट्रेडिंग के बारे में अपने विचार साझा किए। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय प्रधानाचार्य विनोद कुमार अतिथियों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम के नोडल अधिकारी बनवारी लाल भोगल रहे। इस कार्यक्रम में बीईईओ अंब करणवीर, प्रवक्ता ज्योति चौहान, नरेश, सतीश, प्रीति, सुमना, अनिका, अश्विन शर्मा, नरदेव ठाकुर सहित समस्त विद्यालय स्टाफ कार्यक्रम में उपस्थित रहा। (अनंत ज्ञान)

## ट्रांसपोर्ट सोसायटी विवाद का सौहार्दपूर्ण समाधान

**अनंत ज्ञान, ऊना**

ऊना जिला प्रशासन के प्रयासों से गगरेट और चिंतपूर्णी विधानसभा क्षेत्र से जुड़े एक ट्रांसपोर्ट सोसायटी विवाद का सौहार्दपूर्ण समाधान कर लिया गया है।

बता दें उपायुक्त जतिन लाल ने शिव सहकारी ट्रांसपोर्ट सोसायटी लिमिटेड अंब, शिवालिक ट्रांसपोर्ट सोसायटी लिमिटेड भंजाल तथा जय शंकर ट्रक एंड टैंकर को-ऑपरेटिव ट्रांसपोर्ट सोसायटी लिमिटेड में चल रहे विवाद में दायर शिकायतों की जांच और समाधान के लिए अतिरिक्त उपायुक्त ऊना की अध्यक्षता में एक समिति गठित की थी। इस समिति में एसडीएम अंब, एसडीएम गगरेट, जिला राजस्व अधिकारी, ऊना और सहायक पंजीयक सहकारी समितियां, ऊना को सदस्य के रूप में शामिल किया गया था। इसने शनिवार को मामले को सौहार्दपूर्ण ढंग से हल कर लिया। समाधान में एक राजीनामे पर सहमति बनी, जिससे सभी संबंधित पक्ष संतुष्ट थे। उल्लेखनीय है कि इस

### जिला प्रशासन, गगरेट और चिंतपूर्णी के विधायक की रही महत्वपूर्ण भूमिका

विवाद को सुलझाने में गगरेट के विधायक राकेश कालिया और चिंतपूर्णी के विधायक सुदर्शन बबलू की महत्वपूर्ण भूमिका रही क्योंकि यह मामला लोगों की रोजी-रोटी से जुड़ा हुआ था।

**यह था मामला :** शिवा को-ऑपरेटिव ट्रांसपोर्ट सोसायटी लिमिटेड अंब और शिवालिक ट्रांसपोर्ट सोसायटी लिमिटेड भंजाल के सदस्यों का यह आरोप था कि 2009 में रजिस्टर्ड शिवा को-ऑपरेटिव ट्रांसपोर्ट सोसायटी लिमिटेड और 2016 में रजिस्टर्ड शिवालिक ट्रांसपोर्ट सोसाइटी लिमिटेड के कुछ सदस्यों ने जालसाजी करके 2022 में जय शंकर ट्रक एंड टैंकर को-ऑपरेटिव ट्रांसपोर्ट सोसायटी लिमिटेड का गठन किया, जिसने उनके कार्यक्षेत्र में घुसपैठ की है। उनकी मांग थी कि जय शंकर ट्रक एंड टैंकर को-ऑपरेटिव ट्रांसपोर्ट सोसाइटी लिमिटेड को उनके क्षेत्र में काम करने से रोका जाए ताकि पुराने सदस्यों की बेरोजगारी और मुश्किल स्थिति से बचाया जा सके। इसके साथ ही उन्होंने कुछ सदस्यों पर धन के दुरुपयोग और गबन के आरोप लगाते हुए उनके खिलाफ कार्रवाई की मांग की थी।

### यह हुआ राजीनामा

**समिति की बैठक में इन मुद्दों पर चर्चा के बाद दोनों पक्षों के बीच राजीनामा करवाया गया। राजीनामे के तहत यह तय हुआ कि मुबारिकपुर स्थित लिव गार्ड एनर्जी प्राइवेट लिमिटेड के माल ढुलाई के काम को दोनों पक्ष बराबर-बराबर साझा करेंगे। यह नियम सभी मार्गों पर लागू होगा। दोनों पक्षों के पास आने वाली माल ढुलाई की डिमांड भी बराबर-बराबर बंटेगी और वे अपनी-अपनी बिल्टी के अनुसार काम करेंगे। प्रथम पक्ष (शिवा और शिवालिक ट्रांसपोर्ट सोसायटी) के वे सदस्य जो द्वितीय पक्ष (जय शंकर ट्रक एंड टैंकर को-ऑपरेटिव ट्रांसपोर्ट सोसायटी) में शामिल हो गए हैं, वे द्वितीय पक्ष के सदस्य बने रहेंगे।**

# भाजपा नेता विश्वजीत सिंह वितरित करेंगे निशुल्क दस हजार फलदार पौधे

**सन्नी पुरी, गगरेट**

धड़ाधड़ कट रहे जंगलों से आग का गोला बनती जा रही इस पृथ्वी को बचाने के लिए बेशक पर्यावरण संरक्षण बेहद जरूरी है, लेकिन बहुत कम लोग ऐसे हैं, जो पर्यावरण संरक्षण के महत्व को समझते हुए पर्यावरण सहेजने को आगे आ रहे हैं।

बरसात के इस मौसम में किसी न किसी तरह लोग पौधरोपण के लिए आगे आएं, इसके लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक पौधा मां के नाम अभियान के तहत लोगों से कम से कम एक पौधा लगाने का आह्वान किया है जबकि इसी बीच समाजसेवी एवं



शिव पुराण कथा में निशुल्क फलदार पौधे वितरित करते विश्वजीत सिंह पटियाल।

जिला भाजपा उपाध्यक्ष विश्वजीत सिंह पटियाल बरसात के इस मौसम में दस हजार पौधे लगाने का लक्ष्य लेकर आगे आए हैं। इस लक्ष्य की पूर्ति के लिए विश्वजीत सिंह पटियाल गांव-गांव दस्तक देकर लोगों को फलदार पौधों के साथ अन्य पौधे निशुल्क उपलब्ध करवा रहे हैं ताकि यह अभियान सिर्फ पौधा लगाने तक ही सीमित न रहे बल्कि इनके संरक्षण के लिए भी लोग उत्तरदायी बनें। विस क्षेत्र गगरेट में जहां भी कोई भी कथा चल रही है, वहां विश्वजीत सिंह पटियाल की टीम फलदार पौधों के साथ पहुंच रही हैं। यहां पर न सिर्फ लोगों को पेड़ों के महत्व से अवगत करवाया जा रहा है बल्कि उन्हें निशुल्क पौधे भी उपलब्ध करवाए जा रहे हैं। (अनंत ज्ञान)

## दो स्कूली छात्र लापता, तलाश शुरू

**अनंत ज्ञान, ऊना।** जिले में दो और बच्चों के लापता हो जाने के मामले सामने आए हैं, जिससे लोग दहशत में हैं। शनिवार को मैहतपुर पुलिस स्टेशन में एक व्यक्ति ने शिकायत दी है कि इनका 13 वर्ष का बेटा लापता हो गया है। उन्होंने बताया कि 31 जुलाई से उनका बेटा लापता है। सभी जगह उसकी तलाश की, लेकिन वह कहीं नहीं मिला है।

ऊना के चिंतपूर्णी विधानसभा क्षेत्र और चिंतपूर्णी पुलिस स्टेशन में भी एक महिला ने अपनी बेटी को गुमशुदगी की रिपोर्ट लिखाई है। उसने बताया कि उनकी बेटी स्कूल में पढ़ती है और वह अचानक लापता हो गई है। इस क्षेत्र के ही एक स्कूल के छात्र के भी लापता होने की सूचना है। इस बच्चे की आयु भी 12 वर्ष बताई जा रही है। उधर पुलिस अधीक्षक राकेश सिंह ने कहा कि मामले दर्ज करके छानबीन शुरू कर दी है।

# वीपीएस स्कूल में स्टूडेंट्स में करवाए प्रतिभा खोज मुकाबले



विभिन्न प्रतियोगिताओं में हिस्सा लेने वाले प्रतिभागी सामूहिक चित्र में।

**अनंत ज्ञान, ऊना**

वशिष्ट पब्लिक स्कूल ऊना में स्टूडेंट्स की प्रतिभा को उभारने के लिए विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिसमें कक्षा पहली से चौथी के लिए 'इंग्लिश पोयम रेसिटेशन' तथा कक्षा पांचवीं से दसवीं के लिए 'इंग्लिश एक्सटेंपर' प्रतियोगिता बच्चों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।

इंग्लिश पोयम रेसिटेशन प्रतियोगिता में स्ट्रॉबेरी ग्रुप (कक्षा प्रथम) से आराध्या शर्मा प्रथम, अवनी शर्मा द्वितीय, दिव्यांश, विधि, अनायशा, दृष्टि तृतीय स्थान पर रहे। कक्षा दूसरी से आयुष वशिष्ट, प्रीशा शर्मा, दिव्यांशी प्रथम, अयान, कृषिका, रूही द्वितीय तथा सक्षम शर्मा, आकर्षिका, अक्षिता तृतीय स्थान पर रहे। एप्पल ग्रुप (कक्षा तीसरी) से विराज कंवर प्रथम, रिद्धिका कंवर, हारविका चौधरी द्वितीय, प्रियल वर्मा तृतीय स्थान पर रहे। कक्षा चौथी से एलिसिया, सृष्टि भाटिया प्रथम, अर्शदीप कौशल द्वितीय, अवनी ठाकुर, देवांशी तृतीय स्थान पर रहे।

इंग्लिश एक्सटेंपर प्रतियोगिता में ऑरेंज ग्रुप से सीरत कौर प्रथम, अनमोल द्वितीय, इडिगा दीक्षित लक्ष्मी नरसिन्हा, ईशा तृतीय स्थान पर रहे। मैंगो ग्रुप से गुरलीन कौर, तमन्ना प्रथम, नंदिनी द्वितीय, अर्शिया, सुहाना तृतीय स्थान पर रहे। ग्रुप मेलन से गुंजन, रमनदीप प्रथम, जागृत शर्मा द्वितीय, अन्वेषा, दक्ष तृतीय स्थान पर रहे। निदेशक अनुज वशिष्ट ने विजेता रहे छात्रों को बधाई दी और उन्होंने कहा कि ऐसी प्रतियोगिताएं बच्चों को मंच पर अपनी प्रतिभा और आत्मविश्वास प्रदर्शित करने का अवसर प्रदान करती हैं।

### सूडोकु 0016 (सरल)

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 4 | | 7 | | 1 | | | 3 |
| 3 | | 5 | | 4 | | 1 | | |
| | 2 | | | | 8 | | | |
| 4 | | 3 | | | | | | |
| | 8 | | | 2 | | | 1 | |
| | | | | | | 8 | | 6 |
| | | | 2 | | | | 3 | |
| | | 9 | | 8 | | 2 | | 4 |
| 1 | | | 4 | | 6 | | 9 | |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं।
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3 गुणा 3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनवृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें।
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।
- पहेली का केवल एक ही हल है।

### सूडोकु 0015 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 2 | 7 | 4 | 8 | 6 | 5 | 3 | 1 |
| 5 | 1 | 6 | 3 | 2 | 9 | 4 | 8 | 7 |
| 3 | 4 | 8 | 7 | 1 | 5 | 9 | 6 | 2 |
| 8 | 3 | 4 | 9 | 5 | 1 | 2 | 7 | 6 |
| 7 | 6 | 5 | 8 | 4 | 2 | 3 | 1 | 9 |
| 1 | 9 | 2 | 6 | 3 | 7 | 8 | 5 | 4 |
| 6 | 7 | 3 | 2 | 9 | 8 | 1 | 4 | 5 |
| 2 | 8 | 1 | 5 | 7 | 4 | 6 | 9 | 3 |
| 4 | 5 | 9 | 1 | 6 | 3 | 7 | 2 | 8 |

## 13.76 करोड़ से होगा भराडी-चंदोग सड़क का निर्माण : विनय कुमार



**अनंत ज्ञान, नाहन।** विधानसभा उपाध्यक्ष विनय कुमार ने रेणुकाजी विधानसभा क्षेत्र के तहत ग्राम पंचायत भराड़ी में 13.76 करोड़ रुपए की लागत से बनने वाली लगभग 13 किलोमीटर लंबी, भराड़ी-डिकराहां-भावण-चंदोग सड़क का भूमि पूजन किया। विधानसभा उपाध्यक्ष ने इस अवसर पर विशाल जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि इस संपर्क मार्ग के निर्माण से नौहराधार, बोगधार, लुधियाना, भराडी, चाढना, देवामानल, संगडाह क्षेत्र के हजारो लोगों को लाभ मिलेगा। कार्यक्रम के दौरान ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के महासचिव मित्र सिंह तोमर, उपाध्यक्ष जिला कांग्रेस कमेटी अशोक चौहान, प्रदेश युवा कांग्रेस के कार्य कार्यकारी अध्यक्ष प्रदीप सूर्या, प्रदेश कांग्रेस कमेटी सदस्य यशपाल चौहान, बीडीसी चेयरमैन तेजेन्द्र कमल, प्रधान परिषद अध्यक्ष संगड़ाह वीरेंद्र ठाकुर ,जोन प्रभारी स्वर्ण सिंह नेगी ,एसडीएम संगड़ाह सुनील कुमार, बीडीओ संगड़ाह चिराग शर्मा, एक्सईएन पीडब्ल्यूडी राकेश खंडूजा सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

अनंत ज्ञान

## आज का राशिफल

बॉबी गोस्वामी, पुजारी,श्री चामुंडा नंदीकेश्वर धाम

## आज का पंचांग

4 अगस्त, 2024, रविवार

**विक्रमी संवत :** 2081, **शक संवत :**1946 (क्रोधी), **मास :** आषाढ़, **तिथि** अमावस्याः (04:45) : **नक्षत्र :** पुष्य (01:27), **पक्षः** कृष्ण, **योगः** सिद्धि (10:37) **शुभ मुहूर्तः** अभीजित (12:00 - 12:53), **राहुकाल** (05:28 -07:09) ।

### विशेष दिन

- 4 अगस्त 2024 : दक्षिण भारत में आज मनाई जाएगी आदि अमावस्या।
- 4 अगस्त : हरियाली अमावस्या कल।

**मेषः** अपने वाकचातुर्य से कार्य बना लेंगे। व्यापार-व्यवसाय में यश कीर्ति की वृद्धि होगी। यात्रा से लाभ संभव है। समय पर कार्य करना सीखें।

**वृषभः** बने काम बिगड़ सकते हैं। अपनी सोच को बदलें न की दूसरों को सोच बदलने की कोशिश करें। क्रोध पर नियंत्रण रखें।

**मिथुनः** संतान के विवाह की चिंता रहेगी। पूंजी निवेश से लाभ संभव है। अपने अधिकारों का गलत प्रयोग न करें अन्यथा नुकसान हो सकता है।

**कर्कः** व्यापार विस्तार की योजना सफल होगी। स्वस्थ रहें, मस्त रहें। व्यर्थ की चिंता छोड़ दें। शत्रु वर्ग सक्रिय होगा।

**सिंहः** आप के व्यवहार से सहकर्मी खुश होंगे। जीवन में नई उड़ान भरने का समय आया है, इसका लाभ लें। परिजनों से भेंट होगी। अनायास खर्च हो सकता है।

**कन्याः** धनकोष में वृद्धि होगी। अपने करियर के प्रति गंभीर निर्णय लें। आत्म विश्वास की कमी के कारण गलत फैसले ले सकते हैं।

**तुलाः** लंबे समय से चले आ रहे पारिवारिक विवाद का आज अंतिम दिन है। महत्वपूर्ण कार्य निपटाने में लगे रहेंगे। छात्रों के लिए समय मेहनत करने वाला है।

**वृश्चिकः** कार्यक्षमता में वृद्धि होगी। नौकरी की तलाश में भटकना पड़ेगा। आप कितना सोचते हैं, पर करते कितना हैं। इस पर ध्यान दें।

**धनु :** क्या करूं, क्या न करूं। इसी स्थिति से आप गुजर रहे हैं। शांति से फैसले लें, जल्दबाजी में कोई भी कार्य न करें।

**मकरः** आप दूसरों के लिए बुरा न सोचें। अपने आहार पर नियंत्रण रखें। पेट संबंधित रोग संभव है। अपने कार्य में लग जाएं। सफलता मिलेगी।

**कुंभः** जो करना चाहिए, वह करिए। फालतू समय बर्बाद न करें। दूसरों की सीख में अपना नुकसान कर बैठेंगे। शांति से विचार कर कोई निर्णय लें।

**मीनः** कार्य की अधिकता के कारण। जरूरी कार्य पूरे नहीं हो सकेंगे। उन्नति के पथ पर अग्रसर होंगे।

**तैयारी** | सामाजिक संदेश और विकास योजनाओं पर आधारित झांकियां रहेंगी आकर्षण

# अद्वितीय भव्यता और नए जोश के साथ मनाया जाएगा स्वतंत्रता दिवस

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, ऊना**

इस साल ऊना में स्वतंत्रता दिवस समारोह को अद्वितीय भव्यता और नए जोश के साथ मनाने की तैयारी जोरों पर हैं। जिला स्तरीय समारोह 15 अगस्त को राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक छात्र स्कूल ऊना के प्रांगण में आयोजित होगा, जिसमें परेड, झांकियां, और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का अद्भुत संगम देखने को मिलेगा। उपायुक्त जतिन लाल ने शनिवार को संबंधित विभागों के साथ बैठक कर समारोह की तैयारियों का जायजा लिया और इसे सफल बनाने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।



स्वतंत्रता दिवस समारोह की तैयारियों को लेकर बैठक करते उपायुक्त जतिन लाल।

उपायुक्त ने बताया कि 15 अगस्त को मुख्यातिथि एमसी पार्क स्थित शहीद स्मारक में श्रद्धासुमन अर्पित करने के उपरांत प्रातः 11 बजे स्कूल प्रांगण में राष्ट्रीय ध्वज फहराएंगे। इसके बाद वह परेड का निरीक्षण कर मार्च पास्ट की सलामी लेंगे और जिलावासियों को संदेश देंगे। परेड में पुलिस और होमगार्ड की टुकड़ियों के साथ विभिन्न शिक्षण संस्थानों के एनसीसी और एनएसएस के बच्चे भी भाग लेंगे। इसके अलावा शिक्षण संस्थानों के बच्चे सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करेंगे। बारिश की स्थिति में टाऊन हॉल में समारोह के आयोजन की वैकल्पिक व्यवस्था की गई है।

इस बैठक में पुलिस अधीक्षक राकेश सिंह, एसडीएम ऊना विश्वमोहन देव चौहान, सहायक आयुक्त राकेश शर्मा सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी और शिक्षण संस्थानों के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

### सामाजिक संदेश और विकास योजनाओं पर आधारित झांकियां

**जतिन** लाल ने कहा कि समारोह में सामाजिक संदेश और विकास योजनाओं पर आधारित झांकियां भी निकाली जाएंगी। इनमें मुख्यमंत्री सुख आश्रय योजना, इंदिरा गांधी प्यारी बहना सुख सम्मान निधि योजना, डॉ यशवंत सिंह परमार विद्यार्थी ऋण योजना, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान, कैच द रेन, तथा कृषि, बागवानी, रेडक्रॉस और जिला आपदा प्राधिकरण से संबंधित झांकियां शामिल रहेंगी। संबंधित विभागों को इस दिशा में पूरी तैयारी करने के निर्देश दिए गए हैं।

### ज्वार-रागी के मिलेंगे व्यंजन

**उपायुक्त** ने कहा कि समारोह के दौरान बच्चों को मिठाई में ज्वार-रागी इत्यादि मिलेट्स के व्यंजन दिए जाएंगे। इससे बच्चों को स्वास्थ्यवर्धक खाद्य पदार्थ उपलब्ध कराने के साथ ही स्वयं सहायता समूहों को प्रोत्साहन मिलेगा, उनके उत्पादों को प्रमोशन और महिलाओं को संबल प्राप्त होगा।

### तिरंगी रोशनी से जगमगाएगा ऊना

**जतिन** लाल ने बताया कि स्वतंत्रता दिवस के जश्न में ऊना शहर तिरंगी रोशनी से जगमगाता नजर आएगा। जिला प्रशासन ने शहर के महत्वपूर्ण स्थलों को राष्ट्रीय ध्वज के रंगों से सजाने की विशेष व्यवस्था की है। इन जगहों पर विशेष तरीके की 'फसाड लाइटिंग' की जाएगी, इनमें मिनी सचिवालय, रामपुर पुल, शहीद स्मारक और एमसी पार्क में स्थित तिरंगे को राष्ट्रीय ध्वज के रंगों से सजाया जाएगा।

जब मैं अपने आप पर हंसता हूं तो मेरे ऊपर से मेरा बोझ बहुत कम हो जाता है। -रवींद्रनाथ टैगोर

## संपादकीय

# पर्यावरण पर चिंता

हिमाचल में एक ही रात में कई स्थानों पर बादल फटने की घटनाएं पर्यावरण क्षरण नहीं तो और क्या है? हिमाचल हाईकोर्ट का प्रदेश सरकार से यह प्रश्न करना वाजिब है। कोर्ट ने हिमाचल के बिगड़ते पर्यावरण पर गहरी चिंता व्यक्त की है। साथ ही एक नसीहत भी दी है कि वह पर्यावरण से जुड़े मामलों में दिए गए आदेशों को हल्के में न ले। हिमाचल में पिछले पांच दिन से मानसून अपना भयावह रूप दिखा रहा है। हिमाचल में हर साल प्राकृतिक आपदा आती है, लेकिन लोग इससे सीख नहीं ले रहे हैं। इस आपदा के लिए इंसान भी ज्यादा जिम्मेदार है। लोगों ने अवैध कब्जे कर ऐसी ऐसी जगह घर बना लिए हैं कि जरा सी हलचल होने पर बड़ी-बड़ी मंजिलें क्षणभर में धराशायी हो जाती हैं। सबसे ज्यादा नुकसान बादल फटने और भू-स्खलन के कारण होते हैं। दरअसल, मौजूदा समय में पर्यावरण का जो परिदृश्य बन गया है, वह सामान्य नहीं है। बारिश, गर्मी और सर्दी को प्रभावित करने वाले कारकों में मुख्य कारक खगोलीय भू-स्थिति है जिसकी वजह से सारा मौसमी चक्र ही बदलता जा रहा है।

समुद्री हवाएं भी मौसम को काफी प्रभावित कर रही हैं। इसके अलावा भू-परिस्थितिकी है, जिस पर ये हवाएं और मौसम काम कर रही होती हैं। इन सभी के ऊपर इंसान की भूमिका है, जो शहरों के निर्माण से लेकर खेत में उत्पादन और पहाड़-जंगलों के साथ एक ऐसा संबंध कायम करता है, जिसका सीधा प्रभाव वह प्रकृति पर डालता है और बदले में उससे हासिल प्रभावों से वह खुद प्रभावित होता रहता है। यह चक्र यूं ही चलता रहता है और इसका तोड़ नहीं निकल रहा है। प्रकृति में एक जैसी घटनाएं जरूरी नहीं हैं कि वे एक ही कारण से घट रही हों। हिमाचल सरकार इस समय खुद गंभीर आर्थिक संकट से जूझ रही है, ऐसे में उसे प्रभावितों को राहत पहुंचाना बेहद कठिन हो रहा है, क्योंकि सरकार की हालत ही ठीक नहीं है। वह खुद उधारी पर ही चली हुई है और केंद्र से आस लगाए बैठी है। हालांकि केंद्र ने भी आर्थिक पैकेज का आश्वासन दिया है, लेकिन अभी तक एक फूटी कौड़ी भी सुक्खू सरकार को नहीं मिली है। ऐसे में लोगों को मिलजुल कर ही इस विपदा का हल निकालना होगा। संकट की इस घड़ी में प्रभावित लोगों के प्रति सहानुभूति और करुणा की भावना सब में होनी चाहिए, क्योंकि मुसीबत किसी को भी आ सकती है। अगर आपने किसी की सहायता की होगी तो कल को जब आप मुसीबत में फंसोगे तो निश्चित रूप से दूसरी ओर से भी आपको मदद मिलेगी। इंसान ही इंसान के काम आता है।

लोगों को एक-दूसरे की मदद के लिए हमेशा तैयार रहना चाहिए, चाहे वह सामग्री सहायता हो या शारीरिक सहायता। प्रभावित लोगों की भावनाओं और जरूरतों को समझने की कोशिश करनी चाहिए। जो व्यक्ति संवेदनशील होता है, वह इस तरह की परिस्थितियों को बखूबी समझता है। आपदा के समय में साहस और धैर्य की बेहद आवश्यकता होती है, ताकि लोग स्थिति का सामना कर सकें। घबराने और डरने से किसी समस्या का हल नहीं होता है। आपदा के समय में लोगों को एकता के साथ खड़े होना चाहिए और साथ में काम करना चाहिए। एकता में बड़ा बल होता है। प्रभावित लोगों के लिए सहायता सामग्री जैसे कि खाना, पानी, दवाएं आदि इकट्ठा करना सबका फर्ज होना चाहिए। इसमें पैसे को नहीं देखना चाहिए, क्योंकि इंसान की जिंदगी बचाना सबसे बड़ा धर्म है। आपदा प्रबंधन में स्वेच्छा से काम करने के लिए आना चाहिए।

यह भावना अगर सब में विकसित हो जाए तो चाहे जितनी मर्जी मुसीबत आ जाए, इंसान उससे पार पा ही लेगा। प्रभावित लोगों की शारीरिक और मानसिक देखभाल करना भी मदद में ही शुमार है। प्रभावित क्षेत्रों में संचार सेवाओं को बहाल करने में मदद करनी चाहिए। सरकार को भी ऐसी स्थिति पर काबू करने के लिए आपदा प्रबंधन योजना बनानी चाहिए। एक प्रभावी आपदा प्रबंधन योजना ही ऐसी परिस्थिति से निकाल सकती है, जो आपदा के समय में तुरंत कार्यान्वित की जा सके। प्रभावित क्षेत्रों में सहायता सामग्री पहुंचाने के लिए आवश्यक व्यवस्था करना सरकार के लिए बड़ी चुनौती होती है, लेकिन पूरी प्लानिंग के साथ चला जाए तो यह काम उतना कठिन भी नहीं होता है। आपदा के बाद प्रभावित क्षेत्रों के पुनर्निर्माण कार्य करने के लिए भी बेहतर योजना सरकार को समय रहते बना लेनी चाहिए। लोगों को भी चाहिए कि वे प्रकृति से छेड़छाड़ न करें।

## आज के दिन की प्रमुख हस्ती

### भारत के अमर गायक और अभिनेता

किशोर कुमार भारतीय संगीत के इतिहास में अमर गायक, अभिनेता, निर्देशक, निर्माता और गीतकार थे। किशोर कुमार का असली नाम 'आभास कुमार गांगुली' था। उनका जन्म खंडवा, मध्य प्रदेश में एक बंगाली परिवार में हुआ था। हिंदी सिनेमा की और उनका बहुत बड़ा योगदान है। किशोर कुमार के सबसे बड़े भाई अशोक कुमार मुंबई में एक अभिनेता के रूप में स्थापित हो चुके थे और उनके एक और भाई अनूप कुमार भी फिल्मों में काम कर रहे थे। किशोर कुमार बचपन से ही एक संगीतकार बनना चाहते थे। किशोर कुमार ने 81 फिल्मों में अभिनय किया और 18 फिल्मों का निर्देशन भी किया। फिल्म 'पड़ोसन' में उन्होंने जिस मस्त मौला आदमी के किरदार को निभाया, वही किरदार वह जिंदगी भर अपनी असली जिंदगी में निभाते रहे। हिंदी सिनेमा में इलेक्ट्रिक संगीत लाने का श्रेय किशोर कुमार को जाता है। किशोर कुमार केएल सहगल की तरह गायक बनना चाहते थे। किशोर कुमार ने 1957 में बनी फिल्म 'फंटूस' में 'दुखी मन मेरे' गीत को गाकर अपनी ऐसी धाक जमाई कि जाने माने संगीतकारों को किशोर कुमार की प्रतिभा का लोहा मानना पड़ा। लता मंगेशकर को किशोर कुमार गायकों में सबसे ज्यादा अच्छे लगते थे। किशोर कुमार को आठ फिल्म फेयर अवार्ड मिले हैं।


किशोर कुमार
जन्म : 4 अगस्त, 1929
मृत्यु : 13 अक्तूबर, 1987

## अपनी बात

आजकल हिमाचल में वन महोत्सव मनाए जा रहे हैं। इनका मुख्य उद्देश्य प्रदेश में हरियाली बरकरार रखना तथा और ज्यादा हरित पट्टी बढ़ाना है। हालांकि हिमाचल में वन क्षेत्र लगातार बढ़ रहा है। इस समय प्रदेश का कुल वन क्षेत्र 27.73 फीसदी है यानी 15,443 वर्ग किलोमीटर फॉरेस्ट कवर है। हिमाचल का लक्ष्य इसे 33 फीसदी तक बढ़ाना है। प्रदेश की कुल वन संपदा 1.50 लाख करोड़ रुपए तक आंकी गई है। प्रदेश सरकार ने हिमाचल में जंगलों में गल-सड़ रहे सूखे पेड़ों को काटने की अनुमति दे दी है। वन रक्षक अपने स्तर पर दो पेड़ और वन मंडल अधिकारी 25 पेड़ काटने की अनुमति दे सकता है। सरकार ने पिछले साल भी जंगलों में सूख रहे पेड़ों को काटने के दिशा-निर्देश जारी किए थे, जिससे वन विभाग और निगम ने 15 हजार क्षतिग्रस्त पेड़ों की लकड़ी बेचकर राजस्व कमाया। नतीजतन सरकार की रॉयल्टी आय डेढ़ साल में 35 से बढ़कर 70 करोड़ रुपए यानी डबल हो गई। निश्चित रूप से सरकार के इन फैसलों से वन रक्षकों और वन मंडल अधिकारियों की शक्तियों में इजाफा हुआ है। इससे फोरलेन कार्य में कोई अड़ंगा नहीं आएगा। वन विभाग अपने आप ही पेड़ों को काटने की प्रक्रिया शुरू करेगा। बड़ी बात यह कि उन्हें ठिकाने भी खुद ही लगाएगा। -श्वास्तिका, जंडपुर

पाठकों से अनुरोध है कि वे अपनी प्रतिक्रिया, सुझाव, आलेख कविताएं और अपनी बात कॉलम के लिए सामग्री editoranantgyaan@gmail.com पर या व्हाट्सऐप नंबर 8894521702 पर भेज सकते हैं।

# पत्तल की ओर लौटना : स्वास्थ्य, स्थिरता और संस्कृति का संगम

आयुर्वेद में पत्तल का उपयोग स्वास्थ्य के लिए अत्यंत लाभकारी माना गया है। यह माना जाता है कि पत्तल पर भोजन करने से पेट की बीमारियां कम होती हैं और पाचन तंत्र स्वस्थ रहता है। इसके अलावा, कई पत्तों में प्राकृतिक एंटीबायोटिक गुण होते हैं, जो भोजन को अधिक पौष्टिक और सुरक्षित बनाते हैं। भारत में पत्तल का उपयोग वैदिक काल से होता आ रहा है। उस समय, जब प्लास्टिक और अन्य कृत्रिम सामग्री नहीं थी, भोजन का सेवन विभिन्न प्रकार की वनस्पतियों से बने पत्तलों पर किया जाता था, जैसे सागवान, टौर, साल, पलाश, बरगद, तर्याम्बल, अरलु, गोगन और केले आदि के पत्तों से बने पत्तल में।

यह प्रथा पर्यावरण के लिए एक अनुकूल विकल्प रही, क्योंकि लोग इन पौधों का सरंक्षण करते थे और इनसे बने पत्तल जैविक रूप से विघटित हो सकते हैं जिससे पर्यावरण को कोई हानि नहीं पहुंचती। इस प्रकार, हमारी संस्कृति में पत्तल का उपयोग केवल एक परंपरा ही नहीं रही, अपितु यह हमारे स्वास्थ्य और पर्यावरण के प्रति संवेदनशीलता का भी प्रतीक है, लेकिन आज, आधुनिकता की दौड़ में हम इस मूल्यवान धरोहर को भूलते जा रहे हैं और प्लास्टिक और सिंथेटिक सामग्री का उपयोग लगातार बढ़ रहा है। इसके परिणामस्वरूप, स्वास्थ्य प्रणाली में भारी गिरावट देखी जा रही है और पारिस्थितिकी तंत्र की स्थिरता चरमरा रही है। पत्तल में भोजन करने का सबसे बड़ा लाभ उनके स्वास्थ्य एवं पर्यावरण लाभ में निहित है। प्लास्टिक प्लेट, जो गर्म भोजन के संपर्क में आने पर हानिकारक रसायन छोड़ सकती है, के विपरीत, पत्तल पूरी तरह से प्राकृतिक और विषमुक्त होती है। टौर, पलाश, तर्याम्बल और गोगन की पत्तियां प्राकृतिक एंटीबैक्टीरियल गुणों से युक्त होती हैं, जो स्वच्छता बनाए रखती हैं और खाद्य जनित बीमारियों के जोखिम को कम करती हैं। इसके साथ ही पलाश, अरलू और गोगन की पत्तियों के एंटीमाइक्रोबियल और एंटीऑक्सीडेंट गुण समग्र स्वास्थ्य और पर्यावरण संरक्षण के सिद्धांतों के साथ प्रतिध्वनित होते हैं। इन पत्तों में पाए जाने वाले खनिज और विटामिन भी भोजन के साथ शरीर में स्थानांतरित होते हैं।


लेखिका : प्रो. तारा देवी सेन
बॉटनी विभागाध्यक्ष, मंडी कॉलेज

विभिन्न पौधों की पत्तियों से बने ये पत्तल न केवल हमारी विविध परंपरा का प्रतीक थे, बल्कि पर्यावरण की सुरक्षा के लिए भी महत्वपूर्ण थे, लेकिन समय के साथ-साथ पत्तलों की विविधता गायब होती गई और आज आम तौर पर हम अपने प्रदेश की ही बात करें तो पत्तल के नाम पर केवल टौर के पत्तल ही जाने और उपयोग किए जाते हैं। धीरे-धीरे इनका उपयोग भी अब कम होता जा रहा है, क्योंकि प्लास्टिक से बने पत्तल कम मूल्य पर आसानी से उपलब्ध होते हैं। हालांकि कई पारंपरिक समुदायों में पत्तल पर परोसे जाने वाले भोजन को अधिक स्वच्छ और शुभ माना जाता है और लोग केवल पत्तल में ही भोजन करना पसंद करते हैं।

हिमाचल के मंडी शहर में टौर के पत्तल बेचने वाले टीकम राम बताते हैं कि मंडी शहर में पत्तल पर भोजन करने की परंपरा गहराई से जुड़ी हुई है। प्लास्टिक की प्लेटों के बढ़ते प्रचलन के बावजूद यहां स्थानीय परंपरा यह है कि लोग हर तरह की सामूहिक गतिविधियों में केवल टौर पत्तल में ही भोजन करना पसंद करते हैं। वे एक ही जगह दो पत्तल लेते हैं, एक खाने के लिए और एक हाथ साफ करने के लिए, इसलिए, प्लास्टिक की प्लेटों के बढ़ते प्रचलन के बावजूद भी उनके कारोबार में कोई कमी नहीं आई है। टीकम राम आगे बताते हैं कि पत्तल बेचने का उनका कारोबार कई पीढ़ियों से चला आ रहा है और उनके गांव में लगभग सभी लोग इस व्यवसाय से जुड़े हैं।

अब वे मशीनों से भी पत्तल बना रहे हैं। प्रदेश के दूसरे हिस्सों में भी इस तरह से पत्तल को प्रोत्साहित करने की आवश्यकता है। हाल ही में शिमला के प्रसिद्ध तारा देवी मंदिर में पत्तल पर भोजन परोसने की घोषणा की गई है। इसी तरह, भोपाल दौरे के दौरान पता चला कि उज्जैन के पवित्र जलाशय रामघाट में भी प्लास्टिक के कटोरों पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। इस तरह की पहल न केवल पर्यावरण स्थिरता को बढ़ावा देगी, बल्कि हमारे स्वास्थ्य और सांस्कृतिक धरोहर को भी संरक्षित रखेगी।

पत्तल का उपयोग स्थानीय अर्थव्यवस्था को समर्थन देता है और स्वदेशी कला और कौशल को संरक्षित करता है। पत्तल उत्पादन में आधुनिक मशीनरी का उपयोग करके दक्षता और गुणवत्ता बढ़ाई जा सकती है, जिससे यह हरित विकल्प अधिक लोगों तक पहुंच सके।

इस कारोबार को प्रोत्साहित करना युवा पीढ़ी के लिए बेरोजगारी से जूझती हुई अर्थव्यवस्था में कई लोगों के लिए रोजगार के अवसर प्रदान कर सकता है। यह उन ग्रामीण क्षेत्रों में भी अर्थव्यवस्था को प्रोत्साहित करेगा, जहां से इन पत्तियों को प्राप्त किया जाता है और उन कारीगरों और किसानों के लिए आजीविका के अतिरिक्त अवसर प्रदान करेगा, जो पत्तियों को इकट्ठा करते हैं, साफ करते हैं और उन्हें पत्तलों में सिलते हैं। पत्तल जैविक रूप से अपघटन योग्य होती हैं और उपयोग के बाद खाद में बदल सकती हैं, जो मिट्टी को पोषक तत्व देती है और लैंडफिल का बोझ कम करती है। हालांकि, मंडी जिले के सेरी मंच पर पारंपरिक भोजन परोसने वाली महिलाओं ने बताया कि प्लास्टिक प्लेट्स टौर पत्तल की तुलना में काफी सस्ती होती हैं, इसलिए वे टौर पत्तल का उपयोग नहीं कर सकतीं, लेकिन कोरोना महामारी के बाद लोगों में ऑर्गेनिक उत्पादों की मांग बढ़ रही है। इस बदलते रुझान को देखते हुए, अगर ये महिलाएं टौर पत्तल की अतिरिक्त कीमत अपने उत्पाद की कीमत में शामिल करती हैं, तो ग्राहक न केवल यह खर्च खुशी-खुशी वहन करेंगे, बल्कि यह उनके व्यवसाय को भी प्रोत्साहित करेगा और पर्यावरण के प्रति उनकी प्रतिबद्धता को सराहेगा। आज प्लास्टिक और सिंथेटिक सामग्री के प्रभुत्व के युग में, विविध पौधों से बनने वाले पत्तलों को पुनर्जीवित करने और संरक्षित करने की परम आवश्यकता है। शैक्षिक संस्थान और सामुदायिक संगठन इस परिवर्तन में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं।

पत्तल बनाने और उपयोग करने पर कार्यशालाओं की मेजबानी करना, तरह-तरह की पत्तियों से बने पत्तलों को प्रोत्साहित करना, पत्तियां प्राप्त करने के लिए पौधों की व्यापक खेती को बढ़ावा देना और उनके लाभों का प्रचार करना एक सकारात्मक बदलाव की लहर पैदा कर सकता है। ये प्राकृतिक विकल्प न केवल प्रदूषण और कचरा प्रबंधन के मुद्दों से जूझते ग्रह के लिए एक आशा की किरण हैं, बल्कि एक सशक्त सामुदायिक भावना को विकसित करने की भी पहल हैं। इस तरह पत्तल का पुनरुत्थान स्थिरता, स्वास्थ्य और सांस्कृतिक धरोहर की एक सम्मोहक कथा प्रस्तुत करता है। पत्तल का उपयोग हमें हमारी सांस्कृतिक जड़ों और पूर्वजों की प्रथाओं से पुनः जोड़ने का काम करेगा। इसे पुनः अपनाकर हम अपनी सांस्कृतिक जड़ों को तो मजबूती दे ही सकते हैं, साथ ही पर्यावरण संरक्षण और आने वाली पीढ़ियों को अपनी धरोहर से भी परिचित करा सकते हैं।

(ये लेखिका के निजी विचार हैं)

## नजरिया

# मनुष्य के भीतर का धन ही सच्चा धन है

किसी व्यक्ति के प्रति मन में घृणा और क्रोध नहीं बसा लेना चाहिए। घृणा और क्रोध से प्रेरित होने के बजाय न्याय एवं सत्य से प्रेरणा लेनी चाहिए। हम समाज-हित में, न्याय के समर्थन में, संघर्ष करें तथा दुष्ट को दंड दें, किंतु घृणा अथवा बदले की भावना से किसी को नष्ट करने के लिए उतारू न हो जाएं। संघर्ष में अपराध वृत्ति वाले (क्रिमिनल) दुष्टों का सहारा लेकर विजय पाने पर भी आपको एक दिन पराजय का मुंह देखना पड़ेगा, क्योंकि वे अंत में आपको भी शिकार बनाए बिना न रह सकेंगे।

ईश्वर जिसे आयु और आजीविका प्रदान करता है, हमें मूर्खतावश उसके साथ एक क्षणभर में ही उकताहट हो जाती है। जिसे प्रभु जीवन का अवसर दे रहा है, हमें उससे घृणा करने का अधिकार नहीं है। विरोध एवं संघर्ष करते हुए भी हम इंसानियत न खो बैठें तथा संघर्ष एवं विरोध का दायरा सीमित ही रखें। धीरे-धीरे जब मनुष्य विचार-क्षेत्र में ऊंचे स्तर पर आ जाता है, तब वह जीवन में अधिक उदात्त होकर तथा अधिक ऊंची वस्तुओं में रुचि लेकर तुच्छ प्रकार के संघर्ष करना छोड़ देता है तथा अधिक उपयोगी दिशा में संघर्ष करना प्रारंभ कर देता है। यह पलायन नहीं, बुद्धिमता होती है, जीवन में स्वस्थ मोड़ होता है। इसे 'पलायन' कहना भूल होती है। पलायन के मूल में भय होता है तथा मोड़ का कारण होता है-मन का ऊंचे धरातल पर पहुंचना।


लेखक : संजय गोस्वामी
स्वतंत्र टिप्पणीकार

संत-वृत्ति अपनाने पर तथा आध्यात्मिक रुचि ग्रहण कर लेने पर, मनुष्य धन अथवा पद आदि के लिए लौकिक संघर्ष से अधिक से अधिक संभव सीमा तक दूर हटकर स्वाध्याय, ज्ञानार्जन, ध्यान के अभ्यास, प्रार्थना, परोपकार, सेवाकार्य आदि में जुट सकता है। यह 'रुचि परिष्कार' कहलाता है। अरविंद घोष सहसा राजनीति से हटकर अध्यात्म में लग गए थे। अपनी रुचियों को खोजकर उन्हें उचित दिशा देने से विशेष सुख मिलता है। यदि आप में कलाकार, चित्रकार, वैज्ञानिक, विचारक, कवि, सामाजिक कार्यकर्ता छिपा पड़ा हो, तो उसे जगाएं। यश की इच्छा छोड़कर अपने व्यक्तित्व की गहरी मांगों को तन्मयता से पूरा करके उसका विकास करना मानो ईश्वर की योजना को पूरा करना है तथा प्रगाढ़ सुख की ओर बढ़ना है। ईमानदारी का फल सदा मीठा ही होता है।

प्रभु आपको किसी अन्य रूप में (स्वास्थ्य, यश, पुत्रादि की उन्नति) पुरस्कार देगा। वास्तव में सुख मन की एक आंतरिक अवस्था है, जो बाह्य पदार्थों पर निर्भर नहीं है तथा चरित्रवान व्यक्ति को वह सहज ही प्राप्त हो जाता है। आंतरिक सुख ही चरित्र का सर्वोत्कृष्ट पुरस्कार होता है, जिनके पास धन और ऐश्वर्य है, किंतु आंतरिक सुख नहीं है, वे अभागे हैं। भीतर का धन ही सच्चा धन है। यदि आप ईमानदार और सच्चे हैं, तो इसका अभिमान न करें। कभी-कभी ईमानदार लोग अव्यावहारिक होकर कठोर बन जाते हैं और ईमानदारी की धुन में अपनी दया, करुणा एवं सहयोग की भावना को खो बैठते हैं।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

### ग़ज़ल

## हम कहां जा रहे हैं


हरिराम धीमान
नालागढ़, जिला सोलन

फूलों की की जगह हम कैक्टस उगा रहे हैं
आधुनिकता की दौड़ में हम कहां जा रहे हैं।
दम तोड़ गई मां, पानी की बूंद की आस में
बहू और बेटे क्लब में मदर्ज डे मना रहे हैं।
एक ही बेटा पैदा किया, बस गया है विदेश में,
माता-पिता निःसंतान सा जीवन बिता रहे हैं।
मां-बाप के नाम पर एक कमरा भी नहीं है,
बच्चों के लिए बड़े-बड़े महल बना रहे हैं।
बचपन से जवानी तक अपने बुजुर्गों की सुनी
बुढ़ापे में अब अपने ही बच्चे ही सुना रहे हैं।
पुरुष ही पुरुष संग लेने लगे हैं अब फेरे,
सृष्टि के नियमों को धत्ता बता रहे हैं।
दामन लाल है जिनके, तुम्हार पुरखों के लहू से
वे ही आज खुद को, तुम्हारा हितचिंतक बता रहे हैं।
मत दिखाना किसी को अपने दिल के घाव 'धीमान',
लोग मरहम की जगह, आजकल नमक लगा रहे हैं।

# एक ठेठ पहाड़ी व्यक्तित्व के स्वामी थे हिमाचल के निर्माता

**जयंती विशेष**
**डॉ. यशवंत सिंह परमार**

ऐसे थे हिमाचल निर्माता डॉक्टर वाईएस परमार, यानी हमारे प्रदेश के पहले मुख्यमंत्री के तौर पर स्वर्णिम हस्ताक्षर। सीधे-सीधे कहा जाए तो हिमाचल प्रदेश को उन्नति के शिखर तक पहुंचाए जाने की हमेशा कामना करते एक ठेठ पहाड़ी व्यक्तित्व के स्वामी थे, हिमाचल निर्माता डॉक्टर परमार। सदैव अपने हिमाचल प्रदेश के लिए, इसकी प्रगति और विकास के लिए प्रयासरत रहे परमार साहेब। यही नहीं बल्कि अन्य पर्वतीय क्षेत्रों के सीधे, सच्चे और सरल मन तथा प्रकृति के आंचल में पले आम जनमानस के लिए डॉक्टर परमार की निष्ठा, समर्पण और सेवाभाव नहीं लांघ सकता कोई भी। परमार साहेब आयु पर्यंत निजि स्वार्थों से ऊपर उठकर दूसरों के हित की बात हमेशा करते नजर आते रहे हैं।

इसका प्रमाण डॉक्टर साहेब के साथ उनके घर जा रहे विधायक जालिम सिंह के ऐसा कहने पर कि अपने ऊबड़ खाबड़ रास्ते और मकान की मरम्मत ही करवा लेते, लेकिन डॉक्टर परमार ने जो प्रत्युत्तर में कहा, वह हैरान करता है। वह बोले जितना वेतन मिलता है, उतने में गुजारा करता हूं, घर की मरम्मत कैसे करवाऊं। आज के संदर्भ में हमें और हमारे सियासी हुक्मरानों को डॉक्टर परमार से बहुत सीख लेने की जरूरत है। राष्ट्रीय पुनर्निर्माण के कार्यों में पर्वतीय क्षेत्रों के योगदान पर जब भी कहीं विचार होता है या होगा तो डॉक्टर वाईएस परमार का नाम सर्वप्रथम लिया जाता तो है ही, बल्कि हमेशा लिया जाएगा। डॉक्टर परमार की यह बात भी विशेष कि साल 1952 के आम इंतेखाबात यानी चुनावों में सिर्फ 36 सदस्यों वाली हिमाचल प्रदेश विधान सभा में निर्वाचित होने के बाद 24 मार्च, 1952 में प्रदेश के पहले मुख्यमंत्री बने। हमारे प्रदेश के डॉक्टर वाईएस परमार। एक नवंबर, 1956 को उप राज्यपाल की नियुक्ति के साथ ही हिमाचल टैरिटोरियल कांउसिल गठित कर दी गई। इसके विरोध में राज्य के मंत्रिमंडल सहित डॉक्टर परमार ने अपना इस्तीफा देकर यह भी प्रमाणित कर दिया कि लोकतंत्र की बहाली के लिए वह कितने सजग, सचेत और जागरूक थे। फलस्वरूप एक लंबे अंतराल के बाद साल 1963 में हमारे भारत के तत्कालीन गृहमंत्री लाल बहादुर शास्त्री ने लोकसभा में एक वक्तव्य में कहा था निरुत्साहित मन से कोई भी कार्यवाही करने से बेहतर है कि जन प्रतिनिधियों को अपनी सरकार चलाने के लिए उन्हें जो भी शक्तियां हम देना चाहते हैं, वे उन्हें दें, नतीजतन टैरीटोरियल कांउसिल परिवर्तित हुई और 1 जुलाई 1963 को डॉक्टर परमार के मुख्यमंत्रीत्व में हिमाचल सरकार का गठन हुआ। हिमाचल निर्माता डॉक्टर परमार का जन्म 4 अगस्त, 1906 को प्रदेश के सिरमौर जिले के चन्हालग गांव में पिता शिव सिंह परमार और मां लक्ष्मी के घर हुआ। सर्वप्रथम परमार एक स्वतंत्रता सेनानी थे, बाद में समाज सेवी और राजनेता।


लेखक : राजेंद्र पालमपुरी
वरिष्ठ साहित्कार, हिप्र

हिमाचल के विकास की आधारशिला रखने में डॉक्टर वाईएस परमार की अहम भूमिका रही है जिससे हम सब वाकिफ हैं। लगभग तीन दशक तक एक कुशल और विवेकशील प्रशासक के रूप में प्रदेश के मुखिया रहे परमार साहेब अपने सहृदय और मृदुल स्वभाव के चलते प्रदेश की जनता के दिलों में आज भी अपनी खास पहचान बनाए हुए हैं।

जन-जन की संवेदनाओं को समझते हुए डॉ. परमार ने हिमाचल के विकास और उन्नति के लिए नई दिशाएं दीं, नई राहें दिखाई हैं, जिन्हें झुठलाया नहीं जा सकता, बल्कि यह कहना भी गलत न होगा कि डॉक्टर परमार ने अपना सारा जीवन ही प्रदेश के सार्वभौमिक और चहुंमुखी विकास के लिए समर्पित किया।

1928 में बीए ऑनर्स लखनऊ से एलएलबी तथा समाजशास्त्र में पीएचडी करके 1929/30 में वे थियोसोफिकल सोसायटी के सदस्य रहे। इन्होंने सिरमौर रियासत में 11 सालों तक उप न्यायाधीश और मैजिस्ट्रेट ( 1930 से 1937 ) के उपरांत जिला और बतौर सैशन जज के रूप में भी अपनी सेवाएं दीं, किंतु रियासत के विरुद्ध ही अपनी नौकरी की परवाह भी न करते हुए एक क्रांतिकारी एवं निर्भीक निर्णय पारित करने के चलते 1941 में इन्हें पद से निष्कासित कर दिया गया, तत्पश्चात सर्वप्रथम यह सुकेत सत्याग्रह से जुड़े। 1943 से 1946 तक हिमाचल हिल कांउसिल के प्रधान 1947 से 1948 तक आल इंडिया पिपुल्स कान्फ्रेंस के सदस्य तथा प्रधान प्रजामंडल प्रधान सिरमौर संचालक भी रहे। परमार साहेब के अनथक प्रयासों से ही हिमाचल प्रदेश को पूर्ण राज्य का दर्जा मिला। डॉक्टर वाईएस परमार ने पालिएंड्री इन द हिमालायाज, हिमाचल पालिएंड्री इट्स शेप एंड स्टेट्स, हिमाचल केस फार स्टेटहुड और हिमाचल प्रदेश एरिया एंड लैंग्यूऐजिस नामक शोध आधारित पुस्तकें भी लिखी हैं। डॉक्टर वाईएस परमार 1948 से 1952 तक सदस्य सचिव, हिमाचल प्रदेश एडवाइजरी कांउसिल 1948 से 1964 तक, अध्यक्ष हिमाचल कांग्रेस कमेटी 1952 से 1956 तक, प्रदेश के मुख्यमंत्री 1957 में सांसद और फिर 1963 से जनवरी 1977 तक लगातार प्रदेश के मुख्यमंत्री पद पर बने रहे, लेकिन खेद, प्रदेश को समृद्धि और उज्ज्वल भविष्य की ओर लेकर चलता हुआ प्रदेश का यह निर्माता आखिर 2 मई, 1981 को आकाश की उन बुलंदियों को भी पार कर गया, जिससे आगे कोई दूसरी मंजिल नहीं रह जाती है। प्रदेश निर्माता को शत-शत नमन, श्रद्धांजलि। 'जय हिंद-जय हिमाचल'।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# डॉ. परमार की रखी नींव पर आज हिमाचल आगे बढ़ रहा है

हिमाचल निर्माता एवं प्रदेश के प्रथम मुख्यमंत्री डॉ. यशवंत सिंह परमार की आज 117वीं जयंती मनाई जा रही है। इस महापुरुष के बारे में बहुत कुछ कहा और सुना गया और बहुत कुछ लिखा भी गया। हर हिमाचली अपने हिसाब से डॉ. परमार के बारे में अपनी अलग राय रखता है। सबका अपना अलग अंदाज और अपनी अलग अदा है। डॉ. वाईएस परमार का जन्म 4 अगस्त 1906 को सिरमौर जिले के चन्हालग गांव में हुआ था। उन्होंने अपने जीवन में कई बुलंदियों को छुआ और कई उपलब्धियां हासिल कीं। उनकी सफलता की फेहरिस्त बड़ी लंबी है। उन्होंने हिमाचल के गठन में करिश्माई भूमिका निभाई। इसी वजह से उन्हें 'हिमाचल निर्माता' कहा गया। 74 वर्ष की आयु में डॉ. परमार 2 मई, 1981 को संसार से विदा हो गए।

डॉ. परमार का व्यक्तित्व साधारण से दिखाई देने वाले डॉ. परमार विचारशील, चिंतक और कुशाग्र बुद्धि के स्वामी थे। उनकी सबसे बड़ी खासियत, उनका भोलापन, उनकी सादगी और उनका पहाड़ी लिबास था। यद्यपि वह अंग्रेजी के स्कालर थे, किंतु पहाड़ी बोली उन्हें हमेशा प्रिय थी। खानपान में वह हमेशा ही सिरमौरी भोजन और अन्य पहाड़ी व्यंजनों को पसंद करते थे। पहाड़ी संस्कृति उनके तन-मन में रची-बसी थी। जब भी वह किसी सार्वजनिक और निजी समारोह में जाते थे, पहाड़ी नाटी की धुन पर अवश्य थिरकते थे।

डॉ. परमार ने हिमाचल में विकास की नींव रखी। उसी पर चल कर हम आज यहां तक पहुंचे हैं। उन्होंने सड़कों को पहाड़ों की भाग्य रेखाएं कहा था। उन्होंने नई सड़क परियोजनाएं आरंभ कीं। शिक्षा और स्वास्थ्य के साथ बागवानी को भी उन्होंने विशेष प्राथमिकताओं में स्थान दिया। हमारी सांस्कृतिक विरासत, हमारी सोच और हमारा रहन-सहन बदल जाता। उन्होंने पूरे प्रयास किए कि हिमाचल का पंजाब में विलय न हो सके। इसी उद्देश्य से बाद में डॉ. परमार ने बाहरी क्षेत्र के लोगों को हिमाचली भूमि बेचने पर प्रतिबंध भी लगाया था, उन पर अंगुली नहीं उठी। राजनीतिक विचारधारा से ऊपर उठकर डॉ. परमार पर कभी भी उनकी अपनी पार्टी, विपक्षी पार्टी और दूसरे अन्य लोगों ने कभी भी अंगुली नहीं उठाई। सभी लोग डॉ. परमार को एक महापुरुष और निर्विवाद रूप से हिमाचल निर्माता मानते हैं।


लेखक : रविदत्त भारद्वाज
पत्रकार, राजगढ़, सोलन

आजादी के बाद केंद्र सरकार द्वारा राज्य के पुनर्गठन के लिए एक आयोग की स्थापना की गई आयोग का अध्यक्ष सर फजल अली को बनाया गया और डॉक्टर परमार को सूचना मिली कि हिमाचल को पंजाब राज्य मे मिलाने की योजना बन रही है और परमार दिल्ली जाकर आयोग के अध्यक्ष से मिले और उनसे हिमाचल का दौरा करने की अपील की और आयोग के अध्यक्ष ने हिमाचल का दौरा करने की बात मान ली और हिमाचल दौरे के दौरान डॉक्टर परमार खुद आयोग के अध्यक्ष के साथ मौजूद रहे और आयोग के अध्यक्ष को यहां की कठिन भौगोलिक परिस्थितियों के बारे में पूर्ण रूप से अवगत कराया और परिणाम स्वरूप हिमाचल को अलग इकाई मान लिया गया और हिमाचल का शासन एलजी यानी लेफ्टिनेंट गवर्नर के हाथों में चला गया।

15 अप्रैल, 1948 को डॉक्टर परमार के अथक प्रयासों के बाद हिमाचल को अलग राज्य का दर्जा मिला और उस समय हिमाचल में चार जिले थे। 1952 में हिमाचल को विधानसभा व मंत्री परिषद मिली और प्रदेश का पहला मुख्यमंत्री डॉक्टर परमार को चुना गया। 1966 में पंजाब राज्य के पुनर्गठन के बाद कांगड़ा को भी हिमाचल में मिला लिया गया और 25 जनवरी 1971 को भारी हिमपात के बीच देश की पहली महिला प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने ऐतिहासिक रिज मैदान से अपने भाषण में हिमाचल को पूर्ण राज्यत्व का दर्जा देने की घोषणा की और इसी दिन डॉ. परमार का हिमाचल को पूर्ण राज्य बनाने का सपना पूरा हो गया, उस दिन अपने भाषण में देश की प्रधानमंत्री ने अपने भाषण में हिमाचल के लोगों की भूरी-भूरी प्रशंसा की थी।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

अनंत ज्ञान
प्रकाशक एवं मुद्रक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक समरजीत, समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी
आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN01099
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

## न्यूज ब्रीफ

### 7 पेटियों से 84 बोतलें अवैध शराब की बरामद

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर।** पुलिस थाना धनोटू के तहत आबकारी विभाग की शिकायत के आधार पर अवैध शराब की बरामदगी को लेकर केस दर्ज किया गया है। विभाग ने आरोपी के कब्जे से 7 पेटियों से 84 बोतलें अवैध शराब की बरामद की गई है। अब मामले में आगामी जांच पुलिस थाना धनोटू द्वारा अमल में लाई जा रही है। जानकारी अनुसार राज्य कर एवं आबकारी विभाग के इंस्पेक्टर दीप शर्मा के शिकायत पत्र बीते रोज राज्य कर एवं आबकारी विभाग की सुंदरनगर टीम क्षेत्र में गश्त पर मौजूद थी। इसी दौरान गुप्त सूचना के आधार पर आरोपी नरेंद्र कुमार पुत्र संतराम के घर पर अवैध शराब ब्रिक्री को लेकर रेड की गई। इसी दौरान टीम को आरोपी के निर्माणाधीन मकान से 7 पेटियों में कुल 84 बोतलें अवैध शराब की बरामद की गई। इसमें 72 देशी शराब व 12 अंग्रेजी शराब की हैं। इस पर आबकारी विभाग के इंस्पेक्टर ने आरोपी के खिलाफ पुलिस थाना धनोटू में केस दर्ज कराया है। डीएसपी सुंदरनगर भारत भूषण ने बताया कि पुलिस थाना धनोटू ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज आगामी जांच शुरू कर दी है।

### पुलिस चौकी न मिलने से रोष, करेंगे चक्का जाम : शुभम

**अनंत ज्ञान, पधर।** द्रंग विधानसभा क्षेत्र में चौकी का मामला दिन प्रतिदिन तूल पकड़ता नजर आ रहा है। ग्राम पंचायत टांडू के प्रधान शुभम शर्मा ने कहा कि हम द्रंग थाने को अस्थाई तौर पर पधर के लिए किए गए स्थानांतरण को भी समझ सकते है। परंतु द्रंग पुलिस चौकी को पुनः यहां से स्थापित करना अति अनिवार्य है। दिन प्रतिदिन हो रहे चोरी के मामले चिंता बढ़ा रहे हैं। शुभम का कहना है पिछले 2 माह में लगभग दर्जनों चोरी के केस दर्ज हो चुके हैं जो शर्मनाक है। शुभम शर्मा का कहना है कि सरकार को चौकी भी नहीं देनी है तो अस्थाई चौकी ही दे दो ताकि पहले की भांति कानून व्यवस्था सुचारू रहे। वहीं जो विभागीय भवन एवं भूमि है उसकी देख रेख भी होती रहेगी। शुभम ने चेताया कि हिमाचल प्रदेश सरकार एवं विभाग इस दिशा में फैसला लें अन्यथा चक्का जाम होगा।

### कांग्रेस ने जलाया अनुराग ठाकुर का पुतला



**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर।** संसद की कार्यवाही के दौरान नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी को भाजपा सांसद अनुराग ठाकुर ने अपमानित करने की नीयत से अपशब्द का प्रयोग किया था। अनुराग ठाकुर की टिप्पणी से नाराज सुंदरनगर ब्लॉक कांग्रेस ने शनिवार को सुंदरनगर में प्रदर्शन किया। ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष हेमंत शर्मा की अध्यक्षता में एक जुलूस निकाला गया। जिसके बाद अनुराग ठाकुर के खिलाफ जमकर नारेबाजी की एवं पुतला फूंककर विरोध जताया। इस मौके पर महिला कांग्रेस के पदाधिकारी, पार्षद, पंचायती राज संगठन, सेवादल, ब्लॉक कार्यकारिणी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### डलाह गांव में श्रीमद् भागवत कथा 5 से

**अनंत ज्ञान, पधर।** पधर उपमंडल के डलाह गांव में 5 अगस्त से श्री मद भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है। प्रकाश ठाकुर ने बताया कि आयोजन कर्ता रुक्मणि देवी पनी खूब राम अपने निवास स्थान नियर जल शक्ति विभाग डलाह में 5 अगस्त से श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन करने जा रही हैं। कथा वाचक राजेंद्र शर्मा उर्फ बिट्टू हैं। जल यात्रा 5 अगस्त को सुबह 10 बजे तथा कथा श्रवण करने का समय रोजाना 1 से 4 बजे का रहेगा।

### स्वयंसेवियों ने संवारा संस्कृत महाविद्यालय

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर।** राजकीय संस्कृत महाविद्यालय सुंदरनगर में राष्ट्रीय सेवा योजना का एकदिवसीय सौंदर्यीकरण शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें 50 स्वयंसेवियों ने भाग लिया। सेवा योजना के प्रभारी डॉक्टर सुशील गौतम की देखरेख में यह आयोजन पूर्ण हुआ। इसमें स्वयं सेवियों ने महाविद्यालय परिसर में जो भी अनावश्यक खरपतवार को साफ किया और परिसर की स्वच्छता को ध्यान में रखते हुए कुछ नए फूल और पौधों को भी लगाया।

### केके सकलानी होंगे हिमाचल प्रदेश भाजपा प्रकोष्ठ प्रभारी



**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** हिमाचल प्रदेश के मंडी जिला की तहसील लडभड़ोल क्षेत्र की ग्राम पंचायत खद्दर निवासी एवं समाजसेवी के के सकलानी को हिमाचल प्रकोष्ठ भाजपा दिल्ली प्रदेश का प्रभारी नियुक्त किया गया है। कारोबार के साथ-साथ समाजसेवी केके सकलानी ने राजनीति में भी कदम रख दिया है। केके सकलानी हिमाचल मंडी सभा के वरिष्ठ उपाध्यक्ष भी हैं। दिल्ली भाजपा प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा के निर्देशानुसार उनको यह नियुक्ति मिली है।

### जिला कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष ने किया अस्पताल का दौरा



**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** जिला मंडी कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष गुरु शरण परमार ने जोगिंद्रनगर अस्पताल का दौरा किया और मरीजों से मिलकर उनका कुशलक्षेम जाना व उनको आ रही दिक्कत परेशानी बारे जानकारी जुटाई। मरीजों व उनके तीमारदारों से विस्तृत बातचीत के पश्चात परमार ने कहा कि वह मुख्यमंत्री, स्वास्थ्य मंत्री व स्वास्थ्य विभाग के आला अधिकारियों से जोगिंद्र नगर अस्पताल का दौरा करने व इस बीमारी के उपचार में महारत रखने वाले विशेषज्ञ डॉक्टरों का एक पैनल गठित करके इस अस्पताल में भेजने की मांग करते हैं। पिछले कुछ दिनों में पीलिया से तीन युवाओं की मौत हो जाना एक गंभीर विषय है। इस दौरान गुरु शरण परमार के साथ राकेश कुमार, संतोष ठाकुर, देवी दास रांगड़ा और विंकल कुमार आदि भी उपस्थित रहे।

### जल शक्ति विभाग को मिले छह प्लानिंग ऑफिसर

**आदर्श यादव, नेरचौक।** जल शक्ति विभाग को छह नए प्लानिंग अधिकारी मिले है। विभाग में सीएचडी से बतौर प्लानिंग अधिकारी छह कर्मचारियों की पदोन्नति हुई है। जिसके लिए जल शक्ति विभाग के सचिव की ओर से अधिसूचना जारी हो गई है। इस अधिसूचना के जारी होने से प्रदेश में लंबे समय से रिक्त पड़े प्लानिंग ऑफिसर के सात पदों में से 6 पदों पर ताजपोशी हो गई है। जल शक्ति विभाग के सचिव की ओर से जारी अधिसूचना के मुताबिक जीत पाल धीमान सीएचडी बिलासपुर व दीपक कुमार को प्रमुख अभियंता मंडी (पीएमयू) विशन दत्त शर्मा सी एचडी सुंदरनगर को मुख्य अभियंता मंडी जोन में तैनाती दी गई है, जबकि सतीश कुमार सीएचडी को मुख्य अभियंता जल शक्ति जोन धर्मशाला, सीएचडी जयपाल व स्वर्णा देवी को प्रमुख अभियंता मुख्यालय शिमला में नियुक्त किया गया है।

### सफाई कर्मचारियों को वस्त्र किए प्रदान



**अनंत ज्ञान, मंडी।** युवा वाहिनी की राष्ट्रीय अध्यक्षा व किन्नर प्रकोष्ठ उत्तरी भारत की काउंसलर व किन्नर अखाड़ा की महामंडलेश्वर शोभानंद गिरी जी महाराज निवासी समैला ने गध्याणी के मनोहर लाल, जिनका घर कुछ एक दिन पहले गिर चुका है। उनकी 5100 रुपए देकर मदद की तथा मनोहर लाल की धर्मपत्नी तथा 9 अन्य सफाई कर्मचारी महिलाओं को वस्त्र भी प्रदान किए। इस मौके पर सेवा भारती जिला सरकाघाट के अध्यक्ष, डॉक्टर-राजकुमार, कोषाध्यक्ष-विजय कुमार, सचिव, ललित जमवाल, हिमाचल दिव्यांग कल्याण समिति आदि मौजूद रहे।

### जनता के बिना नहीं होगा मढ़ी स्कूल का फैसला : चंद्रशेखर

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** अटल आदर्श विद्यालय मढ़ी के बारे में क्षेत्र में फैलाई जा रही भ्रांतियों को लेकर धरमपुर के विधायक चंद्रशेखर ने कड़ा संज्ञान लिया है बल्कि आज उन्होंने स्थानीय पंचायत के जनप्रतिनिधियों स्कूल प्रबंधन समिति व क्षेत्र भर के स्थानीय नागरिकों से अटल आदर्श विद्यालय मढ़ी में बैठक ली जिसमे स्कूल को सुचारू रूप से चलने, भवन की देखरेख के बारे में भी विचार विमर्श किया गया, उन्होंने स्कूल बेचने के बारे में फैलाई जा रही अफवाहों का भी चंद्रशेखर खुले मंच से खंडन करते हुए कहा कि गत सरकार ने बगैर कोई नीति बनाए आधे अधूरे स्कूल भवन का उद्घाटन कर दिया था। विधायक ने कहा की जनता के हितों व इच्छाओं को ध्यान में रख कर इस संस्थान को कुशलता से चलाया जाएगा और इसमें पूर्णतया भागीदारी सिर्फ ओर सिर्फ पंचायत और स्थानीय लोगों की होगी।

---

## दो अस्पतालों के चक्कर लगाने के 22 घंटे बाद लगाया सांप काटने का टीका

# डॉक्टरों की लापरवाही से हरवंश की मौत

**रितेश चौहान, सरकाघाट**

ग्राम पंचायत डरवाड़ के गांव छतरैणा निवासी साठ वर्षीय हरवंश लाल पुत्र स्व. श्याम लाल की सांप काटने के कारण मेडिकल कॉलेज नेरचौक में सरकाघाट और नेरचौक मेडिकल कॉलेज के डॉक्टरों की लापरवाही के कारण मौत हो गई।

पूर्व जिला पार्षद भूपेंद्र सिंह ने बताया कि दिवंगत हरवंश लाल 30 जुलाई को घर के नजदीक अपने खेतों में सुबह साढ़े दस बजे घास लाने गया हुआ था जहां उसे सांप ने काट लिया। जिसके उपरांत उसी गांव की युवा महिला डॉक्टर जो उस दिन अवकाश पर थी ने मौके पर ही फर्स्ट एड के रूप में उपलब्ध एविल व टेटनेस के टीके लगा दिए। वहीं सांप काटने के बाद पौने घंटे के भीतर उन्हें सरकाघाट अस्पताल पहुंचा दिया गया जहां पर ड्यूटी पर तैनात डॉ. अश्विनी ज्योति की देखरेख में वह वहां साढ़े चार घंटे तक रहा लेकिन दोपहर बाद उसने टीका लगाए बगैर साढ़े चार बजे नेरचौक मेडिकल कॉलेज के लिए रैफर कर दिया गया। परिवारजनों ने उसे सवा छह बजे नेरचौक पहुंचा दिया जहां पर डॉ. दीपक ने उन्हें अटेंड किया लेकिन उन्होंने भी उसे एसबीवी टिका नहीं लगाया और 9 बजे के बाद आए सीनियर डॉक्टरों के देखने के बाद अगली सुबह 31 जुलाई को 9.45 बजे टिका लगाया तब तक जहर पूरे शरीर में फैल गया था और किडनियां व अन्य अंग जहर ने डैमेज कर दिए थे।अगली सुबह जब वहां पर सीनियर डॉक्टर ने फाइल देखी तो रात को ड्यूटी दे रहे डॉक्टर ने कहा कि उन्होंने सोचा कि टीका सरकाघाट में लगा दिया गया होगा, लेकिन फाइल और रैफर स्लिप किसी ने भी ध्यान से नहीं पढ़ी।



हरवंश की फाइल फोटो।

भूपेंद्र सिंह ने कहा कि सरकाघाट अस्पताल में या यहां तक कि नेरचौक अस्पताल में भी डॉक्टरों ने टीका लगा दिया होता तो हरवंश की मौत नहीं होती। इसलिए ये घोर लापरवाही बरतने का मामला है जिसकी तुरन्त जांच करवाई जाए। पूर्व पार्षद ने बताया कि समय पर टीका न लगने से हरवंश लाल तड़पता रहा और फिर उसे 31 जुलाई को आईसीयू में भर्ती किया गया लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी और अगले दिन उसकी मौत हो गई। (अनंत ज्ञान)

### रेफर से पहले बिलकुल सही हालत में था मरीज : बीएमओ

**बीएमओ** बल्द्वाड़ा और सरकाघाट नागरिक अस्पताल के प्रभारी डॉक्टर देशराज शर्मा ने कहा कि मरीज दाखिल किए जाने से पहले बिल्कुल ठीक हालत में था कोई भी ऐसे लक्षण नहीं थे 4 घंटे बाद नेरचौक मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया था ट्रीटमेंट फाइल भी साथ ही भेजी गई थी।

### हत्या का मामला दर्ज करने की मांग

**भूपेंद्र** सिंह ने सरकाघाट और नेरचौक में उपचार कर रहे डॉक्टरों को तुरन्त सस्पेंड करके जांच करने और उन पर जानबूझ कर ईलाज न करने के लिए हत्या का मुकद्मा दर्ज करने की भी मांग उठाई है और विभाग से भविष्य के लिए भी ऐसी लापरवाही बरतने वालों के खिलाफ कदम उठाए जाने की मांग की है।

### लापरवाही की होगी पूरी जांच : प्रिंसिपल

**नेरचौक** मेडिकल कॉलेज की प्रिंसिपल डॉक्टर डीके वर्मा ने कहा की पोस्टमार्टम से साबित हो चुका है की मौत सांप के काटने से ही हुई थी मरीज को आईसीयू में रखा गया था ड्यूटी पर कार्यरत डॉक्टर ने टीका क्यों नहीं लगाया इस लापरवाही को लेकर पूरे मामले की छानबीन की जाएगी किसी को बख्शा नहीं जाएगा।

### ग्रामीणों ने डॉक्टरों के खिलाफ की कार्रवाई की मांग

**पंचायत** प्रधान रणजीत सिंह पूर्व प्रधान लता ठाकुर उप प्रधान नरेंद्र पठानिया वार्ड पंच राजकुमारी, ललिता देवी, सुमनलता, हिमा देवी, यशवंत सिंह के अलावा पत्नी सुषमा देवी बेटे रोहित कुमार व गांववासी मोहिंदर सिंह, रसपाल बराड़ी, जगदीश चंद, संजीव कुमार, बलदेव सिंह, अजय कुमार, प्रेम सिंह, नानक चन्द,गुरुदेव, कुलदीप सिंह,सुशील कुमार,तपन सकलानी, रिंकू व दोनों महिला मण्डलों और युवक मंडल छतरैना ने लापरवाही बरतने के लिए सरकाघाट और नेरचौक अस्पताल के डॉक्टरों के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई करने की मांग सरकार और स्वास्थ्य विभाग से की है।

## सर्च अभियान में तीसरे दिन एक महिला का शव बरामद



सर्च ऑपरेशन के दौरान मौजूद एनडीआरएफ की टीम।

**अनंत ज्ञान, पधर**

उपायुक्त मंडी अपूर्व देवगन ने बताया कि पधर के तेरंग गांव में लापता लोगों को ढूंढने का सर्च अभियान तीसरे दिन भी जारी रहा है। आज हादसे वाले स्थान से एक महिला का शव बरामद हुआ है। जिसकी शिनाख्त नहीं हो पाई है। उन्होंने बताया कि अब तक कुल छह शव बरामद हो चुके हैं। पहले दिन तीन शव बरामद हुए थे जबकि दूसरे दिन दो बच्चों अमन (9) और आर्यन (8) के शव बरामद हुए थे। अब केवल 3 माह और 11 वर्ष की दो लड़कियों सहित कुल चार लोग लापता हैं। उन्हें भी ढूंढने के प्रयास किए जा रहे हैं।

इस मौके पर एडीएम मंडी डॉ मदन कुमार हादसे के दूसरे दिन वहां मौजूद हैं और कार्यवाहक एसडीएम पधर डॉ भावना वर्मा हादसे के बाद से लगातार वहीं मौजूद हैं। जिनकी देख-रेख में लगातार सर्च अभियान चला हुआ है।उन्होंने बताया कि एनडी आरएफ, एसडीआरएफ, पुलिस, फायर और होमगार्ड के जवान लगातार लापता लोगों को ढूंढने का प्रयास कर रहे हैं। मृतकों के परिजनों को चार-चार लाख रुपये की राहत राशि जारी

उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह के निर्देश पर पूरा प्रशासन राहत और बचाव अभियान में पहले दिन से लगा हुआ है और प्रभावितों को हर संभव सहायता दी जा रही है। उन्होंने बताया कि वह हादसे वाले दिन खुद वहां गए थे। उन्होंने बताया कि पांच मृतकों के परिवारों को चार-चार लाख रुपए की राहत राशि जारी कर दी गई है। प्रभावित परिवारों को राशन, मेडिकल किट और तिरपाल दिए गए हैं। इनके ठहरने की व्यवस्था गांव में ही खाली घर पर की गई है।

## सजी कवियों की महफिल



कवियों की महफिल में मौजूद कवि व आयोजक।

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर**

कलाक्षेत्र युवा मंडल द्वारा तीन दिवसीय कार्यक्रम सावन की आमद की अंतिम सांस्कृतिक संध्या में कवियों द्वारा महफिल रचाई गई। कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रूप में डॉ. राकेश शर्मा ने शिरकत की तथा विशेष अतिथि के रूप में अंशुमन आर्य ने शिरकत की।

तत्पश्चात कला क्षेत्र युवा मंडल के प्रधान व हिमाचल प्रदेश के प्रथम पुरुष कत्थक स्नातकोत्तर दिनेश गुप्ता तथा मोहित चुघ प्रिंसिपल डीएवी पब्लिक स्कूल सुंदरनगर ने आए हुए अतिथियों को सम्मानित किया। कार्यक्रम का संचालन दिव्या ज्योति द्वारा किया गया। कार्यक्रम में आमंत्रित कवियों में डॉ. गंगाराम राजी, सुरेंद्र मिश्रा, कृष्ण चंद्र महादेवा, सुषमा, देवेंद्र गुप्ता, अंगीरस ने अपनी वीर रस, श्रृंगार रस, हास्य रस कविताओं से सभी दर्शकों का मनमोह लिया। कार्यक्रम में विशेष रूप से राखि चुघ, संतोष सेन उपस्थित रहे।

### 11 घंटे राष्ट्रीय सड़क मार्ग पर थमे रहे पहिए

**अनंत ज्ञान, पंडोह।** चंडीगढ़ मनाली राष्ट्रीय राजमार्ग शुक्रवार की पूरी रात मंडी -पंडोह के मध्य 4 स्थानों पर मलबा व पत्थर गिरने से 11 घंटे बंद रहा। भारी वर्षा और रात के अंधेरे के कारण सड़क बहाली का कार्य आरंभ नहीं किया जा सका। प्रात:काल केएमसी कंपनी की मशीनों ने कड़ी मशक्कत से इसे खोला।

नौ मील के स्लीप को हटाने के लिए कंपनी ने एलएनटी का प्रयोग किया जो कि हैवी चट्टानें के लिए किया जाता है। इसे जेसीबी द्वारा मिनटों में हटाया जा सकता था। ये केएमसी के पास नहीं है। सड़क के दोनों छोर पर हजारों वाहनों का लंबा जाम लगा रहा। लोग परेशान हुए।

## मंडी में हॉस्टल की कैपेसिटी कम

**अनंत ज्ञान, मंडी**



बैठक में चर्चा करते हुए मापका के कार्यकर्ता।

भारत की कम्युनिस्ट पार्टी मार्कसवादी की सदर लोकल कमेटी की बैठक आयोजित हुई, जिसकी अध्यक्षता सुनीता बिष्ट ने की और संचालन लोकल कमेटी सचिव सुरेश सरवाल ने किया। बैठक में शहर का सबसे चर्चित और छात्र हित के फैसले पर भी विचार किया गया जिसमें मंडी के वल्लभ महाविद्यालय और प्रदेश के दूसरे विश्वविद्यालय में हॉस्टल सुविधा की कमी है, जिस कारण छात्रों को मंडी शहर में महंगे किराए के कमरों में रहना पड़ता है और शहर के लोगों द्वारा भी लगातार कमरों का किराया बढ़ाया जा रहा है जिससे गरीब परिवार से संबंधित बच्चों को अपनी पढ़ाई का भी त्याग करना पड़ता है। मार्कसवादी कम्युनिस्ट पार्टी द्वारा इस मुद्दे पर भी प्रदेश सरकार को ज्ञापन दिया जाएगा, जिसमें मांग की जाएगी कि लड़के और लड़कियों के लिए तीन-तीन हॉस्टल बनाए जाएं जिससे छात्र-छात्राओं को सुविधा मिल सके।

उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ने जो बजट प्रस्तुत किया है वह भी आम जनता को राहत देने में विफल रहा है। इस बजट में भी बड़े-बड़े पूंजीपतियों को टैक्स में छूट दी गई। जबकि आम जनता पर लगातार आर्थिक बोझ डाला जा रहा है। वहीं मंडी शहर में बस ठहराव को बार-बार बदलने पर आम जनता में रोष है इसके खिलाफ माकपा 5 अगस्त को उपायुक्त को एक मांग पत्र सौंपेगी। सुरेश सरवाल ने बताया कि इस वर्ष माकपा के सम्मेलनों का आयोजन किया जाएगा जिसके तहत सदर लोकल कमेटी का सम्मेलन 17 अक्टूबर को मंडी में किया जाएगा। (अनंत ज्ञान)

### विद्युत विभाग की मेन केबल जली

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** विद्युत सप्लाई मुहैया करवाने वाली मेन केबल जल जाने के कारण शहर के आधे हिस्से में आधा दिन तक बिजली बंद रही पूरा दिन विभाग के कर्मचारी केबल रिपेयर करते रहे परंतु केबल रिपेयर नहीं हो पाई। इसके चलते रविवार को शहर के अप्पर और लोअर बाजार सहित आधे हिस्सों में बिजली बंद रहेगी। सहायक अभियंता इंजी. राज सिंह पराशर ने बताया कार्य समाप्ति तक बिजली आपूर्ति पूर्णतया बाधित रहेगी उन्होंने शहर की जनता से सहयोग की अपील की है।

## जांच के बाद लोगों को मिल रहा पेयजल : डीसी

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर**



बैठक की अध्यक्षता करते हुए उपायुक्त मंडी अपूर्व देवगन।

उपायुक्त मंडी अपूर्व देवगन ने कहा कि जोगिंद्रनगर में सामने आए जल जनित रोगों के मामलों की जिला प्रशासन द्वारा आपदा प्रबंधन के तौर पर इनकी कड़ी निगरानी की जा रही है। उन्होंने कहा कि जल जनित रोगों की रोकथाम के लिये जहां जल शक्ति विभाग के उच्चाधिकारियों के माध्यम से सभी पेयजल स्त्रोतों की नियमित अंतराल बाद गुणवत्ता की जांच की जा रही है तो वहीं खंड चिकित्सा अधिकारियों एवं खंड विकास अधिकारियों के माध्यम से ग्रामीण स्तर पर जहां पेयजल स्त्रोतों की साफ-सफाई की जा रही है तो वहीं लोगों को जागरूक भी किया जा रहा है। उपायुक्त द्वारा शनिवार को जोगिंद्रनगर में जल जनित रोगों को लेकर आयोजित समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे।

उपायुक्त ने बताया कि जल शक्ति विभाग पेयजल स्त्रोतों की नियमित अंतराल के बाद पूरी जांच पड़ताल एवं क्लोरिनेशन करने के उपरान्त ही लोगों को पेयजल की सप्लाई उपलब्ध करवा रहा है। सिविल अस्पताल जोगिंद्रनगर में जल जनित रोगों से पीड़ित मरीजों का उपचार किया जा रहा है तथा मरीजों की सुविधा के लिए तीन विशेषज्ञ चिकित्सकों को भी तैनात किया गया है।

उपायुक्त ने जोगिंद्रनगर शहरी क्षेत्र में नगर परिषद व जल शक्ति विभाग को मिलकर पानी की सैंपलिंग करने के कड़े निर्देश दिए। उन्होंने जल शक्ति विभाग को शहरी क्षेत्र में पेयजल पाइपलाइन नेटवर्क में लीकेज की समस्या को भी चेक करने के निर्देश दिए।

### लोगों को स्वास्थ्य की बेहतर सुविधाएं प्रदान हों : एसडीएम गोहर

**अनंत ज्ञान, गोहर**

स्वास्थ्य विभाग के अंतर्गत रोगी कल्याण समिति प्रबंधन द्वारा स्वास्थ्य सेवाओं पर एसडीएम कार्यालय गोहर में नागरिक चिकित्सालय गोहर व सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जाच्छ के अंतर्गत लोगों को सभी प्रकार की स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध करवाने के लिए गत वर्ष के वित्तीय खर्चों व 2024-25 वित्तीय खर्चों की कार्य सूची पर एसडीएम गोहर लक्ष्मण सिंह कनेट की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया।
बैठक में खंड चिकित्सा अधिकारी बगस्याड डॉ. राकेश रोशन ने नागरिक चिकित्सालय गोहर व जाच्छ गत वर्ष के वित्तीय खर्चों व आगामी वर्ष के खर्चों पर विस्तृत जानकारी दी गई। नागरिक चिकित्सालय गोहर में आगामी वर्ष 2024-25 के लिए 16 लाख 63 हजार रुपए वित्तीय खर्चों की कार्य सूची तैयार की गई है तथा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जाच्छ के लिए आगामी वर्ष 2024-25 के लिए 1 लाख 8 हजार की राशि की कार्य सूची तैयार की गई है। बैठक में एसडीएम ने स्वास्थ्य विभाग को निर्देश दिए कि लोगों के स्वास्थ्य को भी जांचा जाए और लोगों को बेहतर सुविधाएं प्रदान की जाएं।

### जोगिंद्रनगर में पीलिया से 29 वर्षीय अरुण कुमार की मौत

**अभिषेक शर्मा, जोगिंद्रनगर**



जोगिंद्रनगर में पीलिया संक्रमण से मौतों का सिलसिला थमता नजर नहीं आ रहा है। एक माह के अंदर की पीलिया रोग तीन युवकों को अपनी मौत की चपेट ले चुका है। बीती रात पीलिया से जोगिंद्रनगर, नगर परिषद के वार्ड नम्बर एक 29 वर्षीय अरुण कुमार पुत्र स्व. विचित्र सिंह की टांडा मेडिकल कालेज में मौत हो गई।

बताया जाता है कि अरूण को एक सप्ताह पहले ही पीलिया रोग हुआ था। माता रीता देवी बेटे अरुण की शादी की तैयारियां कर रही थी लेकिन उसे नहीं मालूम था कि उनका जिगर का टुकड़ा चंद ही दिनों का मेहमान है।

अस्पताल में अब भी 30 से 40 पीलिया के मरीज अस्पताल में अपने इलाज करवा रहे है।

हालांकि कुछ लोग निजी तथा अन्य अस्पतालों में अपना इलाज करवा रहे है जिससे कहा जा सकता है कि हकीकत में यह आंकड़ा कहीं ज्यादा है। हालांकि जल शक्ति विभाग अपने स्तर पर लोगों को जागरूक कर रहा है।

## सैकड़ों लोगों ने किया भागवत कथा का श्रवण

**नूतन ठाकुर, बालीचौकी**



भागवत कथा के समापन पर आरती करते हुए भक्तजन।

बालीचौकी के शलानू गांव में श्रीमद् भागवत सप्ताह ज्ञान यज्ञ का समापन विधिवत तरीके किया गया यह आयोजन यशपाल शर्मा, अनीता शर्मा निखिल शर्मा, स्मृति शर्मा, कृतिक शर्मा व अन्य आस्थावान लोगों के माध्यम से आयोजित किया गया है।
इस अवसर पर कई क्षेत्रों के लोग इस धार्मिक आयोजन में कथा श्रवण में शामिल हुए। इस भागवत आयोजन में यज्ञ मूल पाठ भागवत जप अनुष्ठान और श्रावण मास के होने पर इसमें भगवान शंकर का रुद्राभिषेक व महामृत्युंजय पुरश्चरण भी किया गया है। इस भागवत कथा का वाचन आचार्य नवीन चंद्र गौतम के द्वारा किया गया। इस अवसर पर भागवत प्रवक्ता ने कहा कि कुछ लोग स्वार्थी हो गए हैं कि पशुधन का स्वार्थ पूर्वक प्रयोग करके उससे अपने घर से बाहर सड़कों में बेसहारा छोड़ रहे हैं।
उन्होंने कहा कि भगवान की कथा सत्संग संकीर्तन यज्ञ जप अनुष्ठान करें इस विषय को लेकर के लोगों को सभी मिलकर के जागृत करें, ताकि पाप न हो तथा उक्त मुख्य यजमान सभी लोगों के लिए प्रतिदिन भंडारे की व्यवस्था की भागवत विश्राम के दिन हो युक्त यजवान के द्वारा कई पकवानों को बनाया गया। इस आयोजन को करने वाले 11 ब्राह्मणों ने उक्त आयोजन को विधिवत तरीके से समाप्त किया।

### तेज रफ्तार कार दीवार से टकराई

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** सरकाघाट नेशनल हाईवे पर जब एक तेज गति से आ रहे कार सवार ने कार पर नियंत्रण खो दिया और सामने रॉन्ग साइड में खड़ी जीप को टक्कर मारने गर्ल स्पोर्ट्स हॉस्टल की स्कूल दीवार को तोड़ते हुए कार रुक गई।

जानकारी अनुसार एक हुंडई आई 10 कार एचपी 28 सी 2386 सड़क पर खड़ी जीप से टकराई और फिर फुटपाथ के साथ बनी हॉस्टल की दीवार को तोड़ते हुए रुक गई। इस घटना में कर के दोनों एयरबैग खुल जाने से चालक युवक बच गया।

---

**वेलकम** आईआईटी मंडी में 2024 के स्नातक वर्ग के लिए ओरिएंटेशन कार्यक्रम शुरू

# छात्र देश के विकास का बनें हिस्सा: प्रो. बेहरा

**अनिल शर्मा, मंडी**



नए छात्रों को संबोधित करते हुए प्रो. लक्ष्मीधर बेहरा निदेशक आईआईटी मंडी।

भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान मंडी ने शनिवार को ओरिएंटेशन कार्यक्रम के दौरान 2024 के नए स्नातक (यूजी) बैच का स्वागत किया गया। देश के विभिन्न हिस्सों से 500 से अधिक छात्र बैच में शामिल हुए। नए छात्रों का स्वागत करते हुए प्रो.लक्ष्मीधर बेहरा निदेशक ने कहा कि आईआईटी मंडी में शामिल होकर आप देश के विकास का हिस्सा बन गए हैं।

प्रो. बेहरा ने कहा कि आईआईटी मंडी में आपके पास क्वांटम साइंस और टेक्नोलॉजी सेंटर, इलेक्ट्रॉनिक डिवाइसेस डिजाइन और फैब्रिकेशन सेंटर, एडवांस्ड मटेरियल्स रिसर्च सेंटर, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और रोबोटिक्स सेंटर, ह्यूमन-कंप्यूटर इंटरएक्शन सेंटर से लेकर सेंटर फॉर इंडियन नॉलेज सिस्टम और जैसी प्रमुख फैसिलिटी उपलब्ध है।

आईआईटी मंडी के पाठ्यक्रम के अनूठे पहलुओं पर प्रकाश डालते हुए प्रो. अनिरुद्ध चक्रवर्ती डीन अकादमिक ने कहा कि हमारा शैक्षिक दृष्टिकोण रचनात्मक सोच को बढ़ावा देने में निहित है। विषयों में चार वर्षीय बीटेक डिग्री हासिल करेंगे, जिसमें कम्प्यूटर साइंस, इलेक्ट्रिकल इंजी., मैकेनिकल इंजी., सिविल इंजी., इंजी. फिजिक्स, जनरल इंजी., मैथमेटिक्स एंड कंप्यूटिंग और डेटा साइंस के साथ-साथ केमिकल साइंसेज में चार वर्षीय बीएस प्रोग्राम शामिल हैं।

इस दौरान वासु डोगर आईएफएस, उप वन संरक्षक, मंडी, केसी जैन (आईआरएस), राजस्थान कैडर के सेवानिवृत्त आईआरएस अधिकारी, डॉ. सीमा कश्यप विधि की एसोसिएट प्रोफेसर यूनिवर्सिटी इंस्टीट्यूट ऑफ लीगल स्टडीज एचपी यूनिवर्सिटी शिमला, डॉ. के.बी. गोकुलचंद्रन पुलिस अधीक्षक कुल्लू, वरुण उपाध्याय क्षेत्रीय निदेशक संस्थान कार्यक्रम द आर्ट ऑफ लिविंग विभिन्न विषयों पर लेक्चर देंगे।

### स्वतंत्रता दिवस पर शहीदों के परिजन और मेधावी छात्र होंगे सम्मानित

**अनंत ज्ञान, करसोग**

करसोग में उपमंडल स्तरीय स्वतंत्रता दिवस समारोह का आयोजन राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला करसोग में किया जाएगा। समारोह की तैयारियों के संबंध में कार्यकारी एसडीएम व तहसीलदार करसोग कैलाश कौंडल की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें विभिन्न विभागों के विभागाध्यक्षों सहित नगर पंचायत करसोग, ग्राम पंचायतों और व्यापार मंडल के चुने हुए प्रतिनिधियों ने भाग लिया। बैठक में एसडीएम ने कहा कि स्वतंत्रता दिवस समारोह एक राष्ट्रीय पर्व है और इसमें हम सब को अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए आगे आना चाहिए। समारोह का आयोजन राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला करसोग में किया जाएगा। उन्होंने कहा कि समारोह को आकर्षक बनाने के लिए समारोह के दौरान अनेक रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे। जिसमें क्षेत्र के विभिन्न स्थानीय स्कूलों व महाविद्यालयों की भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी।

एसडीएम ने कहा कि स्वतंत्रता दिवस समारोह के दौरान पुलिस, होमगार्ड, एनएसएस, एनसीसी, स्काउट एंड गाईड के जवानों द्वारा मार्च पास्ट प्रस्तुत किया जाएगा। समारोह में स्वतंत्रता सेनानियों, देश के लिए अपने प्राणों की आहुति देने वाले क्षेत्र के विभिन्न शहीदों के परिजनों को भी आमंत्रित किया जाएगा। इसके अतिरिक्त, करसोग उपमंडल के ऐसे मेधावी छात्र, जिन्होंने मेरिट में स्थान हासिल किया है या फिर अन्य क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वालों युवाओं को भी सम्मानित किया जाएगा।

# छठी संध्या नाटी किंग कुलदीप शर्मा के नाम

**ओपी शर्मा, चंबा**

अंतरराष्ट्रीय मिंजर मेला 2024 की छठी सांस्कृतिक संध्या नाटी किंग कुलदीप शर्मा और स्थानीय कलाकार काकू राम ठाकुर के नाम रही। इन दोनों कलाकारों ने अपनी बेहतरीन गायकी के जरिए दर्शकों की खूब तालियां बटोरीं और युवाओं को नाचने पर मजबूर कर दिया। इस सांस्कृतिक संध्या में हाईकोर्ट के जस्टिस रंजन शर्मा ने मुख्य अतिथि के तौर पर शिरकत की। मिंजर मेला कमेटी अध्यक्ष एवं उपायुक्त मुकेश रेप्सवाल ने उन्हें शाल और टोपी पहनाकर तथा चंबा थाल भेंट कर सम्मानित किया।

कुलदीप शर्मा ने प्राइम टाइम में अपने हिट गानों जैसे शिल्पा शिमले वालिए, दुबई वाला टूर, रुमतिए,घघरा, यारों री शादी, दरोगा जी, पहाड़ी बंदे, और प्यारी इंद्रा से दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया।

काकू राम ठाकुर ने ऊंची-ऊंची रेहडियां पधर जे चमके, फुकया तू, मितरा द नां चलदा, चिटा तेरा चोला काला डोरा, विमलो त रोई-रोई नाले-नाले, इश्क द गिद्दा पैंदा, और बडियां जो तड़का लाणा गानों से

### सांस्कृतिक संध्या में हाईकोर्ट के जस्टिस रंजन शर्मा रहे मुख्यातिथि

माहौल को और भी खुशनुमा बना दिया।

इसके साथ ही सरिता शर्मा, सोनू, जैरी भरमौरी, और गीता भारद्वाज ने भी अपनी बेहतरीन प्रस्तुतियों से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

उमेश ने बांसुरी की धुन में पंख होते हो उड़ जाते रे बजाया, प्रिंस ने आवारा मेरा दिल तुझको ही ढूंढता रहता, नेकों ने सोण दे महीने, चमन ने मैनु यादा तेरियां ओंदी ने, महेश लाल ने आजा तुझको पुकारे मेरे गीत और अरुण ने सोणिए जे तेरे नाल दगा मैं करां गीत गाए।

अजीत भट्ट एंड पार्टी ने पारंपरिक कुंजड़ी मल्हार का गायन किया, जिससे सांस्कृतिक संध्या का समापन हुआ। इस प्रकार अंतरराष्ट्रीय मिंजर मेला 2024 की छठी सांस्कृतिक संध्या यादगार बन गई, जिसमें संगीत, नृत्य और मनोरंजन का अद्वितीय संगम देखने को मिला। (अनंत ज्ञान)







# बाल देखरेख संस्थानों में पढ़ रहे बच्चों को दिखाया मिंजर मेला




मेले देखने के लिए पहुंचे बाल देखरेख संस्थानों में पढ़ रहे बच्चे।

**अनंत ज्ञान, चंबा**

उपायुक्त चम्बा के आदेशानुसार बाल देखरेख संस्थान मैहला व साहू के बच्चोँ को अंतराष्ट्रीय मिंजर मेला चम्बा में घुमाया गया। यह जानकारी बाल संरक्षण अधिकारी अजय पंवार ने दी।

उन्होंने बताया कि बच्चोँ को मेले में लगी अनेक प्रकार की प्रदर्शनियों के अलावा मनोरंजन से जुड़ी अन्य गतिविधियों को भी दिखाया गया। मेले में आए हुए बच्चों को आइसक्रीम व मिठाई आदि भी खिलाई गई । अजय कुमार ने बताया कि इसके पश्चात चिल्ली तथा चंबा के बाल देखरेख संस्थानों के बच्चों को भी मिंजर मेले में घुमाया जाएगा।

उन्होंने बताया कि ऐसे आयोजन में बच्चों के शामिल होने से उनका मनोरंजन के साथ-साथ ज्ञानवर्धन भी होता है। इस अवसर पर बाल देखरेख संस्थान मैहला के प्रभारी अशोक मोनाश व साहू की प्रभारी रतनी देवी, अनिल कुमार बाल कल्याण अधिकारी , परामर्शदाता रुचिका जरियाल तथ अकाउंटेंट दर्शना देवी भी मौजूद रहे।



अंतरराष्ट्रीय मिंजर मेले में झूलों का आनंद लेते हुए बच्चे।

## मिंजर मेले के समापन पर मुख्यमंत्री होंगे मुख्यातिथि

**अनंत ज्ञान, चंबा।** अंतरराष्ट्रीय मिंजर महोत्सव 2024 के समापन समारोह में प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू विशेष तौर पर शामिल रहेंगे। इस मौके पर मुख्यमंत्री के साथ दूसरे कैबिनेट मिनिस्टर भी विशेष तौर पर शामिल रहेंगे।

खबर लिखे जाने तक आधिकारिक रूप से दूर प्रोग्राम तय नहीं हो पाया था। लेकिन रिवायत के अनुसार मिंजर के समापन पर मुख्यमंत्री ही शोभा यात्रा व मिंजर विसर्जन में शामिल होते रहे है।

दोपहर बाद सीएम पहुंचेंगे इसके बाद अखंड चंडी पैलेस से शोभा यात्रा में शामिल होकर मंजरी गार्डन तक जाएंगे। इसके बाद रावी नदी में मिंजर विसर्जित की जाएगी।




अंतरराष्ट्रीय मिंजर मेले के दौरान लाइट से सजा आई लव चंबा।



ऊंट की सवारी करते हुए बच्चे।

## न्यूज ब्रीफ

### सैहब व आउटसोर्स कर्मियों ने किया प्रदर्शन




**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** सैहब सोसाइटी वर्कज यूनियन ने सीटू के बैनर तले सैहब व आउटसोर्स कर्मियों ने अपनी मांगों को लेकर डीसी कार्यालय शिमला के बाहर लगातार दूसरे दिन भी प्रदर्शन किया। सीटू जिला कोषाध्यक्ष बालक राम, जिला सचिव हिमी देवी, यूनियन अध्यक्ष जसवंत सिंह व महासचिव ओमप्रकाश गर्ग ने कहा कि अगर सैहब सोसाइटी, आउटसोर्स व सफाई कर्मियों की मांगों का हल न हुआ तो मजदूर 15 अगस्त के बाद बेमियादी आंदोलन शुरू करेंगे व शिमला शहर में कार्य पूरी तरह ठप्प कर देंगे।

### जल्द खोले जाएंगे पंडोह डैम के बंद दो गेट

**अनंत ज्ञान, मंडी।** मुख्य अभियंता बीएसएल प्रोजेक्ट बीबीएमबी सुंदरनगर संजीव दत्त शर्मा ने बताया कि पंडोह डैम के बंद दो गेटों के कारण किसी को भी घबराने की जरूरत नहीं है। इन्हें खोलने की पर्याप्त मशीनरी यहां पहुंच चुकी है और गेटों को बहुत जल्दी खोल दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि डैम में पानी भी नहीं है अगर बारिश के कारण डैम में पानी आता भी है तो तीन गेट कार्य कर रहे हैं वहां से पानी निकल जाएगा। डैम में जितना पानी आ रहा है उतना यहां से आगे डिस्चार्ज हो रहा है। एक अगस्त को बादल फटने से आई अप्रत्याशित शिल्ट के कारण गेट खोलने में दिक्कत आई है। यह फ्लैश फ्लड के कारण हुआ है।



### बस स्टैंड पर लगाई पेयजल की छबील

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** जोगिंद्रनगर क्षेत्र में फैले पीलिया रोग को लेकर व शहर में आ रहे लोगों को पेयजल की किल्लत को देखते हुए जोगिंदर नगर के विधायक प्रकाश राणा ने बस स्टैंड जोगिंद्रनगर में मिनरल वाटर का लोगों को वितरण किया। उल्लेखनीय है कि क्षेत्र में फैले पीलिया रोग को लेकर शहर के तमाम पेयजल स्थलों को जल शक्ति विभाग ने सील कर दिया हुआ है।



### आपदा में भी मंडी से भेदभाव कर रहे सीएम

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू मंडी से लगातार भेदभाव कर रहे हैं। अभी गत बरसात के जख्म भरे नहीं है और फिर से भारी बरसात के चलते मंडी अलग थलग पड़ा हुआ है। मुख्यमंत्री के गत बरसात के एक साल बाद भी दर्शन नहीं हुए हैं। कोरी घोषणाएं करके मंडी को हाशिये पर धकेला जा रहा है। उन्होंने कहा कि दरंग के थलटूखोड़ में बरसात से हुए भारी भूस्खलन के कारण तेरंग गांव में 10 लोगों की जान गई और चार दिन से सरकार का कोई प्रतिनिधि यहां नहीं पहुंचा। यहां के अधिकांश रास्ते और पुल टूट चुके हैं लेकिन उन्हें बहाल करने में सरकार नाकाम रही है। राहत कार्यों और सेवा कार्यों के लिए भी। लोग यहां नहीं पहुंच पा रहे हैं। हैरानी तो इस बात की है कि लोक निर्माण मंत्री भी जोगिंद्रनगर से होकर आगे रामपुर निकल गए, लेकिन यहां अधिकारियों को निर्देश देना तक उचित नहीं समझा। आज हालात ये हैं कि लोगों को 10 से 12 किलोमीटर का सफर यहां पैदल तय करना पड़ रहा है। आपदा में प्रभावितों की तत्काल मदद होनी चाहिए थी, लेकिन दुर्भाग्य से ऐसा नहीं हो रहा है। उन्होंने कहा कि हमारी पार्टी के विधायक पूर्ण चंद ठाकुर वहां पहुंचे और प्रभावितों का दुखदर्द साझा किया, लेकिन प्रशासन के अलावा यहां कोई सरकार का प्रतिनिधि यहां नहीं पहुंचा।

# आजादी के 77 साल बाद भी सड़क के इंतजार में काहारी पंचायत

**अनंत ज्ञान, चंबा**

देश आजादी के 77 साल पूरे होने का अमृत महोत्सव मना रहा है, लेकिन हिमाचल प्रदेश के चंबा अंतर्गत विधानसभा क्षेत्र भाटियात के काहारी पंचायत में रखेड़, खैर, रियाली, धामग्राम, थरपु, डेनघोरी कुछ गांव ऐसे है, जहां आजादी के 77 साल बाद जाने के बावजूद आज तक सड़क नहीं बन पाई, जिसके चलते इस गांव में एंबुलेंस भी नहीं पहुंच पाती हैं।

गर्भवती महिला हो या कोई भी व्यक्ति के बीमार पड़ जाने पर कोई सरकारी मदद नहीं मिलती और मरीज को पीठ या पालकी पर उठाकर मुख्य सड़क मार्ग तक पहुंचाना पड़ता है।



मरीज को कंधों पर लेकर जाते परिजन।

आजादी मिलने के 77 वर्ष पूरे हो चुके हैं, लेकिन काहरी के उपरी इलाके में रह रहे हजारों लोगों का जीवन आज भी वर्ष 1947 के ईद-गिर्द घूम रहा है। यहां के 10 से अधिक गांव सड़क सुविधा से नहीं जुड़ सके हैं।

ग्रामीण लगातार धरना-प्रदर्शन कर रहे हैं। कई गांव के लोगों ने तो लोकसभा, विधानसभा आम चुनावों का बहिष्कार तक किया, पर सड़क जैसी मूलभूत सुविधा नहीं मिल सकी। भाटियात विधानसभा की काहरी पंचायत में रहने वाले ग्रामीणों का कहना है कि आखिर कब उन्हें सुड़क सुविधा मिलेगी।

## ड्राइविंग टेस्ट 9 व 22 अगस्त को

**मंडी।** वाहन पंजीयन व अनुज्ञापन अधिकारी एवं एसडीएम सदर मंडी ओमकांत ठाकुर ने बताया कि वाहन पंजीयन एवं अनुज्ञापन एसडीएम कार्यालय सदर मंडी के अंतर्गत 9 व 22 अगस्त को छोटा पड्डल मैदान में बैडमिंटन कोर्ट के सामने की सड़क पर ड्राइविंग टेस्ट लिए जाएंगे।

सभी अभ्यर्थी ड्राइविंग टेस्ट के लिए अपने फार्म फोटो सहित पूर्ण रूप से भरकर फाइल के साथ लाना सुनिश्चित बनाएं। बिना फोटो, बिना फाईल तथा अधूरे फार्म स्वीकार नहीं किये जायेंगे। उन्होंने बताया कि 9 अगस्त को होने वाले ड्राइविंग टेस्ट के लिए 3 अगस्त जबकि 22 अगस्त को होने वाले टेस्ट के लिए 16 अगस्त को प्रात: 11.00 बजे से परिवहन डॉट जीओवी डॉट आईएन के माध्यम से स्लॉट बुक किए जा सकते हैं।

## ग्राम पंचायत छतराड़ी के लोगों ने जताया ऐतराज

**अनंत ज्ञान, चंबा**

जिला प्रशासन द्वारा चंबा के स्थानीय मेलों को लेकर जारी की गई अधिसूचना को लेकर ग्राम पंचायत छतराड़ी के लोगों ने कड़ा ऐतराज जताया है।



वहीं प्रधान ग्राम पंचायत छतराड़ी मंहदो राम ने कहा कि पिछले कई वर्षों से ऐतिहासिक शिव शक्ति जातर मेला छतराड़ी को प्रशासन द्वारा जिला स्तरीय दर्जा दिया गया है। इस मेले में मजिस्ट्रेट को मेला इंचार्ज भी बनाया गया है ।

इस मेले को लेकर जिला स्तरीय का दर्जा मिला हुआ है, लेकिन चंबा प्रशासन द्वारा जारी की गई अधिसूचना में इस मेले का जिक्र तक न होने पर ग्राम पंचायत ने कडा एतराज जताया है। हालांकि 2023 में हुए इस ऐतिहासिक मेले के दौरान इसको राज्य स्तरीय दर्जा देने की जोरदार पैरवी की गई थी। ऐतिहासिक शिव शक्ति जातर मेला छतराड़ी राज्य स्तरीय मेला होने की सारी औपचारिकताएं पूरी करता है। यहां के मेले का इतिहास सैकड़ों बस पुराना माना जाता रहा है।

माता के नाम पर यह ऐतिहासिक जातर मेला होता है उसे मंदिर का निर्माण 680 ईसा पूर्व किया गया था। लेकिन सरकार व प्रशासन द्वारा अभी तक इस और कोई भी ठोस कदम नहीं उठाया गया है। जबकि यहां के युवक मंडलों स्थानीय लोगों व पंचायत प्रतिनिधियों ने इस मेले को राज्य स्तरीय घोषित करवाने के लिए भी जनप्रतिनिधियों व सरकार के समक्ष जोरदार मांग रखी है।

## आखिर क्यों जरूरी है डिजिटल शिक्षा : जन चेतना समिति

**अनंत ज्ञान, भाटियात**

विकास खंड भाटियात की ग्राम पंचायत मालूण्डा मे जन चेतना समिति चंबा के सचिव जीत कुमार ने लोगो को तकनीकी शिक्षा के बारे मे अवगत करवाया जिसमे काफी लोगो ने भाग लिया।

जीत कुमार ने बताया कि आधुनिक समय मे हम किसी न किसी तरह से किसी भी तकनीकी से जुड़े हुए है एक दम बदलते दौर के साथ साथ इसका ज्ञान होना भी जरूरी है।

आज की तारीख मे हम सुबह उठने से लेकर रात सोने तक किसी न किसी तकनिकी का हिस्सा है तकनीकी शिक्षा के बारे मे जनमानस को ज्ञान होना काफी जरूरी है। उन्होंने इसके फायदे व नुकसान काफी बारीकी से लोगो के बीच रखें। तकनीकी शिक्षा आज के समय की जरूरत है।

## सीपीआईएम लोकल कमेटी की बैठक संपन्न

**जोगिंद्रनगर ।** जोगिंद्रनगर में शनिवार को सीपीआईएम लोकल कमेटी की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में पीलिया के मामलों व पीलिया से 2 युवकों और एक युवती की मृत्यु पर दुख व्यक्त किया गया। माकपा के जिला सचिव कुशाल भारद्वाज ने कहा पिछले कुछ दिनों में ही जोगिंद्रनगर में पीलिया से तीन युवाओं की मौत के बाद भी सरकार नहीं जागी है। यदि हालत यही रही तो और भी दुखद समाचार सुनने को मिल सकते हैं।

## यादविंद्र गोमा का बनीखेत पहुंचने पर स्वागत

**मुकेश कुमार, चंबा**

आयुष, खेल व युवा सेवाएं मंत्री यादवेंद्र गोमा का चंबा प्रवास के दौरान बनीखेत पहुंचने पर पूर्व शिक्षा मंत्री एवं पूर्व विधायिका आशा कुमारी की अगुवाई में कांग्रेसी कार्यकर्ता एवं समर्थकों द्वारा भव्य स्वागत किया गया।

मंत्री महोदय ने प्रीतिभोज का भी आनंद उठाया तत्पश्चात मंत्री गोमा ने बनीखेत पद्दर का भी दौरा किया, जहां सर्वप्रथम भुरू नाग देवता मंदिर में शीश नवाकर मैदान का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने



खेल मैदान के रखरखाव और रिपेयर मेंटेनेंस के लिए 12 लाख और स्वीकृत किए वही तो वही इनडोर स्टेडियम के निर्माण हेतु जल्द ही 8 करोड़ रूपये राशि के लिए बात कही, जिसके लिए आशा कुमारी एवं समस्त कार्यकर्ताओं एवं समर्थकों ने मंत्री महोदय का तहे दिल से धंयवाद तक किया। (अनंत ज्ञान)

**मांग** राजीव भारद्वाज ने संसद में शून्य काल में उठाया मुद्दा, कहा-

# चुराह में तैनात एसपीओ को जे एंड के की तर्ज पर मिले वेतन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

कांगड़ा-चंबा सीट से सांसद डॉक्टर राजीव भारद्वाज ने संसद में शून्य काल में बोलते हुए जम्म-कश्मीर से सटे चंबा जिला के सीमावर्ती क्षेत्र चुराह में तैनात स्पैशल पुलिस ऑफिसर्स (एसपीओ ) को जम्मू-कश्मीर में तैनात (एसपीओ) की तर्ज पर वेतनमान देने की मांग की है ।

उन्होंने कहा की वर्ष 1998 में इस क्षेत्र में हुए आतंकवादी हमले में 35 स्थानीय लोगों को बेरहमी से मौत के घाट उतार दिया गया था तथा अनेक लोगों को आतंकवादी अपने साथ ले गए थे, जिनका आज तक पता नहीं लग पाया है।



उन्होंने कहा की इस आतंकवादी घटना के बाद सरकार ने जम्मू-कश्मीर की तर्ज पर स्थानीय पुलिस की मदद के लिए 520 स्पैशल पुलिस ऑफिसर्स (एस पी ओ ) को तैनात किया था जिन्हें जम्मू - कश्मीर (एसपीओ ) की तर्ज पर प्रति माह 1500 वेतनमान तय किया गया था।

उन्होंने बताया की यह स्पैशल पुलिस ऑफिसर्स संवेदनशील क्षेत्रों में गस्त , मेला ड्यूटी ,नाकाबन्दी ड्यूटी और बी बी आई पी ड्यूटी सहित कानून ब्यबस्था बनाये रखने में पुलिस का कन्धे से कन्धा मिलाकर सहयोग कर रहे हैं जिससे इस संवेदनशील क्षेत्र में शांति, व्यवस्था बनाये रखने में मदद मिली है ।

लोकसभा सदस्य ने कहा की बर्ष 2006 -07 में हिमाचल प्रदेश और जम्मू कश्मीर में तैनात इन स्पैशल पुलिस ऑफिसर्स (एस पी ओ ) का बेतन बढ़ा कर 3000 कर दिया गया जबकि अब हिमाचल में तैनात इन स्पैशल पुलिस ऑफिसर्स (एस पी ओ ) को मात्र छह हजार रुपए प्रति माह बेतन दिया जा रहा है जबकि समान सेवाएं दे रहे जम्मू-कश्मीर में कार्यरत स्पैशल पुलिस ऑफिसर्स को 18000 से 20000 रूपये मासिक बेतन प्रदान किया जा रहा है ।

अपने जीवन के 26 बहुमूल्य बर्ष देश सेवा को समर्पित कर चुके इन हिमाचली स्पैशल पुलिस ऑफिसर्स को जम्मू कश्मीर में कार्यरत उनके समकक्ष स्पैशल पुलिस ऑफिसर्स के बराबर बेतनमान प्रदान किया जाए।

# डीसी, एसपी ने प्रभावितों के साथ बैठकर की समीक्षा

**अनंत ज्ञान, शिमला**

समेज त्रासदी में सर्च ऑपरेशन के तीसरे दिन शनिवार को उपायुक्त अनुपम कश्यप और पुलिस अधीक्षक संजीव कुमार गांधी ने करीब ढाई घंटे तक स्थानीय लोगों के साथ जमीन पर बैठ कर ही समीक्षा बैठक की। स्थानीय लोगों द्वारा बैठने के लिए तिरपाल की व्यवस्था की गई थी।



करीब दोपहर डेढ़ बजे उक्त समीक्षा बैठक आरंभ हुई और शाम चार बजे तक चली। इस समीक्षा बैठक में एक-एक प्रभावित से नुकसान का ब्यौरा लेकर रिपोर्ट तैयार की गई। वहीं प्रदेश के मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू के आदेशों के बाद मिलने वाली सहायता राशि, राशन किट और अन्य घोषणाओं के लाभार्थियों के बारे में विस्तृत चर्चा की गई जिसके बाद लाभार्थियों की सूची तैयार की गई है।

## न्यूज ब्रीफ

### काजा में लगाया मल्टी स्पेशलिटी सर्जिकल कैंप

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, काजा।** जनजातीय जिला लाहौल के स्पीति में इन दिनों मल्टी स्पेशलिटी मेडिकल कैंप चल रहा है। एक अगस्त से शुरू हुआ मेडिकल कैंप सात अगस्त तक चलेगा। इस कैंप का समन्वय डॉ. बिशन कर रहे हैं। स्त्री रोग विशेषज्ञ रेडियोलॉजिस्ट सर्जन मेडिसिन रेडियोलॉजिस्ट त्वचा विशेषज्ञ ईएनटी फिजियोथेरेपिस्ट सभी अपनी स्वास्थ्य सेवाएं दे रहे हैं। चिकित्सा शिविर के दौरान छोटी-बड़ी सर्जरी की जा रही है। यह बहु-विशिष्ट चिकित्सा शिविर जनजातीय विकास और स्वास्थ्य विभाग द्वारा वित्तपोषित है। मल्टी-स्पेशियलिटी सर्जिकल कैंप के को-ऑर्डिनेटर डॉ. बिशन शाशनी ने बताया कि लेडी विलिंग्डन अस्पताल मनाली भी इस मल्टी-स्पेशियलिटी सर्जिकल कैंप में भाग ले रहा है। लेडी वेलिंगडन अस्पताल का पैरामेडिकल स्टाफ सर्जन और फिजियोथेरेपी प्रदान कर रहा है।

### नागरिक अस्पताल काजा में शुरू हुए अल्ट्रासाउंड

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, काजा।** जनजातीय जिला लाहौल-स्पीति के स्पीति उपमंडल में अब अल्ट्रासाउंड के लिए मरीजों को कुल्लू या रामपुर नहीं जाना पड़ेगा। अब क़ाज़ा अस्पताल में लोगों को यह सुविधा उपलब्ध होगी। अतिरिक्त उपायुक्त क़ाज़ा राहुल जैन ने शनिवार को नागरिक अस्पताल क़ाज़ा में क्षेत्र की लंबी समय से चली आ रही मांग को मद्देनजर रखते हुए अल्ट्रासाउंड मशीन का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि अल्ट्रासाउंड मशीन के लगने से स्पीति क्षेत्र के लोगों को इसका भारी लाभ मिलेगा। विशेषकर उन गर्भवती महिलाओं को, जिन्हें अल्ट्रासाउंड करवाने के लिए कई किलोमीटर दूर सफर कर रामपुर या कुल्लू जाना पड़ता था, अब इस मशीन के लगने से उन्हें अल्ट्रासाउंड के लिए दूर नहीं जाना पड़ेगा, जिससे इस क्षेत्र के लोगों को लाभ मिलेगा। इस मशीन का संचालन मल्टी स्पेशलिटी सर्जिकल कैंप में भाग ले रहे डॉक्टर रोहित बोइल असिस्टेंट प्रोफेसर रेडियोलॉजी आईजीएमसी शिमला कर रहे हैं जिनके साथ डॉक्टर अभिषेक और स्थानीय चिकित्सा अधिकारी डॉ. जम्पा भी इस मशीन का संचालन कर रहे हैं।

### घल्याणा में आग बुझाते समय झुलस गए मजदूर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** जिला की लगघाटी के घल्याणा गांव में दो मंजिला मकान में आग लगने से दो कमरे जल गए हैं। आग बुझाने के प्रयास में दो प्रवासी मजदूर झुलस गए हैं। ये दोनों मजदूर मकान में पेंट कर रहे थे। घायलों को उपचार के लिए क्षेत्रीय अस्पताल कुल्लू लाया गया। पुलिस ने मामला दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है। आग की घटना में करीब चार लाख रुपये का नुकसान हुआ है।जानकारी के अनुसार घल्याणा गांव के चेत राम के दो मंजिला मकान की दूसरी मंजिल में दो प्रवासी मजदूर पेंट का कार्य कर रहे थे। शनिवार देर शाम तारपीन गिरा था। बिजली के संपर्क के चलते अचानक इसने आग पकड़ ली। इसके बाद आग दो कमरों में फैल गई। मजदूर मजरूब पीटू (35) पुत्र चंदरेत्री राम, निवासी अमरपुर, बिहार और ढालो राम पुत्र कमलेश राम निवासी बिहार आग बुझाते समय झुलस गए। आग से दूसरी मंजिल के दो कमरों में रखा सामान भी जल गया है। मकान मालिक चेत राम ने कहा कि आग से करीब चार लाख रुपए का नुकसान हुआ है। अग्निशमन विभाग के सब फायर ऑफिसर प्रेम भारद्वाज ने कहा कि आग पर काबू पा लिया गया है। पुलिस अधीक्षक डॉ. कार्तिकेयन गोकुल चंद्रन ने कहा कि सूचना मिलने के बाद पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और छानबीन शुरू कर दी है।

### 882 ग्राम चरस के साथ दो आरोपी गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मनाली।** जिला कुल्लू के मनाली में एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स (एएनटीएफ) ने एक वाहन से चरस बरामद की है। इस मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। जानकारी के अनुसार एएनटीएफ की टीम जब मनाली के प्रीणी नाला के पास पुराना ग्रीन टैक्स बैरियर पर गश्त पर थी, तो उस समय एक वाहन एचपी 01के-9279 को नियमानुसार तलाशी के लिए रोका गया। तलाशी के दौरान वाहन से 882 ग्राम चरस बरामद हुई। टीम में चरस को कब्जे में लेकर वाहन में सवार दो लोगों को भी हिरासत में ले लिया। आरोपियों की पहचान शिवू राम (40) निवासी गांव करथाच, जिला मंडी और भीमी राम (61) निवासी वार्ड नंबर-10, डाकघर छियाल, तहसील मनाली के रूप में हुई है। डीएसपी मनाली केडी शर्मा ने बताया कि दोनों आरोपियों कार्रवाई अमल में लाई जा रही है।

### पार्वती के तटीकरण से नहीं हुआ नुकसान : किशन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** मणिकर्ण वैली होटलियर एसोसिएशन के अध्यक्ष किशन ठाकुर ने कहा है कि मणिकर्ण घाटी के मलाणा नाले में बादल फटने के बाद पार्वती नदी में बाढ़ आने से भुंतर-मणिकर्ण सड़क को नुकसान नहीं पहुंचा है। जारी एक प्रेस बयान में उन्होंने कहा कि पार्वती नदी के किनारे तटीकरण से मार्ग को कोई नुकसान नहीं हुआ। किशन ठाकुर ने कहा कि नदी के तटीकरण का लाभ मिला है। वर्ष 2023 में आपदा के बाद केंद्र सरकार ने भुंतर-मणिकर्ण सड़क के तटीकरण के लिए 38 करोड़ की राशि दी थी। इससे क्षतिग्रस्त स्थानों पर बरसात से पहले काम किया गया। बाढ़ आने पर भी सड़क को क्षति नहीं हुई। अगर इस तरह का काम नहीं किया होता तो सड़क फिर से क्षतिग्रस्त हो जाती।

### स्वतंत्रता सेनानी कंवर का शहीदी दिवस मनाया

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** 1857 के स्वतंत्रता सेनानी कंवर युवराज प्रताप सिंह का शहीदी दिवस नेचर पार्क में धूमधाम से कुल्लू जिला ब्राह्मण जनकल्याण सभा की ओर से धूमधाम से मनाया द्य समारोह की अध्यक्षता हिमाचल प्रदेश ब्राह्मण सभा के प्रदेश अध्यक्ष मनमोहन गौतम ने की। अपने अध्यक्षीय भाषण मे मनमोहन गौतम ने कहा की अंग्रेजी हकूमत के विरुद्ध 1857 के स्वतंत्रता मे कुल्लू रियासत के युवराज प्रताप सिंह ने अंग्रेजी फौज को नाकों चने चबा दिए थे। उनकी बहादुरी के भये से अंग्रेजी हकूमत ने धोखे से राज कुंवर के साथियों को पकड़ कर कारागार में डाल दिया तथा आनन फ़ानन मे कानूनी कार्यवाही करके 3 अगस्त 1857 को धर्मशाला पुलिस ग्राउंड मे सरेआम फांसी दी थी।

### सड़क किनारे मिला प्रवासी व्यक्ति का शव

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मनाली।** पर्यटन नगरी मनाली के ओल्ड ग्रीन टैक्स बैरियर प्रीणी के पास एक प्रवासी व्यक्ति का शव बरामद हुआ है। सूचना मिलते ही मनाली पुलिस टीम मौके पर पहुंची। डीएसपी मनाली केडी शर्मा ने बताया कि पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है।

### ढालपुर मैदान में गुरिल्ला संघ की बैठक कल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** एसएसबी प्रशिक्षित गुरिल्ला संघ कुल्लू की बैठक 5 अगस्त सोमवार को ढालपुर कुल्लू में होगी। बैठक की अध्यक्षता संगठन के अध्यक्ष प्रेम राणा करेंगे। राणा ने बताया कि बैठक में गुरिल्ला संघ की आगामी रणनीति के बारे में विस्तृत जानकारी साझा की जाएगी।

## मणिकर्ण घाटी में टापू पर फंसे मवेशी किए रेस्क्यू

**कुल्लू।** जिला की मणिकर्ण घाटी के बलाधी गांव में बादल फटने के बाद बने टापू में शनिवार को फिर से रेस्क्यू अभियान चलाया गया। स्थानीय रेस्क्यू टीम नेगी ब्रदर्ज रेस्क्यू टीम और दमकल विभाग के कर्मियों की एक टीम चार दिनों से टापू पर फंसे सात मवेशियों को बचाने निकली। नेगी ब्रदर्ज रेस्क्यू टीम के चीफ छापे राम नेगी ने बताया कि मवेशी बीच टापू पर थे, यहां जाने के लिए रास्ता भी नहीं था। एक तरफ पार्वती नदी और दूसरी तरफ मलाणा से आने वाला नाला। नदी के बीच बड़े-बड़े पत्थरों से होकर यह टीम टापू पर पहुंची और मवेशियों को बाहर निकालने का क्रम शुरू किया। रस्सी से बांधकर इन मवेशियों को निकालने में कड़ी मशक्कत करनी पड़ी। उन्होंने बताया कि लंबे संघर्ष के बाद टीम मवेशियों को बचाने में कामयाब रही। सभी मवेशियों को सुरक्षित निकाला गया। नेगी ब्रदर्ज रेस्क्यू टीम के चीफ ऑफिसर छापे राम नेगी ने कहा कि ये मवेशी भूखे प्यासे फंसे हुए थे। टापू के बीच रहने वाले लोगों को पहले ही निकाल दिया गया था। ऐसे में इनकी देखभाल करने वाला अब यहां पर कोई नहीं बचा था। उन्होंने कहा कि मलाणा नाला में बादल फटने के बाद हुई तबाही से काफी क्षति झेलनी पड़ी है।

# जटेहड़ बिहाल की सुरक्षा को लेकर प्रशासन नहीं है गंभीर : ग्रामीण

## लोगों को अपने घरों को बचाने के लिए खुद कंक्रीट की दीवारों का करना पड़ रहा निर्माण

**मोहन कपूर, पतलीकूहल**


ब्यास नदी का रुख जटेहड़ बिहाल की ओर होने से चिंतित ग्रामीण।

जटेहड़ बिहाल के लोग अभी तक पिछले वर्ष ब्यास में आई बाढ़ की त्रासदी को भूले भी नहीं थे कि वीरवार को उन्हें ब्यास ने फिर से जख्म दे दिए। वीरवार को ब्यास नदी के पानी में हुई वृद्धि के चलते जटेहड़ बिहाल के लगभग 300 परिवारों को दहशत में डाल दिया।

लोगों के आशियानों को बचाने के लिए अभी तक किसी प्रकार का कार्य नहीं किया जा रहा है, जबकि व्यास का पानी लोगों के आंगन से बह रहा है। प्रशासन द्वारा अभी तक सुरक्षा के इंतजाम न किए जाने के कारण लोग अभी भी जाग कर रातें काटने पर मजबूर है। प्रशासन द्वारा यदि शीघ्र ही जटेहड़ बिहाल को बचाने के प्रयास नहीं किए गए तो अंबेडकर भवन, एचपीएमसी का कार्यालय और सीए स्टोर, वन विभाग का विश्राम गृह, गौशाला सहित जटेहड गांव में रहने वाले स्थानीय लोगों को बेघर होना पड़ेगा। शनिवार को सभी ग्रामीणों ने इकट्ठा होकर प्रशासन पर जटेहड़ बिहाल की अनदेखी करने का आरोप लगाया। स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि प्रशासन द्वारा उनके रिहायशी घरों को बचाने के लिए गत वर्ष आई बाढ़ के एक साल बाद भी कोई भी कार्य नहीं किया गया है जिस कारण लोगों को अपने घरों को बचाने के लिए खुद कंक्रीट की दीवारों का निर्माण करना पड़ा है।

उन्होंने हैरानी जताई कि नग्गर पुल को बचाने के लिए केवल एक ओर ही कार्य किया जा रहा है जबकि कटराईं की तरफ ब्यास का पानी पुल की विंग वॉल से होकर गुजर रहा है। ग्रामीणों ने लोक निर्माण विभाग द्वारा पुल के केवल एक तरफ कार्य करने पर आपत्ति जताई। स्थानीय ग्रामीणों ने कहा कि ब्यास के पानी का पूरा रुख जटेहड़ बिहाल की ओर है बावजूद इसके जटेहड बिहाल के 300 परिवारों की सुध नहीं ली जा रही है। ग्रामीणों ने मांग करते हुए कहा कि ब्यास की ड्रेजिंग का कार्य सही प्रकार से किया जाए और कटराईं की ओर भी आरसीसी दीवार का निर्माण किया जाए। (अनंत ज्ञान)

> पतलीकूहल की ओर नग्गर पुल की विंग वॉल को बाढ़ से कुछ नुक्सान पहुंचा है, इसकी मरम्मत का कार्य शीघ्र ही किया जायेगा और पुल को नुकसान नहीं पहुंचने दिया जाएगा।
> –केडी कश्यप,सहायक अभियंता लोक निर्माण विभाग कटराईं

> **हमने** पतलीकूहल और कटराईं में व्यास नदी के किनारे सुरक्षा दीवार लगाने के लिए 9 करोड़ 8 लाख की डीपीआर बना कर भेजी थी जिसे स्वीकृति मिल चुकी है। जैसे ही हमें इस कार्य के लिए बजट का प्रावधान हो जाएगा हम सुरक्षा दीवार के निर्माण का कार्य युद्ध स्तर पर आरंभ कर देंगे।
> –अरुण शर्मा, अधिशाषी अभियंता जल शक्ति विभाग कटराईं

## बार-बार बादल का फटना देवी-देवताओं का संदेश संभल जाओ : महेश्वर सिंह

**कुल्लू।** हाल ही में कुल्लू जिले के अंदर शुरू हुई प्राकृतिक आपदा को लेकर बोलते हुए पूर्व सांसद महेश्वर सिंह ने इसे देवी-देवताओं का संदेश करार दिया। शनिवार को भगवान रघुनाथ मंदिर परिसर में पत्रकारों को संबोधित करते हुए पूर्व सांसद ने कुल्लू जिले के अंदर बादल फटने की घटनाओं का जिक्र करते हुए कहा कि तोष नाला से जो बादल फटने के सिलसिला शुरू हुआ था वह श्रीखंड महादेव तक जारी रहा ओर यह देवी-देवताओं का संदेश हम इंसानों के लिए। उन्होंने कहा कि देवी-देवता कह रहे हैं कि तुम बड़े-बड़े यज्ञ करते हो, बड़ी-बड़ी करते हो मगर साथ ही पाप भी कर रहे हो और सबसे बड़ी भक्त गो माता को सड़कों पर दर-दर भटकने के लिए छोड़ रखा है। उन्होंने कहा कि इससे पहले भी गऊओं के बारे में देवी-देवताओं ने लोगों को चेताते हुए कहा था कि गऊओं को बेसहारा मत छोड़ो। महेश्वर ने बताया कि चिंताजनक मुद्दों को लेकर जल्द ही सभी कारदारों को बुला कर इकट्ठा किया जाएगा और इस विषय पर गंभीर चर्चा की जाएगी और कम से कम हम सब अपने पशुधन को सड़कों पर भटकने के लिए न छोड़ें।

## भुंतर सुधार समिति ने डीएफओ पार्वती से की भेंट

**अनंत ज्ञान, भुंतर**


भुंतर सुधार समिति का प्रतिनिधिमंडल डीएफओ पार्वती के साथ।

सुधार समिति ने शनिवार को डीएफओ पार्वती से शिष्टाचार भेंट की। समिति के अध्यक्ष मेघ सिंह कश्यप व महिला विंग की अध्यक्षा नीना घई ने डीएफओ पार्वती को टोपी व मफलर पहनाकर सम्मानित किया। समिति के सदस्यों ने पर्यावरण संरक्षण को लेकर डीएफओ प्रवीन ठाकुर से लंबी चर्चा हुई।

प्रवीन ने भुंतर सुधार समिति सामाजिक कार्यों सराहना की और कहा की समिति सामाजिक कार्य में बहुत ही सराहनीय भूमिका निभा रही है। भुईन-ठेला की पहाड़ी में जो पौधारोपण किया जा रहा है उसमें समिति के मेंबर बहुत ही अच्छे से कार्य कर रहे हैं। बड़ी बात यह है कि भुंतर सुधार समिति के सदस्यों ने भुईन-ठेला की ऊंची पहाड़ियों में सुबह तड़के 5 बजे पहुंच कर इनकी देख-रेख के साथ पौधरोपण भी कर रहे हैं।

अध्यक्ष मेघ कश्यप ने कहा कि डीएफओ प्रवीन बहुत ही मिलनसार व शालिन स्वभाव के व्यक्ति हैं। डीएफओ ने कहा कि पौधरोपण से लेकर एरिया को हराभरा व विकसित करने के लिए जो भी हमसे सहायता होगी उसे हम हर संभव करेंगे। इस मौके पर भुंतर सुधार समिति के अध्यक्ष मेघ सिंह कश्यप, उपाध्यक्ष मुनीष कौंडल, रोशन लाल हार्डवेयर कलैहली, सहसचिव झावे राम, कोषाध्यक्ष ऋषि राज, आजीवन सदस्य अनील धीमान, महिला विंग की अध्यक्षा नीना घई आदि उपस्थित रहे।

## भगवान रघुनाथ मंदिर में लगाया खीर का भंडारा

**सुरेंद्र तिबोगपा, कुल्लू**


भगवान रघुनाथ मंदिर परिसर में खीर का भंडारा ग्रहण करते हुए श्रद्धालु।

इन दिनों भगवान शिव को समर्पित सावन का पवित्र महीना चल रहा है और ऐसे में जिले में स्थित सभी देवालयों ओर मंदिरों में भजन कीर्तन ओर खीर के भंडारे का आयोजन किया जा रहा है।

शनिवार को जिला मुख्यालय के साथ लगते भगवान रघुनाथ के मंदिर में भी सावन महीने को देखते हुए हर वर्ष की भांति इस बार भी खीर के भंडारे का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मंदिर परिसर में भजन-कीर्तन और पूजा-पाठ का आयोजन भी किया गया। इस दौरान बहुत-सी महिलाओं ने देवी-देवताओं के बहुत से सुंदर भजनों की प्रस्तुति पेश की। खीर के भंडारे के दौरान सबसे पहले पूजा-पाठ कर भगवान रघुनाथ को भोग लगाया गया। उसके बाद उपस्थित भक्तों को खीर भंडारा परोसा गया। भगवान रघुनाथ मंदिर परिसर में पूरा दिन भक्तों का तांता लगा रहा। इस अवसर पर पूर्व सांसद एवं भगवान रघुनाथ के मुख्य छड़ीबार महेश्वर सिंह ने भी भक्तों के साथ बैठकर खीर भंडारे का लुत्फ उठाया साथ ही खीर के भंडारे का पूरा इंतजाम टिका दानवेंद्र सिंह ने भी किया। (अनंत ज्ञान)

## पिन घाटी में मलबे में दबी महिला का शव बरामद



लाहौल-पीति की पिन घाटी में बादल फटने से हुए नुकसान की तस्वीरें।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, काजा**

लाहौल-स्पीति जिला में पिन वैली में बादल फटने से आई बाढ़ में सगनम गांव में मलबे में दबी महिला का शव बरामद कर लिया है। महिला सगनम में बादल फटने से आई बाढ़ की चपेट में आ गई थी।

राजस्व, कृषि व जल शक्ति विभाग के अधिकारियों ने शनिवार को नुकसान का जायजा लिया। पानी व मलबा भरने से किसानों को भी भारी नुकसान पहुंचा है। अतिरिक्त उपायुक्त काजा राहुल जैन ने बताया कि शुक्रवार को पिनवेली के सगनम नाले में बादल फटने से येशे जंगमो पत्नी पदमा दोरजे जो कि अपने बच्चों के साथ खेत में मटर निकाल रही थी। वह अपने बच्चों को बचाते हुए स्वयं बाढ़ की चपेट में आ गई, जिससे उसकी जान चली गई। घटना की सूचना मिलते ही काजा प्रशासन ने त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस, आईटीबीपी और मेडिकल टीम के साथ घटनास्थल स्थल पर पहुंचकर येशे जंगमो को रेस्क्यू टीम द्वारा मलवे से बाहर निकाल लिया।

अनंत ज्ञान फॉलोअप

उन्होंने बताया कि शनिवार को राजस्व, कृषि और जल शक्ति विभाग के अधिकारियों को घटनास्थल पर जाकर नुकसान का जायजा लेने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि प्रभावित परिवार को राहत मैनुअल के अनुसार राहत राशि प्रदान की जा सके।

उधर, विधायक अनुराधा राणा, पूर्व मंत्री डॉ. रामलाल मार्कंडेय व पूर्व विधायक रवि ठाकुर ने महिला के निधन पर गहरा शोक प्रकट किया है।

## बाढ़ प्रभावितों के साथ खड़े हैं प्रदेश के लोग: जयराम

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कुल्लू जिला के बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का दौरा कर प्रभावित परिवारों से मिलकर उनका हाल चाल जाना। इस दौरान वह सैंज में समेज हादसे के शिकार हुए लोगों के परिजनों से मिलकर अपनी संवेदना प्रकट की और उन्हें ढांढस बंधाया और राहत कार्यों का जायजा लिया। इस दौरान वह समेज हादसे में शिकार हुए हरदेव के परिजनों से मिलकर अपनी संवेदना व्यक्त करते हुए सभी की ढांढस बंधाया। नेता प्रतिपक्ष ने सैंज और भुंतर का भी दौरा कर लोगों से मिले। सैंज बाजार में पिछली बार भी पॉवर प्रोजेक्ट्स की वजह से भारी तबाही आई। एनएचपीसी द्वारा बिना वार्निंग के पानी छोड़े जाने से लोग परेशान हैं। पिछली बार इस मुद्दे को ही उठाया गया था और एनएचपीसी प्रबंधन से कहा गया था कि पानी की धारा की डायवर्ट किया जाए और नाले का चैनलाइजेशन भी किया जाए। जिस पर काम किया गया लेकिन वह काम ढंग से नहीं हुआ। जिससे इस तरह के हालात फिर से बने हैं। इस पूरे प्रकरण को मैं केंद्र सरकार के समक्ष रखूंगा जिससे इस इस समस्या का समाधान हो सके। सैंज बाजार को बार बार हो रहे नुकसान के बारे ने मुख्यमंत्री से भी बात करूंगा और विधानसभा में उठाऊंगा, कि बार बार नुक़सान से बेहतर है कि उचित मुआवजा के साथ सैंज बाजार को सुरक्षित जगह शिफ्ट किया जाए, जिससे हर साल होने वाले नुकसान से बचा जा सके।

## स्वच्छता कर्मियों के लिए निशुल्क चिकित्सा जांच शिविर लगाया


चिकित्सा शिविर के दौरान उपस्थित अध्यक्ष चमन कपूर व अन्य।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मनाली**

नगर परिषद मनाली ने हंस फाउंडेशन के सहयोग से 70 स्वच्छता कर्मचारियों के लिए निशुल्क चिकित्सा जांच और दवा वितरण शिविर आयोजित किया गया।

नगर परिषद के अध्यक्ष चमन कपूर ने बताया कि यह पहल उन कर्मियों की भलाई सुनिश्चित करने के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाती है, जो शहर की स्वच्छता बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इस चिकित्सा शिविर का नेतृत्व डॉ. सरयांश ने किया और उनका सहयोग सामाजिक सुरक्षा अधिकारी गौरव शर्मा ने किया। उनके समर्पण ने सभी श्रमिकों के लिए व्यापक स्वास्थ्य मूल्यांकन और आवश्यक दवाओं का वितरण सुनिश्चित किया। इस आयोजन की रसद व्यवस्था में ड्राइवर खेर सिंह ने भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। यह शिविर स्वच्छता कार्यकर्ताओं के स्वास्थ्य और सुरक्षा को बढ़ावा देने के लिए किए जा रहे निरंतर प्रयासों का हिस्सा है, जो समुदाय के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण हैं।

**कयास** चार वर्ष पूर्व भी राष्ट्रीय पर्वतारोही ने यात्रा से लौटने के बाद लगाए थे नशे के कारोबार के आरोप

# श्रीखंड यात्रा में नशे के कारोबार की सोशल मीडिया पर हो रही बातें

**जितेंद्र गुप्ता, आनी**

उत्तर भारत की कठिनतम और रोमांचकारी धार्मिक यात्राओं में शुमार कुल्लू जिला के निरमंड उपमंडल के अंतर्गत श्रीखंड महादेव यात्रा के दौरान नशे के अवैध कारोबार की बातें सामने आने लगी है। साथ ही इस धार्मिक स्थल को यात्रा के नाम पर अपवित्र करने, गंदगी फैलाने को लेकर भी कड़ी आलोचना हो रही है। लोगों द्वारा इस धार्मिक यात्रा को पिकनिक के रूप में मनाने की कड़ी निंदा की जा रही है।

करीब 4 वर्ष पूर्व 2019 में श्रीखंड यात्रा से लौटे एक राष्ट्रीय पर्वतारोही ने श्रीखंड यात्रा के दौरान नशे के अवैध कारोबार होने की रिपोर्ट अपने सोशल मीडिया अकाउंट में सार्वजनिक की थी और प्रदेश सरकार के मुखिया, प्रदेश पुलिस मुखिया से इस यात्रा के दौरान नशे के कारोबार को रोकने की मांग की थी। इसके अलावा उन्होंने लगातार फैल रही गंदगी को रोकने को लेकर कड़े कदम उठाने की भी मांग की थी। वहीं लोगों का कहना है कि श्रद्धालुओं को यात्रा पर पूरी श्रद्धा, नियमों और रीतिरिवाजों के अनुरूप ही जाना चाहिए।

**श्रीखंड यात्रा के आयोजन पर एक बार फिर लगने लगे प्रश्न चिन्ह**




वहीं इस बारे में डीएसपी आनी चंद्रशेखर कायथ का कहना है कि आधिकारिक तौर पर यात्रा इस वर्ष 14 जुलाई से 27 जुलाई तक थी। इस दौरान बेसकैम्प सिंहगाड में सभी यात्रियों का पंजीकरण किया गया। सिंहगाड के अलावा थाचरु, कुंशा, भीमडवारी और पार्वती बाग में कैंपस बनाए गए थे, जहां पुलिस, होमगार्ड, के जवान, मेडिकल टीम, रेस्क्यू टीम और एसडीआरएफ की टीम तैनात थी, लेकिन यात्रा के दौरान किसी भी प्रकार के अवैध नशे की किसी ने कोई शिकायत नहीं की। उन्होंने कहा कि अब त्रासदी के बाद ऐसी बातें करना बेमानी है। यदि किसी ने ऐसा कोई कारोबार श्रीखंड यात्रा के दौरान होते देखा भी था तो पुलिस को सूचित करना चाहिए था, ताकि कार्रवाई की जा सकती थी। (अनंत ज्ञान)

### कैबिनेट मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने लोगों से मांगी राय

**इतना** ही नहीं प्रदेश के कैबिनेट मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने भी श्रीखंड यात्रा पर रोक लगाने को लेकर अपने फेसबुक एकाउंट पर लोगों से राय मांगी है। बुधवार की रात श्रीखंड महादेव की चोटी पर बादल फटने के कारण बागीपुल, समेज, घानवी में आई बाढ़ में दर्जनों लोगों के बह जाने, घरों, मवेशियों, गाड़ियों और जमीनों के बह जाने से हुई क्षति के बाद अब श्रीखंड यात्रा के दौरान होने वाले शराब बिक्री, चरस जैसे नशे के अवैध कारोबार को लेकर सोशल मीडिया पर लोग खुल कर कमेंट कर रहे हैं।






सोशल मीडिया पर लोगों द्वारा की गई पोस्टें।

### पहले भी पूरी मान्यताओं के साथ करते थे लोग यात्रा

**क्षेत्र** के लोगों का मानना है कि पूर्व में भी देव आस्था, मंदिरों, देवताओं से जुड़े लोग, साधु महात्मा ही इस यात्रा पर जाते थे और दर्शनों के बाद सकुशल लौट आते थे, लेकिन पिछले करीब दो दशकों में ही इस यात्रा का रूप बदला है और श्रीखंड यात्रा के दौरान पिछले 10-12 वर्षों में ही करीब 50 लोगों की मौत भी हुई है, जिसकी वजह यात्रा के दौरान रास्ते का, मौसम का ज्ञान न होना, मेडीकल तौर ओर फिट न होना आदि माना जाता है।



## न्यूज ब्रीफ

### डॉ. शांडिल आज सोलन विस क्षेत्र के प्रवास पर

**सोलन।** स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, सामाजिक न्याय एवं अधिकारियों तथा सैनिक कल्याण मंत्री डॉ. (कर्नल) धनीराम शांडिल 4 अगस्त को सोलन विधानसभा क्षेत्र के प्रवास पर आ रहे हैं। डॉ. शांडिल 4 अगस्त को दोपहर एक बजे हिमानी होटल में आयोजित आठवीं ऑल इंडिया हिमाचल ओपन ब्रिज चैंपियनशिप की अध्यक्षता करेंगे। स्वास्थ्य मंत्री तदोपरांत सायं 6 बजे मुरारी मार्केट सोलन में सिरमौर कल्याण मंच सोलन द्वारा आयोजित डॉ. वाईएस परमार की 118वीं जयंती समारोह की अध्यक्षता करेंगे।

### पंचायत सचिव संघ कुनिहार की कार्यकारिणी का गठन



**दाड़लाघाट/कुनिहार।** खंड विकास कार्यालय कुनिहार के सभागार में पंचायत सचिव संघ की एक महत्वपूर्ण बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता कार्यकारी अध्यक्ष पंचायत सचिव महेंद्र ठाकुर ने की। बैठक में सर्वसम्मति से नई कार्यकारिणी का चुनाव किया गया। बैठक में पंचायत सचिव बाबु राम वर्मा विशेष रूप से उपस्थित रहे। पंचायत सचिव संघ कुनिहार के चुनाव प्रक्रिया में विजय लक्ष्मी को अध्यक्ष, धनी राम वरिष्ठ को उपाध्यक्ष, वरुण शर्मा को महासचिव, सुरेश कुमार को कोषाध्यक्ष, हेमलता को मुख्य सलाहकार, रविंद्र कुमार को प्रेस सचिव, भूपेंद्र कुमार को सह प्रेस सचिव, किशोर कुमार को मुख्य संरक्षक, सुखराम, दिला राम, संजीव कुमार, सावित्री देवी, लायक राम शर्मा, सुरेंद्र कुमार, मस्त राम को कार्यकारिणी सदस्य बनाया गया। जिला कार्यकारिणी के लिए पंचायत सचिव संघ की नवनियुक्त कुनिहार इकाई की ओर से महेंद्र ठाकुर, विजय लक्ष्मी, धनी राम, सुख राम व सुरेंद्र कुमार को डेलिकेट चुना गया।

### 'आपदा प्रबंधन' पर छात्र का डीसी ने किया सम्मान



**अनंत ज्ञान, नाहन।** उपायुक्त एवं अध्यक्ष, जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, सिरमौर सुमित खिमटा ने आपदा प्रबंधन विषय पर जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण सिरमौर में एक माह का प्रशिक्षण (इंटर्नशिप) सफलतापूर्वक पूरा करने वाले जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय नई दिल्ली के प्रशिक्षु छात्र को सम्मानित किया। उपायुक्त ने बताया कि हिमाचल प्रदेश सरकार द्वारा वर्ष 2019 में आपदा प्रबंधन को और सशक्त एवं सुदृढ़ करने के दृष्टिगत राज्यपाल हिमाचल प्रदेश द्वारा अनुमोदित इंटर्नशिप पॉलिसी को प्रत्येक जिला में संचालित किया गया था। इसी संदर्भ में जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण सिरमौर में आपदा शोध अध्ययन केंद्र, जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय नई दिल्ली से आए आपदा-प्रबंधन स्नातकोत्तर उपाधि के अंतिम वर्ष के छात्र ने इस प्रशिक्षण कार्यक्रम को 2 जुलाई से एक अगस्त तक सफलतापूर्वक पूरा किया है। इस अवसर पर अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी एलआर वर्मा, जिला राजस्व अधिकारी चेतन चौहान, आपदा प्रबंधन शाखा के समन्वयक राजन कुमार शर्मा व अरविंद चौहान उपस्थित रहे।

### गरीब को और गरीब बनाने वाला है बजट : राजेंद्र



**अनंत ज्ञान, नाहन।** हिमाचल सीपीआईएम की नाहन कमेटी की बैठक पार्टी कार्यालय में हुई। इस दौरान जिला कमेटी के सचिव राजेंद्र सिंह ठाकुर ने विशेष रूप से भाग लिया। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार का बजट अमीर को और अमीर और गरीब को और गरीब बनाने वाला है। इस बजट में पूंजीपतियों को खुश करने का काम किया गया है। देश में शिक्षा, स्वास्थ्य और अनुसंधान को अनदेखा किया गया है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार हिमाचल प्रदेश के साथ भेदभाव कर रही है। इस मौके पर बलदेव सिंह, आशीष कुमार, राहुल शर्मा, आशा शर्मा, जगदीश पुंडीर, राम सिंह वालिया, राजेंद्र शर्मा, धनीराम शर्मा, सीमा शर्मा, सेवती कमल और कुब्जा देवी आदि पदाधिकारियों ने भाग लिया।

### चंडी स्कूल में छात्रों के सहयोग से किया पौधरोपण



**अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट।** अंबुजा फाउंडेशन दाड़लाघाट द्वारा सेवड़ा चंडी पंचायत के बानली गांव के लोगों एवं राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय चंडी के छात्रों के सहयोग से पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम में चंडी पंचायत के वार्ड सदस्य दयाराम शर्मा व राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय चंडी की उपप्रधानाचार्य अमृता कौशल विशेष रूप से मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान अंबुजा फाउंडेशन दाड़लाघाट के परियोजना समन्वयक हरी कृष्ण शर्मा ने पौधरोपण के महत्व पर विशेष रूप से जोर दिया। मुख्य निर्माण अधिकारी अदानी सीमेंट मुकेश सक्सेना ने कहा कि भविष्य में भी इस तरह के कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता रहेगा। अंबुजा फाउंडेशन के क्षेत्रीय प्रबंधक भूपेंद्र गांधी ने पौधों के देखरेख की अपील की। कार्यक्रम में स्वयं सहायता समूह, युवक मंडल के सदस्यों के अलावा राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय चंडी के बच्चों के साथ लगभग 130 लोगों ने हिस्सा लिया।

### पर्यावरण का संरक्षण हम सभी का दायित्व : आकांक्षा



**अनंत ज्ञान, सोलन।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सोलन एवं वन विभाग के संयुक्त तत्वावधान में सोलन जिला की ग्राम पंचायत भोजनगर के कालथ वन क्षेत्र में पौधरोपण अभियान एवं जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। जागरूकता कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सोलन की सचिव एवं सीनियर सिविल जज आकांक्षा डोगरा ने की। आकांक्षा डोगरा ने बाण का पौधा रोपित कर पौधरोपण अभियान का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि पर्यावरण का संरक्षण हम सभी का दायित्व है। कार्यक्रम में वन परिक्षेत्र अधिकारी धर्मपुर केवल राम पुंडीर, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला भोजनगर की प्रधानाचार्य सोनिया कौर, पुलिस विभाग के अधिकारी सहित विद्यार्थियों व अध्यापकों ने भाग लिया।

### स्वास्थ्य मंत्री होंगे डॉ. परमार जयंती पर मुख्यातिथि

**अनंत ज्ञान, सोलन।** सिरमौर कल्याण मंच सोलन हिमाचल निर्माता डॉ. यशवंत सिंह परमार की जयंती धूमधाम से मनाई जाएगी। कार्यक्रम में स्वास्थ्य मंत्री डॉ. (कर्नल) धनीराम शांडिल बतौर मुख्यातिथि शिरकत करेंगे, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता सांसद (शिमला) सुरेश कश्यप करेंगे, जबकि डॉ.परमार के पोत्र आनंद परमार कार्यक्रम के विशेष अतिथि होंगे। सिरमौर कल्याण मंच की बैठक प्रधान प्रदीप मंमगाई की अध्यक्षता में हुई। उन्होंने बताया कि 4 अगस्त को सुबह सोलन के चिल्ड्रन पार्क स्थित डॉ. परमार की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया जाएगा। इसके बाद रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा। दोपहर में डॉ. परमार के जीवन पर विचार गोष्ठी व कवि सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। सायंकालीन सत्र में सांस्कृतिक कार्यक्रम मुख्य आकर्षण होंगे। इसमें सिरमौर का चूड़ेश्वर सांस्कृतिक दल जोगिंद्र हाब्बी के नेतृत्व में पारंपरिक प्रस्तुतियां देगा। इस मौके पर सिरमौर जिला के जाने माने समाजसेवी व डॉ. परमार के मित्र रहे नौहराधार निवासी तुलसी राम चौहान को डॉ. परमार सम्मान और प्रदेश में महिला सशक्तिकरण की मिसाल बनी सिरमौर जिला की पच्छाद तहसील की बाग-पशोग पंचायत श्री हॉट को सिरमौर सम्मान से सम्मानित किया जाएगा।

# रेडू-झिड़ीवाला-आदुवाल-जंडोरी संपर्क मार्ग का कार्य शुरू, 5.86 करोड़ आएगी लागत

## विधायक हरदीप सिंह बावा ने भूमि पूजन कर करवाया कार्य शुरू

**अनंत ज्ञान, बीबीएन**

नालागढ़ के विधायक हरदीप सिंह बावा ने रेडू-झिड़ीवाला-आदुवाल-जंडोरी संपर्क मार्ग का भूमि पूजन करवाने के बाद कार्य शुरू करवाया। उपरला रेडू पंचायत में बन रहे आठ किलोमीटर इस मार्ग पर 5 करोड़ 86 लाख रुपए खर्च किए जाएंगे।

हरदीप बावा ने बताया कि नालागढ़-पंजैहरा मार्ग पर महादेव पुल से इस मार्ग का कार्य शुरू किया गया है। इस मार्ग के बनने से आदूवाल, मलपूर, जंडोरी, भटोली, तासना, रेडू समेत आधा दर्जन गांवों को सीधा लाभ मिलेगा। यहां के लोगों की यह लंबित मांग थी, जिसे अब पूरा कर दिया गया है। इस मार्ग को नई तकनीक के माध्यम से सीमेंट ट्रीटिड बेस बनाया जाएगा। किसानों की जमीन को नुकसान न हो, इसके लिये सड़क के साथ डंगे, नालियों का निर्माण भी किया जाएगा। पांच साल तक ठेकेदार इसकी देखरेख करेगा और एक साल के भीतर इसे तैयार कर दिया जाएगा।



संपर्क मार्ग का भूमि पूजन करते विधायक हरदीप सिंह बावा, साथ हैं अन्य।

उन्होंने कहा कि सड़क की गुणवत्ता को लेकर कोई भी समझौता नहीं किया जाएगा। ठेकेदार को इसके लिए निर्देश दे दिए गए है। उन्होंने कहा कि भटोली खड्ड के ऊपर पुल पुल बनाने के लिए टैंडर लगा दिए हैं। मुख्यमंत्री और संबंधित मंत्री से इस पुल का शिलान्यास करवाकर कार्य शुरू करवाया जाएगा।

उन्होंने बताया कि बरूणा से फलाई, पंजैहरा से पल्ली होते हुए रेतड़ मार्ग का कार्य भी शुरू कर दिया गया है। यह दोनों मार्ग भी एक साल के भीतर तैयार कर दिए जाएंगे।

हरदीप बावा ने इस दौरान लोगों की समस्याएं सुनीं और विधायक निधि से पंचायत के विकास के लिए 5 लाख रुपए देने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि पंचायत के लंबित विकास कार्यों को बीबीएनडीए से पूरा करवाया जाएगा।

**ये रहे मौजूद :** इस मौके पर उपप्रधान चौधरी मंगल सिंह, प्रधान राज कुमारी, पूर्व बीडीसी चौधरी सूरत राम, ट्रक यूनियन के पूर्व प्रधान चौधरी विद्यारत्न, पूर्व जिप सदस्य चौधरी उजागर सिंह, पूर्व प्रधान हकीम दीन, नेक मोहम्मद, पंच शरीफ मोहम्मद, प्रधान अमरीक सिंह, प्रधान बलदेव सिंह, ट्रक सोसाइटी के कैशियर इन्द्रजीत सोनू, हरजिन्द्र सिंह, हरप्रीत सिंह समेत कई मौजूद रहे।

# पानी में फंसी पांवटा साहिब के विधायक की गाड़ी



जम्मू खाला में बीच पानी में विधायक की गाड़ी।

**अनंत ज्ञान, पांवटा साहिब**

जिला सिरमौर के पांवटा साहिब उपमंडल में विधायक सुखराम चौधरी की गाड़ी जम्मू खाला के पानी में फंस गई। इसके चलते विधायक सुखराम चौधरी को उतरकर जम्मू खाला पैदल ही पार करना पड़ा।

तस्वीरें पांवटा साहिब उपमंडल के किशनपुरा की हैं, जहां जम्मू खाला के बीच उनकी गाड़ी कीचड़ में फंस गई। हालांकि, चालक ने गाड़ी को पार करने की काफी कोशिश की, लेकिन वह नाकाम रहे तो विधायक जी को गाड़ी से उतरकर पानी व कीचड़ के बीच पैदल ही दूसरी तरफ जाना पड़ा। इस दौरान वीडियो बनाते लोग ये कहते सुने गए कि अब 15 दिन के भीतर यहां पुल तैयार हो जाएगा।

उधर, लोक निर्माण विभाग पांवटा साहिब के सहायक अभियंता दलीप कपूर ने बताया कि जम्मू खाले वाले हिस्से पर जमीन को लेकर विवाद चल रहा है। सड़क का कार्य शुरू हो चुका है। जम्मू खाले में छोटे पुल का निर्माण किया जाना है। इसकी निशानदेही को लेकर राजस्व विभाग को अवगत कराया गया है। अभी बारिश के इस कार्य में दिक्कत आ रही है। निशानदेही के तुरंत बाद काम शुरू कर दिया जाएगा।

## अनियंत्रित होकर खाई में लुढ़का ट्रक चालक जख्मी



**अनंत ज्ञान, नाहन।** उपमंडल मुख्यालय संगड़ाह से महज दो किलोमीटर की दूरी पर पाब पानी के समीप एक सड़क हादसा पेश आया है, जहां एक ट्रक अनियंत्रित होकर खाई में लुढ़क गया। हादसे में चालक ओमप्रकाश को मामूली चोटें आई हैं। जानकारी के मुताबिक, चालक ओमप्रकाश पत्थरों से भरे ट्रक एसपी- 51-1027 को लेकर सड़क के समीप बने प्लॉट में खाली कर रहा था। इस दौरान ट्रक को खाली करते समय ट्रक का डाला न खुलने के कारण ट्रक करीब 50 मीटर गहरी खाई में लुढ़क गया। हादसे के बाद स्थानीय लोगों ने चालक को खाई से निकाल कर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र संगड़ाह पहुंचाया। उधर, थाना प्रभारी बृजलाल मेहता ने बताया कि अभी तक पुलिस ने मामला दर्ज नहीं किया है।

## आंगनबाड़ी केंद्रों में पहुंचने वाले राशन का लिया जाए नियमित सैंपल : खिमटा




समीक्षा समिति की बैठक में मौजूद डीसी सुमित खिमटा व अन्य अधिकारी।

**अनंत ज्ञान, नाहन**

उपायुक्त सिरमौर सुमित खिमटा ने खाद्य एव आपूर्ति विभाग और बाल विकास अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिला के आंगनबाड़ी केंद्रों में सरकार की विभिन्न योजनाओं के तहत आवंटित किए जा रहे राशन की गुणवत्ता की जांच के लिए राशन की नियमित सैंपलिंग की जाए।

उन्होंने कहा कि सिरमौर जिले में 1462 आंगनबाड़ी केंद्रों में शिशुओं, गर्भधात्री माताओं और अन्य पात्र लोगों को पोषाहार वितरित किए जा रहे हैं। उपायुक्त सुमित खिमटा नाहन में समन्वित बाल विकास योजना की जिला स्तरीय निगरानी एवं समीक्षा समिति की बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। सिरमौर जिले में पोषाहार कार्यक्रम अभियान के तहत 40286 पात्र लाभार्थियों को पोषाहार उपलब्ध करवाया जा रहा है, जिसमें 6 माह से तीन वर्ष की आयु के 21935 बच्चे, तीन साल से 6 साल के 10350 बच्चे तथा 4136 गर्भवती तथा 3865 धात्री माताएं शामिल हैं। ग्रामीण विकास विभाग को निर्देश दिए कि मनरेगा के अंतर्गत निर्मित होने वाले 51 आंगनबाड़ी केन्द्र भवनों का निर्माण शीघ्र किया जाए ताकि आम जन को इनका लाभ मिल सके।

जिला कार्यक्रम अधिकारी सुनील शर्मा ने बाल विकास के अंतर्गत प्रदेश सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी। इस अवसर पर तहसीलदार नाहन उपेंद्र चौहान, पीअ डीआरडीए अभिषेक मित्तल, महाप्रबंधक जिला उद्योग केंद्र साक्षी सत्ती, क्षेत्रीय प्रबंधक नागरिक आपूर्ति हुसन सिंह, जिला कार्यक्रम अधिकारी स्वास्थ्य डॉ. विनोद संगल व अन्य उपस्थित थे।

# अवैज्ञानिक ढंग से पहाड़ी का कटाव करने से घर पर मंडराए खतरे के बादल

**कृष्ण रघुवंशी, अर्की**

अर्की से कुनिहार सड़क मार्ग पर पंचायत देवरा के गांव मन्जयाट के अल्पसंख्यक समुदाय के निवासी ताजुद्दीन के परिवार का हृदय वर्षा के बादलों को उमड़ता देख कर किसी भयानक अनहोनी की आशंका से भयभीत हो जाता है कि जाने कब उनके सिर की छत गिर जाए। कारण है उनके घर के नीचे अर्की कुनिहार सड़क को अवैज्ञानिक तरीके से सड़क चौड़ी करने के लिए की काटी गई पहाड़ी।

**डर के चलते पड़ोसियों के घर सोने को मजबूर परिवार**

ताजुद्दीन का कहना है कि पूर्व वर्ष में उनके घर के समीप सड़क चौड़ी करने के लिए अवैज्ञानिक तरीके से उनके मकान के नीचे लोक निर्माण विभाग द्वारा पहाड़ी को काटा गया था, परंतु भू-स्खलन रोकने के लिए कोई पुख्ता उपाय नहीं किया गया। इसके चलते उसके घर के नीचे वर्षा के कारण भू-स्खलन हो गया।



मकान के लिए खतरा बनी अवैज्ञानिक कटिंग।

इस कारण कोई भयानक दुर्घटना न हो जाए, इसलिए उन्होंने उसी समय लोक निर्माण विभाग से लेकर पंचायत व स्थानीय प्रशासन के अधिकारियों के पास चक्कर काटे व हाथ जोड़े कि भू-स्खलन वाले स्थान पर डंगा लगा दिया जाए, परंतु किसी ने भी उनकी पुकार नहीं सुनी।

बस राजस्व विभाग की ओर से बचाव के लिए दो तिरपाल दिए गए। ताजुद्दीन का कहना है कि किसी ने उनकी गुहार नहीं सुनी और आज भूमि कटाव उसके घर के बिलकुल समीप पहुंच गया है। यदि और जोरदार वर्षा होती है तो उसका मकान सड़क पर आ जाएगा। उनका परिवार उस मकान में सोने के बजाय पड़ोसियों के मकानों में सोते है। ताजुद्दीन की सरकार स्थानीय प्रशासन व लोक निर्माण विभाग कोई भयानक हादसा होने से पूर्व ही उनके मकान की सुरक्षा के लिए कुछ पक्के उपाय करें, अन्यथा उसके परिवार या मकान के साथ कोई भी हादसा होता है, तो उसका खामियाजा लोक निर्माण विभाग व स्थानीय प्रशासन को भुगतना पड़ेगा। (अनंत ज्ञान)

> डंगा बहुत बड़ा है और इतना पैसा विभाग के पास नहीं है। आलाधिकारियों से बात की जाएगी। जो आदेश मिलेंगे, उस अनुसार कार्य किया जाएगा।
> राजेश सेठी, एसडीओ, लोनिवि, अर्की।

## केंद्र के बजट में हर वर्ग का रखा गया ध्यान : कश्यप



सोलन में पत्रकार वार्ता करते सांसद सुरेश कश्यप।

**अनंत ज्ञान, सोलन**

शिमला संसदीय क्षेत्र के सांसद सुरेश कश्यप ने केंद्रीय बजट को सर्व हितकारी, विकासोन्मुख और भारत को विकसित बनाने के लिए बढ़ाया गया कदम करार दिया। उन्होंने हाल ही में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा पेश किए गए राष्ट्रीय बजट को किसान, महिला, उद्योग और देश के नौकरी पेशा लोगों के लिए जीवनदायी बताया है। उन्होंने कहा है कि हिमाचल के लिए भी इस बजट में विशेष व्यवस्था की गई है।

इसमें प्रदेश के पांच रेलवे स्टेशनों को आधुनिक और सुविधाजनक बनाने के साथ प्रदेश की अधोसंरचना को भी मजबूत बनाया जाएगा। कश्यप ने कहा कि मुख्यमंत्री का नीति आयोग की बैठक में न आना प्रदेश के हित के साथ खिलवाड़ है। सोलन में पत्रकार वार्ता करते हुए कश्यप ने कहा कि कहा कि आपदा से जूझ रहे हिमाचल को केंद्र सरकार ने बजट में और मदद देने का ऐलान किया है, लेकिन यह मदद कितने की होगी, यह बाद में घोषित किया जाएगा।

उन्होंने प्रदेश सरकार पर भाजपा सरकार के समय में शुरू की गई योजनाओं को बंद करने को शर्मनाक बताया। पत्रकारवार्ता में नालागढ़ से लखविंद्र राणा, केएल ठाकुर, बद्दी से परमजीत सिंह पम्मी, जिला अध्यक्ष रतनपाल सिंह, पूर्व स्वास्थ्य मंत्री डा. राजीव सैजल, प्रदेश प्रवक्ता विवेक शर्मा, जिला मीडिया प्रभारी संजीव मोहन आदि शामिल थे।

## नेगी ने 2.98 करोड़ रुपए से निर्मित होने वाले रांगले पुल का किया शिलान्यास

**जीता सिंह नेगी, रिकांगपिओ**

राजस्व, बागवानी, जनजातीय विकास एवं जन शिकायत निवारण मंत्री जगत सिंह नेगी ने किन्नौर जिले के निचार उपमंडल की ग्राम पंचायत मीरू का दौरा किया और विभिन्न जन-कल्याणकारी कार्यों का शिलान्यास किया। राजस्व मंत्री ने इस दौरान 2 करोड़ 98 लाख रुपऐ की राशि से निर्मित होने वाले रांगले पुल का शिलान्यास किया। इसके अलावा उन्होंने चोलिंग गांव के लिए एक करोड़ 10 लाख रुपऐ की राशि से बनने वाली जल आपूर्ति योजना तथा ग्राम पंचायत मीरू के बचे हुए गांव के लिए 52 लाख 73 हजार रुपएकी राशि से बनने वाली जल आपूर्ति योजना का शिलान्यास किया जिससे क्षेत्र के लोगों को पानी की समस्या से शीघ्र निजात मिलेगी।

जनजातीय विकास मंत्री ने इसके उपरान्त यूला ग्राम पंचायत का दौरा किया तथा जनसभा को सम्बोधित करते हुए कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू बागवानों के हितैषी हैं और इस दिशा में निरंतरता के साथ कार्य कर रहे हैं ताकि बागवानों, किसानों एवं पशुपालकों के जीवन स्तर में वृद्धि हो सके और ग्रामीण आर्थिकी को संबल मिल सके। (अनंत ज्ञान)



लोगों का अभिवादन स्वीकार करते जगत सिंह नेगी।

## पंचकूला से चिट्टा सप्लाई करने आए युवक-युवती गिरफ्तार



**अनंत ज्ञान, सोलन।** हरियाणा के पंचकूला से सोलन के युवाओं को चिट्टे की खेप सप्लाई करने पहुंचे युवक-युवती को पुलिस ने दस ग्राम चिट्टे के साथ गिरफ्तार किया। एसपी सोलन गौरव सिंह से मिली जानकारी के अनुसार 27 जुलाई को पुलिस थाना परवाणू की टीम ने एक गुप्त सूचना के आधार पर टीटीआर परवाणू के नजदीक स्कूटी नं. पीबी-10-एफआर-1183 पर सवार एक युवक व युवती की तलाशी ली। उनके हवाले से दस ग्राम चिट्टा बरामद हुआ। पुलिस ने चंडी मंदिर पंचकूला निवासी 35 वर्षीय मनदीप व यहीं कर रहने वाली 22 वर्षीय एक युवती को गिरफ्तार कर लिया। उन्होंने बताया कि दोनों आरोपी चिट्टे को जिला सोलन में युवाओं को सप्लाई करने की फिराक में थे। पुलिस ने उनके हवाले मिली स्कूटी को भी जब्त कर लिया। उपरोक्त दोनों आरोपियों को हिरासत में लेकर जांच की जा रही है। जांच के दौरान पाया गया है कि आरोपी मनदीप इससे पहले भी नशा तस्करी के मामले में संलिप्त रहा है। उसके विरुद्ध थाना चंडीमंदिर में चिट्टा तस्करी का एक मामला दर्ज है। उस वक्त भी उसके पास से करीब 10 ग्राम चिट्टा बरामद किया गया था। इसमें आरोपी न्यायालय से जमानत पर रिहा है। मामले की जांच जारी है।

## भाषा अध्यापकों की जल्द पूरी होगी चयन प्रक्रिया : राजीव

**अनंत ज्ञान, नाहन।** भूतपूर्व सैनिकों के आश्रितों के लिए आरक्षित भाषा अध्यापकों की भर्ती के लिए 2 दिन चलने वाली काउंसिलिंग आज प्रारंभिक शिक्षा उपनिदेशक कार्यालय नाहन में खत्म हो गई। यह जानकारी उपनिदेशक राजीव ठाकुर ने दी। प्रारंभिक शिक्षा उपनिदेशक राजीव ठाकुर ने बताया कि संस्कृत अध्यापकों के लिए भी काउंसिलिंग रखी गई थी, परंतु शिक्षा निदेशक के आदेश अनुसार इस संबंध में मामला न्यायालय में विचाराधीन होने के चलते उसे रद्द कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि जल्द ही मेरिट लिस्ट तैयार की जाएगी और 15 दिनों के भीतर प्रतिभागियों की चयन प्रक्रिया पूरी कर दी जाएगी। भूतपूर्व सैनिकों के आश्रितों के लिए ये पद आरक्षित हैं। इनमें से 6 पद अनारक्षित, 2 अनुसूचित जाति, एक पद अनुसूचित जनजाति व एक पद अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए आरक्षित है।

## कल बिजली आपूर्ति रहेगी बाधित

**दाड़लाघाट।** विद्युत उपमंडल दाड़लाघाट के तहत 11 केवी दाड़लाघाट, ग्याना व चंडी फीडर में आवश्यक मरम्मत कार्य के चलते पांच अगस्त को बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। विद्युत विभाग दाड़ला के सहायक अभियंता सचिन आर्य ने बताया कि इस दौरान पांच अगस्त को विद्युत अनुभाग दाड़लाघाट, ग्याना व चंडी के सभी इलाकों में बिजली आपूर्ति सुबह 9 से शाम 6 बजे तक बाधित रहेगी। उन्होंने सभी संबंधित लोगों से असुविधा हेतु सहयोग की अपील की है। उन्होंने बताया कि विद्युत लाइन का मरम्मत का कार्य मौसम पर निर्भर करेगा। उन्होंने बताया कि समय सीमा को रखरखाव के कार्य अनुसार समायोजित किया जा सकता है।

**आयोजन** राज्यपालों के सम्मेलन में हिमाचली संस्कृति को बखूबी किया प्रस्तुत

# चूड़ेश्वर के कलाकारों की राष्ट्रपति भवन में नायाब प्रस्तुति

**अनंत ज्ञान, सोलन/ राजगढ़**

राष्ट्रपति भवन नई दिल्ली में राज्यपालों के सम्मेलन में सिरमौरी नाटी की धूम रही। कार्यक्रम में चूड़ेश्वर के कलाकारों की राष्ट्रपति भवन में नायाब प्रस्तुति पेश की। अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त लोक कलाकार व वर्ल्ड रिकॉर्ड होल्डर जोगेंद्र हब्बी ने बताया कि राष्ट्रपति भवन दिल्ली में राज्यपालों का सम्मेलन हुआ, जिसमें भारतवर्ष के सभी राज्यों के राज्यपाल पधारे हुए थे।

इस राष्ट्रीय स्तरीय सम्मेलन में देश के अनेक राज्यों के शीर्ष सांस्कृतिक दलों को संस्कृति मंत्रालय भारत सरकार द्वारा क्षेत्रीय सांस्कृतिक केंद्रों के सहयोग से सांस्कृतिक प्रदर्शन के लिए आमंत्रित किया गया। हिमाचल प्रदेश के चूड़ेश्वर लोक नृत्य सांस्कृतिक मंडल के कलाकारों ने इस सम्मेलन में सिरमौरी नाटी की प्रस्तुति दी। इस सांस्कृतिक प्रदर्शन के लिए लगभग चार सौ लोक कलाकारों की एक कोरियोग्राफ प्रस्तुति तैयार करवाई गई। सुप्रसिद्ध कोरियोग्राफर एवं उत्तर पूर्व क्षेत्रीय सांस्कृतिक केंद्र के निदेशक डॉ प्रसन्ना गोगोई द्वारा तैयार करवाई गई भारतवर्ष की विशुद्ध लोक संस्कृति को प्रदर्शित करने वाली प्रस्तुति 2 अगस्त की रात्रि राष्ट्रपति भवन के सांस्कृतिक केंद्र के सभागार में प्रदर्शित की गई। सांस्कृतिक प्रदर्शन में हिमाचल प्रदेश का प्रतिनिधित्व कर रहे चूड़ेश्वर मंडल जालग, पझौता के कलाकारों ने उस्ताद बिस्मिल्लाह खान युवा पुरस्कार से सम्मानित कलाकार गोपाल हाब्बी के नेतृत्व में सिरमौरी नाटी का प्रदर्शन किया जिसमें लोक कलाकारों ने रिहाल्टी गी नृत्य मुंजरा नाटी तथा रासा नृत्य की शानदार प्रस्तुति देकर उपस्थित सभी महामहिमों की खूब तालियां बटोरी।



राष्ट्रपति भवन में सिरमौरी नाटी की प्रस्तुति के दौरान कलाकार।

इस कार्यक्रम में महामहिम राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के अलावा उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ तथा सभी राज्यों के राज्यपालों ने सभागार में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आनन्द लिया। कार्यक्रम का शुभारम्भ हिमाचल के सुषिर लोकवाद्य करनाल वादन से किया गया जिसके साथ अन्य राज्यों के लोक वादकों ने भी अपने-अपने लोक वाद्यों पर मंगलध्वनि आरंभ की तथा इसी के साथ ही सभी राज्यों की संस्कृति से अतिथिगण रू-ब-रू हुए।

चुड़ेश्वर सांस्कृतिक मंडल के कलाकारों में सुप्रसिद्ध लोक गायक रामलाल वर्मा बांसुरी वादक देवी राम करनाल वादक रविदत ढोलक वादक संदीप के अलावा लोकनर्तक गोपाल चमन अनु किरण आरती रक्षा संतराम व मनमोहन आदि कलाकार शामिल थे।

## न्यूज ब्रीफ

### सेक्टर-17 में मल्टी-लेवल कार पार्किंग का प्रस्ताव

**जगदीश शर्मा, चंडीगढ़।** सेक्टर-17 में वाहनों का दबाव कम करने के लिए कई बदलाव करने होंगे। सबसे ज्यादा फोकस वाहनों की गतिविधि को कम करने पर होना चाहिए, ताकि लोग पैदल सफर कर सकें। सेक्टर-17 और इसके आसपास के सेक्टर-9, 16, 18, 22 और रोज गार्डन में पैदल यात्री और गैर-मोटर चालित वाहनों के लिए कनेक्टिविटी प्रस्तावित की गई है। सेक्टर-17 में चार स्थानों पर मल्टी-लेवल कार पार्किंग (एमएलसीपी) बनाने का प्रस्ताव दिया है। दावा है कि इससे पार्किंग की समस्या खत्म हो जाएगी, क्योंकि भविष्य में सेक्टर-17 में वाहनों का दबाव बढ़ेगा। पार्किंग के अलावा सार्वजनिक परिवहन कनेक्टिविटी का प्रस्ताव है।राइट्स की रिपोर्ट के अनुसार, सेक्टर-17 में वाहनों का दबाव कम करने के लिए कई बदलाव करने होंगे। सबसे ज्यादा फोकस वाहनों की गतिविधि को कम करने पर होना चाहिए ताकि लोग पैदल सफर कर सकें। सेक्टर-17 और इसके आसपास के सेक्टर-9, 16, 18, 22 और रोज गार्डन में पैदल यात्री और गैर-मोटर चालित वाहनों के लिए कनेक्टिविटी प्रस्तावित की गई है। रोज गार्डन (सेक्टर-16) और सेक्टर-22 में पैदल यात्रियों और एनएमवी के लिए अंडरपास प्रस्तावित किया गया है। (अनंत ज्ञान)

### भगवंत को पेरिस जाने की राजनीतिक मंजूरी नहीं



**चंडीगढ़।** केंद्र सरकार ने पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान को ओलंपिक खेलों में भारतीय हॉकी टीम का समर्थन करने के लिए पेरिस जाने की राजनीतिक मंजूरी देने से इनकार कर दिया। एक अधिकारिक सूत्र ने शनिवार को यह जानकारी दी। राजनयिक पासपोर्ट रखने वाले मान को चार अगस्त को भारतीय हॉकी टीम के क्वार्टर फाइनल मैच के वास्ते तीन से नौ अगस्त तक के लिए पेरिस जाना था और उन्होंने अपनी यात्रा के लिए राजनीतिक मंजूरी मांगी थी। राज्य सरकार के सूत्र ने बताया कि केंद्र ने उन्हें यह कहते हुए अनुमति देने से इनकार कर दिया कि चूंकि मान को जेड-प्लस सुरक्षा मिली हुई है, इसलिए कम समय में उनके लिए सुरक्षा का प्रबंध करना संभव नहीं है। सूत्र ने बताया कि मुख्यमंत्री कार्यालय को शुक्रवार शाम को इस फैसले की जानकारी दी गई। राजनीतिक दलों के वरिष्ठ नेताओं को विदेश यात्रा के लिए विदेश मंत्रालय से राजनीतिक मंजूरी लेनी होती है। मान ने शुक्रवार को भारतीय हॉकी दल को पेरिस ओलंपिक खेलों में ऑस्ट्रेलिया पर ऐतिहासिक जीत के लिए बधाई दी थी। भारत ने शुक्रवार को 1972 के बाद पहली बार इस मजबूत टीम को 3-2 से हराया।

### 'हर घर तिरंगा' अभियान में भाग लेने की अपील की



**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने शनिवार को लोगों से 'हर घर तिरंगा' अभियान में भाग लेने की अपील करते हुए कहा कि यह एक राष्ट्रीय आंदोलन बन गया है जो हर भारतीय में बुनियादी एकता को जागृत करता है। शाह ने कहा कि नागरिकों को अपने घरों पर राष्ट्रीय ध्वज फहराना चाहिए, उसके साथ एक सेल्फी लेनी चाहिए और 'हर घर तिरंगा' की वेबसाइट पर तस्वीर अपलोड करनी चाहिए। उन्होंने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर पोस्ट किया, "हमारा राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा त्याग, निष्ठा व शांति का प्रतीक है। हर घर तिरंगा अभियान आजादी के नायकों को याद करने, राष्ट्रप्रथम का संकल्प लेने और राष्ट्रीय एकता को बढ़ावा देने का माध्यम है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के आह्वान पर यह अभियान बीते दो वर्षों से जन-जन का अभियान बन गया है। आगामी 9 से 15 अगस्त तक आप भी अपने घरों में तिरंगा लहराकर वेबसाइट पर अपनी सेल्फी अपलोड करें।"

### वायनाड प्रभावितों के लिए तीन करोड़ देने की घोषणा

**वायनाड।** दक्षिण भारतीय फिल्मों के सुपरस्टार मोहनलाल ने शनिवार को केरल के भूस्खलन प्रभावित वायनाड जिला पहुंचे और आपदा प्रभावित क्षेत्र में पुनर्वास कार्यों के लिए तीन करोड़ रुपए देने की घोषणा की। मोहनलाल भारतीय प्रादेशिक सेना में लेफ्टिनेंट कर्नल हैं। मेप्पडी में सेना के शिविर में अधिकारियों के साथ संक्षिप्त चर्चा करने के बाद मोहनलाल अन्य लोगों के साथ भूस्खलन प्रभावित क्षेत्र के लिए रवाना हो गए। वह सेना की वर्दी पहने हुए थे। मोहनलाल ने चूरलमाला, मुंडक्कई और पुथिरिमट्टम के अलावा अन्य स्थानों का दौरा किया तथा घटना की गंभीरता को समझने के लिए सेना और स्थानीय लोगों सहित विभिन्न बचावकर्मियों से बातचीत की। मोहनलाल ने मीडिया से कहा कि आपदा की भयावहता को केवल प्रत्यक्ष रूप से देखकर ही समझा जा सकता है।

### कारगिल में गिरी बिल्डिंग, 12 लोग घायल



**अशोक ठाकुर, जम्मू।** लद्दाख के कारगिल के कबाड़ी नाला इलाके में शनिवार को एक तीन मंजिला बिल्डिंग ढह गई। घटना में 12 लोग घायल हो गए। सभी को इलाज के लिए जिला अस्पताल ले जाया गया है। घटना सुबह करीब 3:45 बजे की है। बिल्डिंग पहाड़ी की ढलान पर बनी थी। नीचे कंस्ट्रक्शन का काम चल रहा था। इसी दौरान मिट्टी धंसने से हादसा हुआ। घायल हुए लोगों में से अर्थमूवर (मिट्टी और चट्टान हटाने वाली मशीन) के ड्राइवर समेत पांच को घर के मलबे के नीचे से निकाला गया है। (अनंत ज्ञान)

### श्रीलंका ने 21 भारतीय मछुआरे किए रिहा

**कोलंबो।** श्रीलंकाई नौसेना की ओर से गिरफ्तार किए गए 21 भारतीय मछुआरों को रिहा कर दिया है, जो कोलंबो से चेन्नई पहुंच गए हैं। हैं। श्रीलंका स्थित भारतीय उच्चायोग ने यह जानकारी दी। कोलंबो स्थित भारतीय उच्चायोग और जाफना स्थित भारतीय वाणिज्य दूतावास ने श्रीलंकाई सरकारी प्राधिकारियों के सहयोग से भारतीय मछुआरों की रिहाई सुनिश्चित की। कच्चाथीवु द्वीप के पास एक श्रीलंकाई नौसैनिक पोत और भारतीय नाव के बीच हुई टक्कर के बाद मछुआरों को पकड़ लिया था।

# बढ़ते तनाव के बीच पश्चिम एशिया में सैन्य उपस्थिति बढ़ाएगा अमेरिका

**एजेंसी, वाशिंगटन**

पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव के मद्देनजर अमेरिकी रक्षा मंत्रालय ने वहां लड़ाकू विमानों का दस्ता और विमान वाहक पोत तैनात करने का फैसला किया है। अमेरिकी रक्षा मंत्रालय के मुख्यालय पेंटागन ने यह जानकारी दी।

पेंटागन ने बताया कि अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन ने ईरान और उसके सहयोगियों के संभावित हमलों से इसराइल की रक्षा करने और अमेरिकी सैनिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए पश्चिम एशिया में सैन्य उपस्थिति बढ़ाने का निर्णय लिया है।

पेंटागन ने एक बयान में कहा कि रक्षा मंत्री लॉयड ऑस्टिन ने यूरोप और पश्चिम एशिया के क्षेत्रों में अतिरिक्त बैलिस्टिक मिसाइल से लैस जहाज और विध्वंसक पोत तैनात करने का भी आदेश दिया है। इसके अलावा, ऑस्टिन वहां जमीन से वार करने वाली अतिरिक्त बैलिस्टिक मिसाइल भेजने की दिशा में भी कदम उठा रहे हैं।अमेरिका ने पश्चिम एशिया में अपनी सैन्य उपस्थिति बढ़ाने का फैसला ऐसे समय में किया है, जब अमेरिकी नेताओं ने यह चिंता जताई है कि इजराइल के हालिया हमलों में हमास और हिजबुल्लाह के शीर्ष कमांडरों के मारे जाने के कारण क्षेत्र में हिंसा बढ़ सकती है, क्योंकि दोनों उग्रवादी समूहों के अलावा ईरान ने जवाबी कार्रवाई की धमकी दी है।

**लड़ाकू विमान और विमानवाहक पोत करेगा तैनात**



व्हाइट हाउस के अनुसार, बाइडन ने गुरुवार दोपहर इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू को फोन कर इजराइल को बैलिस्टिक मिसाइल और ड्रोन के संभावित हमलों से बचाने के लिए क्षेत्र में अमेरिका की सैन्य उपस्थिति बढ़ाने पर चर्चा की। अप्रैल में अमेरिकी बलों ने ईरान द्वारा इजराइल की तरफ दागी गई दर्जनों मिसाइल और ड्रोन का पता लगाकर उनके हमलों को नाकाम किया था।

बुधवार को तेहरान में हमास नेता इस्माइल हनिया और मंगलवार को बेरूत में हिजबुल्लाह कमांडर फौद शुकुर की हत्या के बाद क्षेत्र में जारी तनाव के युद्ध में तब्दील होने का खतरा बढ़ गया है, क्योंकि ईरान ने अपने क्षेत्र में हुए हमले का करारा जवाब देने की धमकी दी है। इजराइल ने पिछले साल सात अक्टूबर को हमास द्वारा उसके क्षेत्र में किए गए अप्रत्याशित हमले के बाद समूह के नेताओं को मार गिराने का संकल्प लिया है।

ऑस्टिन ने यूएसएस अब्राहम लिंकन विमानवाहक पोत को पश्चिम एशिया में तैनात करने का फैसला लिया है। यह पोत ओमान की खाड़ी में मौजूद यूएसएस थियोडोर रूजवेल्ट की जगह लेगा। पेंटागन ने यह नहीं बताया कि लड़ाकू विमानों का दस्ता कहां से आएगा और इसे पश्चिम एशिया के किस हिस्से में तैनात किया जाएगा।

## पाकिस्तान में आईएसआईएस कमांडर समेत तीन गिरफ्तार

**एजेंसी, लाहौर**

पाकिस्तान की कानून प्रवर्तन एजेंसियों ने देश के पंजाब प्रांत में आईएसआईएस के एक महत्वपूर्ण कमांडर सहित तीन कथित आतंकवादियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी।

पंजाब पुलिस के आतंकवाद निरोधी विभाग (सीटीडी) ने एक बयान में कहा कि फैसलाबाद, झेलम और चकवाल शहरों में खुफिया जानकारी पर आधारित अभियान के दौरान तीन आईएसआईएस आतंकवादियों को गिरफ्तार किया गया है। सीटीडी ने बताया कि गिरफ्तार किए गए आतंकवादियों में आईएसआईएस का एक महत्वपूर्ण कमांडर अब्दुल वहाब भी शामिल है। अन्य दो आईएसआईएस आतंकवादियों की पहचान सैफुल्लाह और खुर्रम अब्बास के रूप में हुई है।

पिछले महीने सीटीडी ने पंजाब प्रांत में 38 संदिग्ध आतंकवादियों को गिरफ्तार किया था जिनमें से अधिकतर आईएसआईएस और तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) से संबंधित थे।

## केवाईएस ने डीयू में किया प्रदर्शन

**एजेंसी, नई दिल्ली**

क्रांतिकारी युवा संगठन (केवाईएस) नामक छात्र संगठन ने फिलीस्तीन के साथ एकजुटता दिखाते हुए शनिवार को दिल्ली विश्वविद्यालय के कला संकाय में विरोध प्रदर्शन किया। श्रमिक वर्ग और हाशिये पर पड़े वर्गों का प्रतिनिधित्व करने वाले इस छात्र समूह ने इसराइल और फलस्तीन के बीच जारी युद्ध में गाजा में युद्धविराम की मांग की। एक अधिकारी ने बताया कि पुलिस ने बिना अनुमति के प्रदर्शन करने के आरोप में करीब 10 छात्रों को हिरासत में लिया।

उन्होंने बताया कि उन्हें बुराड़ी पुलिस थाने ले जाया गया और बाद में रिहा कर दिया गया। अधिकारी ने बताया, प्रदर्शनकारियों ने प्रदर्शन करने की अनुमति नहीं ली थी और आग्रह के बावजूद उन्होंने प्रदर्शन समाप्त नहीं किया। करीब 10 छात्रों को कला संकाय से हिरासत में लिया गया और उन्हें बुराड़ी ले जाया गया।

## रेडक्रॉस प्रशिक्षण शिविर का समापन



**जगदीश शर्मा, कुरूक्षेत्र**

भारतीय रेडक्रॉस समिति, हरियाणा राज्य शाखा, चंडीगढ़ द्वारा गीता ज्ञान संस्थानम, कुरूक्षेत्र में छः दिवसीय जूनियर रेडक्रॉस प्रशिक्षण शिविर (लड़कों के लिए) का समापन हुआ, जिसमें हरियाणा के 19 जिलों अंबाला, चरखी दादरी, फरीदाबाद, गुरुग्राम, हिसार, जींद, झज्जर, करनाल, कैथल, कुरुक्षेत्र, मेवात, पलवल, रेवाड़ी,सोनीपत, पंचकुला, सिरसा, यमुनानगर, पानीपत और फतेहाबाद से 186 जूनियर्स व 36 काउंसलर्स ने भाग लिया। शिविर का समापन राज्य महासचिव, डॉ. मुकेश अग्रवाल, भारतीय रैडक्रास सोसायटी, हरियाणा राज्य शाखा द्वारा बतौर मुख्य अतिथि किया गया। समापन समारोह में डॉ मुकेश अग्रवाल ने रैडक्रॉस के संस्थापक सर हैनरी डयूनांट की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित करते हुए कहा कि रेडक्रास एक अंतरराष्ट्रीय महान संस्था है। (अनंत ज्ञान)

## सोमालिया में होटल पर हमले में 32 लोगों की मौत

**मोगादिशु (सोमालिया)।** सोमालिया की राजधानी मोगादिशु में समुद्र तट पर स्थित एक होटल पर शुक्रवार शाम हुए हमले में 32 लोगों की मौत हो गई और 63 अन्य घायल हो गए। यह जानकारी पुलिस ने शनिवार को दी।

पुलिस प्रवक्ता मेजर अब्दिफतह अदन हस्सा ने बताया कि हमले में एक सैनिक की मौत हो गई और बाकी नागरिक थे। हसन ने बताया कि हमले में एक अन्य सैनिक घायल भी हुआ है। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि विस्फोट के बाद गोलीबारी हुई। अल-कायदा के पूर्वी अफ्रीका में सहयोगी संगठन अल-शबाब ने अपने रेडियो के माध्यम से कहा कि हमला उसके लड़ाकों ने किया।

## धामी ने पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश

**जगदीश शर्मा, देहरादून**

उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शनिवार को श्री गुरु राम राय इंटर कॉलेज, मोथरोवाला, देहरादून में उत्तराखंड के लोक पर्व 'हरेला' के उपलक्ष्य में आयोजित वृक्षारोपण कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। इस अवसर पर उन्होंने पौधा रोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि आज उत्तराखंड के साथ ही पूरे देश में हरेला पर्व मनाया जा रहा है। सनातन संस्कृति में प्रकृति को मां के रूप में पूजे जाने की परंपरा है। हम किसी न किसी रूप में प्रकृति का पूजन करते हैं, हरेला पर्व भी प्रकृति की सेवा का पर्व है।

उन्होंने कहा कि हमारी धरोहर एवं प्रकृति का संरक्षण जरूरी है। हरेला पर्व, प्रकृति को संरक्षित करने का संकल्प लेने का पर्व है। पेड़-पौधे हमारे जीवन के अभिन्न अंग हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रकृति के संरक्षण और पर्यावरण का संतुलन रखने के लिए जन सहभागिता से वृक्षारोपण करना होगा।




पौधरोपण से प्राकृतिक आपदाओं से बचाव होता है। आने वाली पीढ़ी के स्वच्छ वातावरण देने के लिए व्यापक स्तर पर वृक्षारोपण करना आवश्यक है। प्रदेश के किसी भी हिस्से में आपदा से संपूर्ण राज्य प्रभावित होता है। वनों की कटाई, जल स्रोतों का दूषित होने जैसी समस्याएं हमारे सामने है, जिसका समाधान पौधारोपण ही है। (अनंत ज्ञान)

# अमेरिका चुनाव: डेमोक्रेटिक पार्टी से कमला हैरिस राष्ट्रपति उम्मीदवार बनीं

**एजेंसी, वॉशिंगटन**

**अमेरिकी** चुनाव में डोनाल्ड ट्रंप के खिलाफ डेमोक्रेटिक पार्टी से भारतीय मूल की कमला हैरिस राष्ट्रपति उम्मीदवार होंगी। पार्टी में 1 अगस्त से शुरू हुई ऑनलाइन वोटिंग में 28 घंटे बाद ही उन्हें 2350 से ज्यादा डेलीगेट्स का समर्थन मिल गया है। इसके साथ उन्होंने बहुमत का आंकड़ा पार कर लिया है।



6 अगस्त को वोटिंग खत्म होने के बाद ही उनके आधिकारिक तौर पर राष्ट्रति उम्मीदवार बनने की घोषणा की जाएगी। कमला को चुनाव खत्म होने तक पार्टी के 99 फीसद यानी 3923 डेलीगेट्स का समर्थन मिलने की उम्मीद है। कमला अमेरिका के राष्ट्रपति पद के लिए चुनाव लड़ने वाली पहली अश्वेत महिला होंगी। शुक्रवार को बहुमत हासिल करने के बाद उन्होंने कहा कि मैं सम्मानित महसूस कर रही हूं। मैं अगले हफ्ते आधिकारिक तौर पर नॉमिनेशन स्वीकार करूंगी। कमला को बहुमत मिलने के बाद राष्ट्रपति बाइडेन ने कहा कि उन्हें उप राष्ट्रपति बनाना मेरे जीवन के सबसे बेहतरीन फैसलों में से एक था। अब वह हमारी पार्टी से राष्ट्रपति उम्मीदवार बन गई हैं। मुझे उन पर बेहद गर्व हो रहा है। हम जीत जरूर हासिल करेंगे। ट्रंप ने कहा कि उन्होंने अभी तक यह तय नहीं किया है कि उन्हें अपनी संभावित डेमोक्रेटिक प्रतिद्वंद्वी उपराष्ट्रपति कमला हैरिस के साथ बहस में भाग लेना है या नहीं। ट्रंप ने कहा कि हम अभी भी चुनावों में काफी आगे चल रहे है। वह (हैरिस) उनसे (जो बाइडेन) बेहतर हैं, लेकिन मुझे लगता है कि अंततः वह उनसे भी खराब होंगी। डेमोक्रेटिक नेशनल कमेटी के अध्यक्ष जैमे हैरिसन ने कहा कि मुझे यह पुष्टि करते हुए बहुत गर्व हो रहा है कि उपराष्ट्रपति हैरिस ने सभी सम्मेलन प्रतिनिधियों से बहुमत से अधिक वोट हासिल किए हैं।

## यूपीआई से एक दिन में हुआ 86,207 करोड़ का लेन-देन

**नई दिल्ली।** स्वदेशी भारतीय पेमेंट सिस्टम यूपीआई का चलन बढ़ता जा रहा है। 1 अगस्त को यूपीआई से कुल 86,207.47 करोड़ रुपए का लेन-देन हुआ और इस दौरान ट्रांजेक्शन की संख्या 49.27 करोड़ रही। नेशनल पेमेंट कॉरपोरेशन की ओर से यह जानकारी दी गई है। एनपीसीआई की ओर से जारी किए गए डाटा में बताया गया था कि जुलाई में यूपीआई से कुल 20.64 लाख करोड़ के लेन-देन हुए। इसमें सालाना आधार पर 35 प्रतिशत का इजाफा हुआ है। जून में यह आंकड़ा 20.07 लाख करोड़ रुपए पर था। मासिक आधार पर कुल यूपीआई लेनदेन की संख्या 4 प्रतिशत बढ़कर जुलाई में 14.44 अरब हो गई है, जो कि जून के महीने में 13.89 अरब थी।

## 9/11 के आतंकियों को मिलेगी सजा-ए-मौत

**एजेंसी, वाशिंगटन**

**9/11** के मास्टरमाइंड खालिद शेख मोहम्मद, वालिद बिन अताश और मुस्तफा अल-हौसावी को फांसी की सजा मिलेगी। अमेरिकी रक्षा सचिव लॉयड ऑस्टिन ने मास्टरमाइंड के साथ एक याचिका समझौते को रद्द कर दिया है। यह घटना उस समझौते के घोषणा के दो दिन बाद हुई है, जिसके तहत कथित तौर पर खालिद और तीन आतंकियों के मौत की सजा को खत्म कर दिया गया था।

**अमेरिका ने रद्द किया याचिका समझौता**

बुधवार को मोहम्मद और उनके दो कथित सहयोगियों के साथ हुए समझौतें से 11 सितंबर 2001 को मारे गए लोगों के कुछ रिश्तेदारों में गुस्सा भड़क गया। इस समय खालिद को क्यूबा के ग्वांतानामो व सैन्य अड्डे पर नजरबंद कर रखा है। पाकिस्तान में 2003 को खालिद की गिरफ्तारी हुई थी। अमेरिकी जांच एजेंसी सीआईए ने गोपनीय जेल में रख कर उनसे पूछताछ की गई थी। ऑस्टिन ने मामले की देखरेख करने वाली सुसान एस्केलियर को संबोधित एक ज्ञापन में कहा कि मैंने यह निर्धारित किया है कि अभियुक्तों के साथ पूर्व-परीक्षण समझौते में प्रवेश करने के निर्णय के महत्व के मद्देनजर, ऐसे निर्णय की जिम्मेदारी मुझ पर होनी चाहिए।

## प्रसारण सेवा विधेयक 'अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के लिए खतरा': पवन खेड़ा

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**कांग्रेस** के मीडिया एवं प्रचार विभाग के प्रमुख पवन खेड़ा ने आरोप लगाया कि प्रसारण सेवा (विनियमन) विधेयक अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता और स्वतंत्र मीडिया के लिए प्रत्यक्ष खतरा है। दावा किया कि यह 'अत्यधिक ऑनलाइन निगरानी' का मार्ग प्रशस्त करेगा। लोगों से सरकार की 'निरंकुशता' के खिलाफ आवाज उठाने का आग्रह किया।



सोशल मीडिया पर भी कई लोगों ने प्रस्तावित कानून के कुछ प्रावधानों के बारे में अपनी चिंता व्यक्त की है। हालांकि, सरकार का कहना है कि विधेयक अभी भी मसौदा के चरण में है और हितधारकों के साथ विचार-विमर्श जारी है। खेड़ा ने आरोप लगाया, प्रसारण सेवा (विनियमन) विधेयक हमारी अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता और स्वतंत्र मीडिया के लिए प्रत्यक्ष खतरा है।

## जम्मू में 'नार्को-टेरर' गिरोह से जुड़ने के आरोप में पांच पुलिस कर्मियों समेत छह बर्खास्त

**एजेंसी, श्रीनगर**

**जम्मू**-कश्मीर प्रशासन ने शनिवार को कथित मादक पदार्थ-आतंकवाद (नार्को-टेरर) गिरोह से जुड़े होने के आरोप में पांच पुलिसकर्मियों समेत छह सरकारी कर्मचारियों को बर्खास्त कर दिया।

अधिकारियों ने बताया कि जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने संविधान के अनुच्छेद 311(2)(सी) का इस्तेमाल कर उन्हें सेवा से बर्खास्त कर दिया।

अधिकारियों ने कहा कि जांच से पता चला है कि ये कर्मचारी पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी इंटर-सर्विसेज इंटेलिजेंस (आईएसआई) और उसकी यहां से संचालित आतंकी समूहों के 'नार्को-टेरर' गिरोह से जुड़े हुए थे।

## गैंगरेप के आरोपी मोईन खान की बेकरी पर चला बुलडोजर

**एजेंसी, अयोध्या**

**अयोध्या** में 12 साल की बच्ची के साथ गैंगरेप मामले में आरोपी सपा नेता मोईन खान के बेकरी पर बुलडोजर कार्रवाई हुई है।

जिला प्रशासन ने उसकी बेकरी पर बुलडोजर चला दिया है। इस मामले में योगी सरकार एक्शन मोड में आ गई है। शनिवार को खाद्य सुरक्षा विभाग के अधिकारियों ने आरोपी मोईन खान की बेकरी पर छापा मारा है। अधिकारियों ने बेकरी में बन रहे सामानों को जब्त कर इसे जांच के लिए भेज दिया है। वहीं, बेकरी को सील कर दिया गया है। बच्ची के साथ इसी बेकरी में उस पर गैंगरेप करने का आरोप लगा था। मालूम हो कि महिला सुरक्षा को लेकर यूपी की योगी सरकार काफी गंभीर है। योगी आदित्यनाथ ने 12 साल की बच्ची के साथ गैंगरेप मामले में सपा नेता मोईद खान का मुद्दा विधानसभा में भी उठाया था। उन्होंने समाजवादी पार्टी को घेरते हुए कहा था कि अब तक सपा नेता पर कार्रवाई क्यों नहीं हुई। योगी ने कहा था कि किसी भी दोषी को बख्शा नहीं जाएगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को पीड़ित के परिजनों से मुलाकात की थी। उन्हें भरोसा दिलाया कि दोषियों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई करेंगे।

**अमरनाथ यात्रा** जम्मू से 990 तीर्थयात्रियों का एक और जत्था रवाना, एक हफ्ते में संख्या में आई गिरावट

# अब तक 4.85 लाख भक्तों ने किए बाबा बर्फानी के दर्शन

**एजेंसी, जम्मू**

**दक्षिण** कश्मीर हिमालय में स्थित पवित्र अमरनाथ गुफा मंदिर में बाबा बर्फानी के दर्शन के लिए जम्मू स्थित भगवती नगर आधार शिविर से 990 से अधिक तीर्थयात्रियों का एक नया जत्था शनिवार को तड़के रवाना हुआ।

अधिकारियों ने बताया कि यह इस साल भगवती नगर आधार शिविर से वार्षिक अमरनाथ यात्रा के लिए रवाना होने वाला सबसे छोटा जत्था है और इसमें 152 महिलाएं शामिल हैं। अनंतनाग जिले के पारंपरिक 48 किलोमीटर लंबे पहलगाम मार्ग और गांदरबल



जिले के 14 किलोमीटर लंबे बालटाल मार्ग से वार्षिक अमरनाथ यात्रा 29 जून को शुरू हुई थी। अब तक 4.85 लाख से अधिक तीर्थयात्री 3,880 मीटर की ऊंचाई पर स्थित इस गुफा मंदिर में बाबा बर्फानी के दर्शन कर चुके हैं। प्राकृतिक रूप से निर्मित हिम शिवलिंग अब पूरी तरह से पिघल चुका है और इसे बीते एक हफ्ते में तीर्थयात्रियों की संख्या में लगातार आ रही गिरावट की मुख्य वजह माना जा रहा है।

अधिकारियों ने बताया कि लगभग 5,000 तीर्थयात्री अभी भी दैनिक आधार पर गुफा मंदिर में दर्शन करने पहुंच रहे हैं। अमरनाथ यात्रा 14 अगस्त को अपने अंतिम चरण में प्रवेश करेगी, जब भगवान शिव की पवित्र छड़ी 'छड़ी मुबारक' पहलगाम में यात्रा में शामिल होगी।

## अमेरिकी सीक्रेट सर्विस ने ट्रंप की सुरक्षा में हुई चूक को स्वीकारा

**वाशिंगटन।** अमेरिका की सीक्रेट सर्विस ने 13 जुलाई को पेनसिल्वेनिया में एक चुनावी रैली के दौरान पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की सुरक्षा में अपनी चूक को स्वीकार किया है। ट्रंप 13 जुलाई को पेनसिल्वेनिया में एक रैली में उस समय बाल-बाल बच गए, जब 20 वर्षीय एक हमलावर ने उन पर कई गोलियां चलाईं। इस हमले में वह जख्मी हो गए थे और उनके दाहिने कान के ऊपरी हिस्से पर चोट आई थी। अमेरिकी सीक्रेट सर्विस के कार्यवाहक निदेशक रोनाल्ड रोवे न कहा कि 13 जुलाई की घटनाओं में चूक के लिए सीक्रेट सर्विस पूरी तरह से जिम्मेदार है। यह एक मिशन विफलता थी।

## उत्तरी वेस्ट बैंक में इसराइली हवाई हमले में पांच फिलीस्तीनी मारे गए

**एजेंसी, जेइटा (वेस्ट बैंक)**

वेस्ट बैंक में किए गए एक इसराइली हवाई हमले में पांच फिलीस्तीनी मारे गए हैं। इजराइली सेना और फलस्तीनी मीडिया ने यह जानकारी दी। इजराइल के कब्जे वाले क्षेत्र वेस्ट बैंक में हिंसा बढ़ने के बीच यह हमला किया गया।

इजराइली सेना ने कहा कि उसके सैनिकों ने शनिवार सुबह उत्तर-पश्चिम वेस्ट बैंक के तुलकरम शहर के उत्तर-पश्चिम में एक ग्रामीण इलाके में पांच आतंकवादियों को ले जा रहे एक वाहन पर हमला किया क्योंकि वाहन में सवार लोग हमला करने के लिए जा रहे थे। समाचार एजेंसी 'एसोसिएटेड प्रेस' के एक पत्रकार और प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, यह विस्फोट फलस्तीनी गांवों जेइटा और क्फैफिन को जोड़ने वाली सड़क पर हुआ। जेइटा निवासी तैसर अब्दुल्ला ने कहा, "मैं सुबह काम पर जा रहा था और मैंने घर के पास विस्फोट की आवाज सुनी।"

आधिकारिक फिलीस्तीनी समाचार एजेंसी 'वाफा' की खबर के अनुसार, मारे गए पांच फलस्तीनियों के शवों को निकट के अस्पताल ले जाया गया और चार शव "इतने झुलस गए थे कि उनकी पहचान नहीं हो पाई।"

## पदक तालिक (टॉप-10)

| क्रम | देश | स्वर्ण | रजत | कांस्य | कुल |
|---|---|---|---|---|---|
| 01. | चीन | 13 | 09 | 09 | 31 |
| 02. | ऑस्ट्रेलिया | 12 | 07 | 05 | 24 |
| 03. | फ्रांस | 11 | 13 | 14 | 38 |
| 04. | ग्रेट ब्रिटेन | 10 | 10 | 10 | 30 |
| 05. | अमेरिका | 09 | 19 | 17 | 45 |
| 06. | कोरिया | 08 | 05 | 04 | 17 |
| 07. | जापान | 08 | 04 | 07 | 19 |
| 08. | इटली | 06 | 08 | 04 | 18 |
| 09. | नीदरलैंड | 05 | 04 | 04 | 13 |
| 10. | कनाडा | 03 | 03 | 06 | 12 |
| 47. | भारत | 00 | 00 | 03 | 03 |

## पेरिस ब्रीफ

### सिनियाकोवा और मचाक ने जीता गोल्ड



**पेरिस ।** चेक गणराज्य की कैटरीना सिनियाकोवा और टॉमस मचाक ने टाईब्रेकर तक खिंचे मैच में जीत दर्ज करके पेरिस ओलंपिक की टेनिस प्रतियोगिता का मिश्रित युगल का स्वर्ण पदक जीता। सिनियाकोवा और मचाक ने फाइनल में चीन के वांग जिन्यू और झांग झिझेन को 6-2, 5-7, 10-8 से हराया। ओलंपिक युगल में मानक तीसरे सेट के बजाय टाईब्रेकर का उपयोग किया जाता है। इनमें से कम से कम दो अंक का अंतर रखकर पहले 10 अंक बनने वाली टीम विजेता बनती है। सिनियाकोवा का ओलंपिक में यह दूसरा स्वर्ण पदक है। उन्होंने तीन साल पहले टोक्यो ओलंपिक खेलों में बारबोरा क्रेजिसिकोवा के साथ मिलकर महिला युगल का स्वर्ण पदक जीता था। सिनियाकोवा युगल विशेषज्ञ हैं। उन्होंने कुल नौ ग्रैंड स्लैम ट्रॉफियां जीती हैं। कनाडा की गैब्रिएला डाब्रोवस्की और फेलिक्स ऑगर अलियासिमे ने मिश्रित युगल का कांस्य पदक जीता। उन्होंने नीदरलैंड की डेमी शूअर्स और वेस्ले कूलहोफ को 6-3, 7-6 (2) से हराया।

### कनाडा की तैराक मैकिंटोश ने जीते गोल्ड




**पेरिस ।** कनाडा की 17 वर्षीय तैराक समर मैकिंटोश ने कभी नहीं सोचा था कि एक दिन वह अपनी आदर्श कैटी लेडेकी को स्वीमिंग पूल में पीछे छोड़ देंगी। पेरिस ओलंपिक में अपने शानदार प्रदर्शन से मैकिंटोश तैराकी की नई सनसनी बनकर उभरी हैं। उन्होंने पेरिस में 400 मीटर व्यक्तिगत मेडले और 200 मीटर बटरफ्लाई स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीते। एक वक्त ऐसा था जब मैकिंटोश अपने कमरे की दीवारों पर अमरीका की स्टार तैराक कैटी लेडेकी की तस्वीरें टांगा करती थीं और अब पेरिस ओलंपिक में वे हर स्पर्धा में उन्हें ही पीछे छोड़ कर खुद का दबदबा कायम कर रही हैं।

### अफगानिस्तान के जुडोका डोपिंग जांच में पॉजिटिव

**पेरिस।** अफगानिस्तान के जूडोका मोहम्मद शमीम फैजाद को पेरिस ओलंपिक में डोपिंग जांच में 'एनाबॉलिक स्टेरॉयड' के इस्तेमाल का दोषी पाया गया है। यह इन खेलों में डोपिंग का तीसरा मामला है। अंतरराष्ट्रीय जांच एजेंसी (आईटीए) ने शनिवार को बताया कि फैजाद ने अपने शुरुआती मुकाबले के बाद नमूना दिया था, जिसकी जांच में 'स्टैनोजोलोल' की पुष्टि हुई। फैजाद को हालांकि 81 किग्रा के मुकाबले में मंगलवार को ऑस्ट्रिया के वाचिद बोरचशविली से हार का सामना करना पड़ा था। हाल ही में अपना 22वां जन्मदिन मनाने वाले फैजाद अपने देश के तीन पुरूष और तीन महिला खिलाड़ियों के दल में अकेले खिलाड़ी है जो अफगानिस्तान में रहते है।

### सिर्फ 46 सेकेंड में बाउट छोड़ी, बचाई जान

**पेरिस ।** पेरिस ओलंपिक 2024 खेलों में अल्जारियाई मुक्केबाज इमाने खलीफ का जेंडर फिर विवादों में आ गया है। दरअसल, गुरुवार को महिलाओं के 65 किग्रा वर्ग के अंतिम-16 मैच में इमाने के दमदार मुक्के लगने के बाद इटली की एंजेला कैरिनी ने सिर्फ 46 सेकेंड में बाउट छोड़ दी और रिंग के बाहर निकल गई। एंजेला ने इमाने के जेंडर पर सवाल उठाते हुए कहा कि यह मैच बराबरी का नहीं था और मैंने अपनी जान बचाने के लिए बाउंट छोड़ने का फैसला किया



# मनु पदकों की हैट्रिक लगाने से चूकी

## 25 मीटर स्पोर्ट्स पिस्टल के शूटऑफ में चौथे स्थान पर रही

**एजेंसी, शेटराउ ( फ्रांस )**

ओलंपिक में पदकों की हैट्रिक लगाने का मनु भाकर का सपना शनिवार को यहां 25 मीटर स्पोर्ट्स पिस्टल में कांस्य पदक के लिए हंगरी की खिलाड़ी से शूटऑफ में पिछड़ने के बाद पूरा नहीं हो सका। 8 निशानेबाजों के करीबी फाइनल में मनु ने अपना सब कुछ झोंक दिया और कुछ समय के लिए शीर्ष स्थान पर भी रही लेकिन अपनी निरंतरता बरकरार नहीं रख सकीं।

इस 22 साल की खिलाड़ी ने हालांकि महिला 10 मीटर एयर पिस्टल और मिश्रित टीम 10 मीटर एयर पिस्टल में सरबजोत सिंह के साथ मिलकर दो कांस्य पदक जीत कर पहले ही इतिहास रच दिया है। वह एक ही ओलंपिक में दो पदक जीतने वाली पहली भारतीय है।

मनु पांच-पांच निशाने के 10 सीरीज के फाइनल में शुरुआती आठ सीरीज के बाद 28 अंक के साथ हंगरी की वेरोनिका मेजर के साथ संयुक्त रूप से तीसरे स्थान पर थी। इसके बाद शूटऑफ में मनु पांच में से तीन निशाना ही लगा सकी जबकि मेजर ने चार सटीक निशाने के साथ कांस्य पदक अपने नाम किया। मनु की शानदार लय को देखते हुए, उनके पदकों की हैट्रिक लगाने की उम्मीदें बहुत अधिक थीं। फाइनल की शुरुआत में छठे स्थान पर खिसकने के बाद भी वह वापसी करने में सफल रही। मनु की शुरुआत बेहद खराब रही वह शुरुआती सीरीज में पांच में से तीन निशाना चूक गई। इसके बाद दो सीरीज में चार-चार निशाने के साथ उन्होंने वापसी की। चौथा सीरीज से एलिमिनेशन चरण शुरू हुआ। मनु 7वें चरण (एलिमिनेशन का चौथा चरण) में कुछ समय के लिए तालिका में शीर्ष पर पहुंची।



"मैं वास्तव में नर्वस थी, लेकिन मैंने शांत चित्त रहकर अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने की कोशिश की, लेकिन यह पर्याप्त नहीं था।'' –मनु भाकर

दक्षिण कोरिया की जिन यांग ने तुरंत आठवें दौर में शीर्ष स्थान पर वापसी की जबकि दूसरे स्थान पर काबिज मनु पांच में से तीन निशाना लगाने के बाद वेरोनिका के साथ तीसरे स्थान पर खिसक गई। वह शूटऑफ में अपनी लय जारी नहीं रख सकी और करीबी अंतर से कांस्य पदक से चूक कर जयदीप करमाकर (पुरुषों की 50 मीटर राइफल प्रोन, 2012 लंदन), अभिनव बिंद्रा (पुरुषों की 10 मीटर एयर राइफल, 2016 रियो) और अर्जुन बबूता (10 मीटर एयर राइफल, 2024 पेरिस ओलंपिक) जैसे निशानेबाजों की सूची में शामिल हो गई।

इस स्पर्धा का स्वर्ण यांग और रजत फ्रांस की जेद्रजेजेव्स्की केमिली ने जीता। दोनों निशानेबाज 10 सीरीज के बाद 37-37 अंक की बराबरी पर थे लेकिन शूटऑफ में यांग ने स्थानीय निशानेबाज को पछाड़ दिया।

## सेमीफाइनल में सर्वश्रेष्ठ करना होगा लक्ष्य को

**पेरिस।** भारतीय बैडमिंटन की सनसनी लक्ष्य सेन रविवार को जब यहां पेरिस ओलंपिक खेलों के पुरुष एकल सेमीफाइनल में मौजूदा ओलंपिक चैंपियन विक्टर एक्सेलसन से भिड़ेंगे तो उन्हें अपने पहले स्वर्ण पदक की उम्मीदों को बरकरार रखने के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा।



सेन ने शुक्रवार को क्वार्टर फाइनल मैच में चीनी ताइपे के चाउ टीएन चेन को 19-21 21-15 21-12 से हराकर भारतीय बैडमिंटन में नया इतिहास रचा। वह ओलंपिक खेलों के व्यक्तिगत पुरुष एकल के सेमीफाइनल में जगह बनाने वाले पहले भारतीय खिलाड़ी हैं, लेकिन अब उनका सामना उस एक्सेलसन से है जिन्होंने पिछले कुछ वर्षों में अपने प्रतिद्वंदियों को कोई मौका नहीं दिया है।

डेनमार्क के इस 30 वर्षीय खिलाड़ी ने टोक्यो ओलंपिक में स्वर्ण पदक और रियो ओलंपिक में कांस्य पदक जीता था।

## चिराग–सात्विक के विफल रहने के बाद बो ने कोचिंग छोड़ी

**एजेंसी, पेरिस**

सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी के कोच मथियास बो ने भारत की शीर्ष बैडमिंटन जोड़ी के पेरिस ओलंपिक से बाहर होने के बाद कोचिंग से संन्यास लेने की घोषणा की।



सात्विक और चिराग गुरुवार को यहां पुरुष युगल क्वार्टर फाइनल में मलेशिया के आरोन चिया और सोह वूई यिक से 21-13, 14-21, 16-21 से हार गए। लंदन ओलंपिक के रजत पदक विजेता बो टोक्यो ओलंपिक से पहले चिराग और सात्विक के कोच के रूप में उनसे जुड़े थे।

डेनमार्क के 44 वर्षीय पूर्व खिलाड़ी बो ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर लिखा, ''मेरे लिए, कोचिंग के दिन यहीं खत्म हो जाते हैं, मैं कम से कम अभी भारत या कहीं और नहीं जारी नहीं रखूंगा। मैंने बैडमिंटन हॉल में बहुत अधिक समय बिताया है और कोच बनना भी काफी तनावपूर्ण है, मैं एक थका हुआ बूढ़ा आदमी हूं।''

## फुटबॉल : अर्जेंटीना को हराकर फ्रांस सेमीफाइनल में

**पेरिस ।** फ्रांस ने अर्जेंटीना को 1-0 से हराकर पेरिस ओलंपिक के पुरुष फुटबॉल सेमीफाइनल में जगह बना ली है। मैच के 5वें मिनट में माइकल ओलिसे के कॉर्नर किक के बाद फ्रांसीसी स्ट्राइकर जीन-फिलिप माटेटा ने हेडर से जोरदार हमला किया, जो मैच का एकमात्र गोल साबित हुआ।

इसके बाद अर्जेंटीना के लिए सबसे अच्छा मौका 36वें मिनट में आया, जब एक क्रॉस पर गेंद गोल के सामने अनमार्क सौंगोटौ मगासा को मिली, लेकिन डिफेंडर का क्लोज-रेंज हेडर बार के ऊपर से निकल गया। अब सेमीफाइनल में फ्रांस का मुकाबला मिस्र से होगा।

# दीपिका क्वार्टर फाइनल में हारी

## ओलंपिक तीरंदाजी में पदक का 36 साल का भारत इंतजार जारी

**एजेंसी, पेरिस**

भारत की अनुभवी खिलाड़ी दीपिका कुमारी को शनिवार को यहां दो बार बढ़त बनाने के बावजूद पेरिस खेलों की तीरंदाजी की महिला एकल स्पर्धा के क्वार्टर फाइनल में दक्षिण कोरिया की नैम सुहियोन के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा जबकि युवा भजन कौर भी प्री क्वार्टर फाइनल में हार गईं, जिससे ओलंपिक में तीरंदाजी पदक का भारत का 36 साल का इंतजार जारी रहा।



भारत की 23वीं वरीय दीपिका ने अंतिम-8 के मुकाबले में मौजूदा खेलों की महिला टीम स्पर्धा की स्वर्ण पदक विजेता और दूसरी वरीय सुहियोन के खिलाफ 4-2 की बढ़त बना रखी थी, लेकिन अंतत: 4-6 (28-26, 25-28, 29-28, 27-29, 27-29 ) से हार गई जिससे तीरंदाजी में एक बार फिर भारत का अभियान पदक के बिना ही खत्म हो गया।

सुहियोन को दीपिका को हराने के लिए अंतिम दो सेट जीतने थे और कोरिया की तीरंदाज ने बेहद दबाव के बीच चार बार 10 और दो बार नौ अंक के साथ दोनों सेट और मुकाबला अपने नाम किया। दीपिका ने इससे पहले प्री क्वार्टर फाइनल में जर्मनी की सातवीं वरीय मिशेल क्रोपेन को 6-4 से शिकस्त दी।

# शॉटपुट में फाइनल के लिए क्वालीफाई करने से चूके तेजिंदर पाल सिंह तूर

**एजेंसी, पेरिस**

दो बार के एशियाई खेलों के चैंपियन भारत के तेजिंदर पाल सिंह तूर पेरिस ओलंपिक में पुरुषों के शॉटपुट के फाइनल में क्वालीफाई नहीं कर सके।




जकार्ता और हांगझोउ एशियाई खेलों में स्वर्ण पदक जीतने वाले पंजाब के मोगा के 30 बरस के तूर ने पहले प्रयास में 18.05 मीटर का थ्रो फैंका, लेकिन बाकी दोनों प्रयास फाउल रहे। क्वालीफिकेशन दौर में 21.35 मीटर का थ्रो फैंकने या शीर्ष-12 स्थानों पर रहने वाले खिलाड़ियों ने फाइनल में जगह बनाई। वहीं महिलाओं की 5000 मीटर दौड़ में हांगझोउ एशियाई खेलों की स्वर्ण पदक विजेता पारूल चौधरी कुल 24वें और अंकिता ध्यानी 40वें स्थान पर रही और फाइनल में जगह नहीं बना सकीं। अंकिता ने हीट वन में 16:19. 38 मिनट का समय निकाला और वह आखिरी स्थान पर रही। वहीं पारूल ने सत्र का अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए 15:10.68 मिनट का समय निकाला, लेकिन 20 धावकों में 14वें स्थान पर रही। दोनों हीट से कुल 16 खिलाड़ियों ने फाइनल के लिए क्वालीफाई किया।

चौधरी पेरिस ओलंपिक में 3000 मीटर स्टीपलचेस में भी भाग ले रही हैं जिसकी हीट रविवार को होगी। उन्होंने विश्व रैंकिंग कोटा के जरिए 5000 मीटर के लिए क्वालीफाई किया था क्योंकि वह सीधे क्वालीफाई नहीं कर सकी थी। अंकिता भी विश्व रैंकिंग कोटा के जरिये खेल रही थीं।

## शीर्ष क्रम के बल्लेबाजों को गेंदबाजी के पर्याप्त मौके दिए जाएंगे : बहुतुले

**कोलंबो।** गेंदबाजी कोच साईराज बहुतुले ने संकेत दिया कि भारत अपने शीर्ष क्रम के बल्लेबाजों को गेंदबाजी का मौका देना जारी रखेगा क्योंकि इससे वह विरोधी टीमों के बल्लेबाजों को चौंका सकता है।

भारत ने श्रीलंका के खिलाफ टाई छूटे पहले एक दिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में शुभमन गिल को गेंदबाजी करने का मौका दिया था। इस सलामी बल्लेबाज ने एक ओवर किया जिसमें उन्होंने 14 रन दिए, लेकिन बहुतुले का मानना है कि आगे बढ़ने का यही तरीका है।

उन्होंने कहा ,''ईमानदारी से कहूं तो मुझे लगता है कि हमारे बल्लेबाज अच्छे गेंदबाज भी हैं। आप जानते हैं कि उनका मुख्य कौशल बल्लेबाजी है, इसलिए कई बार वे अपनी गेंदबाजी पर ज्यादा ध्यान नहीं देते हैं, लेकिन उनके पास गेंदबाजी करने का कौशल भी है।'' श्रीलंका ने भी यह रणनीति अपनाई। उसके कप्तान और मुख्य बल्लेबाज चरित असलांका ने 8.5 ओवर फेंके और 30 रन देकर तीन विकेट लिए

# पदक जीतने के बाद इगा टोरंटो टूर्नामेंट से हटी



**एजेंसी, टोरंटो**

विश्व में नंबर-1 महिला खिलाड़ी इगा स्वियातेक पेरिस ओलंपिक में कांस्य पदक जीतने के बाद अमेरिकी ओपन की तैयारी के सिलसिले में टोरंटो में खेले जाने वाले टेनिस टूर्नामेंट से हट गई।

स्वियातेक पहली खिलाड़ी नहीं है जिन्होंने नेशनल बैंक ओपन टूर्नामेंट से हटने का फैसला किया। उनसे पहले ग्रैंड स्लैम चैंपियन बारबोरा क्रेजिसिकोवा, एलेना रयबाकिना और मार्केटा वोंद्रोसोवा तथा जैस्मिन पाओलिनी, मारिया सकारी, डेनिएल कोलिन्स और कैरोलिन गार्सिया ने भी इस टूर्नामेंट से नाम वापस ले लिया था। स्वियातेक अभी तक पांच ग्रैंड स्लैम खिताब जीत चुकी हैं। वह फ्रैंच ओपन में चार बार जबकि अमेरिकी ओपन में एक बार महिला एकल चैंपियन रही है।

उन्होंने कहा,''मुझे यह घोषणा करते हुए खेद हो रहा है कि पिछले कुछ सप्ताहों के व्यस्त कार्यक्रम के कारण मुझे टोरंटो टूर्नामेंट से हटना पड़ रहा है।''

**श्रीलंका दौरा** | भारत का श्रीलंका के खिलाफ तीन मैचों की सीरीज का दूसरा वनडे आज

# स्पिनरों से पार पाना होगा टीम इंडिया को

**एजेंसी, कोलंबो**

भारत को अगर श्रीलंका के खिलाफ दबदबा बनाए रखना है तो उसे रविवार को यहां होने वाले दूसरे एकदिवसीय अंतराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में स्पिनरों और धीमी पिच से निपटने का तरीका ढूंढना होगा। भारत शुक्रवार को खेले गए पहले वनडे मैच में 231 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए एक समय तीन विकेट पर 130 रन बनाकर अच्छी स्थिति दिख रहा था, लेकिन इसके बाद श्रीलंका के स्पिनर हावी हो गए और भारतीय टीम 230 रन पर आउट हो गई जिससे यह मैच टाई रहा।




मैच दोपहर 2.30 बजे से

रोहित शर्मा ने आक्रामक अंदाज में बल्लेबाजी की, लेकिन इसके बाद श्रीलंका के स्पिनरों ने अपनी रणनीति पर अच्छी तरह से अमल किया। भारत ने उनका सामना करने के लिए विराट कोहली, केएल राहुल और श्रेयस अय्यर को उतारा जिन्हें स्पिन गेंदबाजों के खिलाफ काफी सफलता मिली है। इन तीनों को किसी तरह की परेशानी नहीं हुई, लेकिन वे स्वच्छंद होकर बल्लेबाजी नहीं कर पाए। कोहली पर बाएं हाथ के स्पिनर डुनिथ वेलालेज और लेग स्पिनर वानिंदु हसरंगा ने लगाम कसे रखी।

पिच काफी धीमा खेल रही थी और ऐसे में स्पिनर का सामना करना आसान नहीं था। यहां तक के बाद में मुख्य रूप से बल्लेबाज श्रीलंकाई कप्तान चरित असलांका ने भी गेंदबाजी की और तीन महत्वपूर्ण विकेट लेकर मैच को टाई कराया। भारतीय बल्लेबाजों को साझेदारी निभाने की जरूरत थी, लेकिन वह इसमें नाकाम रहे।

दूसरी तरफ श्रीलंका के पाथुम निसांका और वेलालेज ने दूसरे छोर पर विकेटों की झड़ी के बावजूद अर्धशतक जमा कर दिखाया कि इस तरह के विकेट पर किस तरह से बल्लेबाजी करनी चाहिए। उन्होंने कुलदीप यादव, अक्षर पटेल और वॉशिंगटन सुंदर का प्रभावी ढंग से सामना किया।

शुभमन गिल सहित भारत के चार स्पिनरों ने 30 ओवर में 126 रन देकर चार विकेट लिए जबकि श्रीलंका की तरफ से स्पिन गेंदबाजों 37.5 ओवर किए और 167 रन देकर 9विकेट लिए। भारतीय स्पिनरों को रन रोकने के साथ ही विकेट हासिल करने पर भी ध्यान देना होगा।

### संभावित टीमें

**भारत।** रोहित शर्मा (कप्तान), शुभमन गिल (उपकप्तान), विराट कोहली, केएल राहुल (विकेटकीपर), ऋषभ पंत (विकेटकीपर), श्रेयस अय्यर, शिवम दुबे, कुलदीप यादव, मोहम्मद सिराज, वाशिंगटन सुंदर, अर्शदीप सिंह, रियान पराग, अक्षर पटेल, खलील अहमद, हर्षित राणा।

**श्रीलंका ।** चरित असलांका (कप्तान), पाथुम निसांका, अविष्का फर्नांडो, कुसल मेंडिस, सदीरा समरविक्रमा, कामिंदु मेंडिस, जेनिथ लियानगे, निशान मदुश्का, वानिंदु हसरंगा, डुनिथ वेलालेज, चमिका करुणारत्ने, महीश थीक्षाना, अकिला धनंजय, दिलशान मदुशंका, मथीशा पथिराना, असिथा फर्नांडो।

